
# देशबन्धु

जबलपुर,गुरुवार 07 दिसम्बर 2023 | वर्ष –68 | अंक –27 पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ किताब के बहाने...
■ आसमान में सूराख... 04
■ भारतीय मूल की उपन्यासकार को सिंगापुर...
■ हमास पर हमले के बीच इजरायल ने... 09
■ नवम्बर में 10 प्रतिशत महंगी हुई शकाहारी...
■ शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स रिकॉर्ड... 11
■ दक्षिण अफ्रीका दौरे पर...
■ भारत ने न्यूजीलैंड को... 10

## जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक अब लोकसभा में पास

# नेहरू की गलती से बना पीओके, वरना आज होता भारत का हिस्सा : अमित शाह



## गृहमंत्री के बयान पर भड़के विपक्ष ने किया वॉकआउट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर से जुड़े दो नए बिलों पर चर्चा की। इसपर बात करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। संबोधन में शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाना कुछ लोगों को खटक गया है। जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक अब लोकसभा में पास हो गया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीओके हमारा है और सारा का सारा है। उन्होंने कहा कि पहले जम्मू में 37 सीटें थीं, अब 43 हैं। कश्मीर में पहले 46 थीं, अब 47 हैं और पीओके में 24 सीटें आरक्षित की गई हैं क्योंकि पीओके हमारा है।

### पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है...हमने अभी से 24 सीटें आरक्षित कीं

अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन अधिनियम 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक 2023 सत्तर वर्षों से जिन पर अन्याय हुआ, जो अपमानित हुए और जिनकी अनदेखी की गई उनको न्याय दिलाने का बिल है। धारा 370 वहां 45 हजार लोगों की मौत की जिम्मेदार थी, जिसे मोदी सरकार ने उखाड़ फेंका। अमित शाह ने यहां कांग्रेस पर निशाना भी साधा। शाह ने कहा- पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की समस्या पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की वजह से हुई। पूरा कश्मीर हाथ आए बिना सीजफायर कर लिया था वरना वह हिस्सा कश्मीर का होता। शाह के इस बयान पर सदन में हंगामा भी हुआ, इसके बाद विपक्ष ने लोकसभा से वॉकआउट कर लिया था। शाह बोले कि बिल के नाम के साथ सम्मान जुड़ा है, इसे वही लोग देख पाते हैं, जो अपने से पीछे रह गए लोगों की अंगुली पकड़ कर संवेदना के साथ उन्हें आगे बढ़ाना चाहते हैं। वो लोग इसे नहीं समझ सकते, जो इसका उपयोग वोटबैंक के लिए करते हैं।

### अधीर रंजन ने दी चुनौती, शाह ने स्वीकारी

लोकसभा में चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी बोले कि मैं चुनौती देता हूं कि- एक तारीख तय की जाए और कश्मीर मामले पर नेहरू के योगदान पर बहस हो। चौधरी ने दावा किया कि कुछ भाजपा नेता नेहरू पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने कश्मीर मामले को सही से हैंडल नहीं किया था। इसपर शाह ने तुरंत जवाब दिया। वह बोले कि सरकार ये चुनौती स्वीकार करती है और अभी बहस को तैयार है।

## सार संक्षेप

### कश्मीर: लश्कर के आतंकवादी सहयोगी की आवासीय भूमि कुर्क

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में लश्कर-ए-तैयबा के एक कथित आतंकवादी सहयोगी की आवासीय भूमि को कुर्क कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादी सहयोगी इरफान अहमद भट के परिवार की 14 मरला आवासीय भूमि को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अष्टेंगू बांदीपोरा में कुर्क किया गया था। अधिसूचना के अनुसार, कश्मीर के संभागीय आयुक्त के पुष्टिकरण आदेश द्वारा इस सप्ताह दो दिसंबर को खसरा नंबर 1441 के तहत 14 मरला भूमि अष्टेंगू तहसील के निवासी मुख्तार भट्ट पुत्र मोहम्मद रमजान भट्ट निवासी (आरोपी के पिता) के नाम पर दर्ज की गई है।

### सुखदेव सिंह हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिन दहाड़े श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगमेड़ी की हत्या कर देने के मामले की सघन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने आज इस मामले की सघन जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एन एम के पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की। श्री मिश्रा ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों अभियुक्त की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होते ही दोनों अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित होगा और इन अभियुक्तों के बारे में जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपए का इनाम मिलेगा।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** भाजपा ने फिर नेहरू पर हमला शुरू कर दिया है।
**चुहिया- हां प्रिये-**तीन राज्यों की सफलता और 2024 के चुनाव को देखते हुए अब चौके-छक्के तो लगेंगे ही।



## अब तक 20 की मौत

### सेना हेलीकाप्टर से पहुंचा रही खाना, 72 घंटे से बिजली, इंटरनेट बंद

# दक्षिण भारत में 40 लाख लोग प्रभावित

**नई दिल्ली।** चक्रवात मिचौंग मंगलवार, 6 दिसंबर को तट को पार करने के बाद मध्य तटीय आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु पर एक दबाव में बदल गया है, जिससे बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है और लोग इसके प्रभावों से जूझ रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, चक्रवात मिचौंग के प्रभाव से 194 गांवों और दो कस्बों के लगभग 40 लाख लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए, जिनमें 25 गांवों में बाढ़ भी शामिल है। इस बीच, चेन्नई में मिचौंग चक्रवात के कारण हुई बारिश संबंधी घटनाओं में कम से कम 12 लोगों की जान चली गई। हालांकि, मंगलवार को कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन, आंध्र प्रदेश राज्य आपदा



प्रबंधन प्राधिकरण के निदेशक बीआर अंबेडकर ने कहा कि सोमवार, 4 दिसंबर को तिरूपति जिले में एक झोपड़ी की दीवार गिरने से एक >>शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना जताई, कहा- मेरी प्रार्थनाएं आपके साथ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर ट्वीट करके कहा, मेरी संवेदनाएं उन लोगों के परिवारों के साथ है जिन्होंने चक्रवात मिचौंग के कारण अपने प्रियजनों को खो दिया है, खासकर तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के लोगों के साथ है। मेरी प्रार्थनाएं इस चक्रवात में घायल या प्रभावित लोगों के साथ हैं। अधिकारी प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जमीन पर अथक प्रयास कर रहे हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक अपना काम जारी रखेंगे।

# नए मुख्यमंत्रियों के लिए मैराथन बैठकें

**नई दिल्ली, भोपाल, देशबन्धु।** हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में बड़ी जीत हासिल करने के बाद अब तक यह सस्पेंस बना हुआ है कि- मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में मुखिया की कमान किसे सौंपी जायेगी। अलग-अलग सूत्रों के हवाले से कयास भी अलग-अलग लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही दिल्ली में इन सूबों के मुख्यमंत्रियों का फैसला करने के लिए मैराथन बैठकें चल रही हैं। प्रधानमंत्री निवास पर अमित शाह और जेपी नड्डा की उपस्थिति में लम्बी बैठक हुई लेकिन तय क्या हुआ? इसकी भनक अब तक शायद किसी को नहीं लग सकी है। इसके अलावा अलग-अलग बैठकें भी जारी हैं। अलबत्ता छन-छनकर यह बातें जरूर सामने आ रही हैं कि इसमें भी भाजपा कोई चौंकाने वाला निर्णय लेते हुए नए चेहरों को आगे कर सकती है। उधर कहा यह भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव तक संभव है कि पुराने चेहरों पर ही दांव लगाया जाये।

खबरों में कहा जा रहा है कि भाजपा तीनों राज्यों में लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री का चेहरा तय करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर साढ़े चार घंटे तक इसी विषय में मीटिंग में हुई थी। इस मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा चीफ जेपी नड्डा भी मौजूद थे। एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ तीनों ही राज्यों के परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए गए थे। शिवराज, वसुंधरा और रमन सिंह यहां के सीएम रह चुके हैं। इन राज्यों में सीएम फेस के चयन के लिए अमित शाह और जेपी नड्डा वहां के इंचार्ज से भी फीडबैक ले चुके हैं। कहा जा रहा है कि भाजपा लीडरशिप इन तीनों राज्यों के लिए जल्द ही पर्यवेक्षक नियुक्त कर सकती है। ये पर्यवेक्षक सभी नए विधायकों के साथ मीटिंग करेंगे।

**पूर्व मुख्यमंत्रियों के अलावा रेस में कौन**-एमपी में शिवराज के अलावा प्रह्लाद पटेल, ज्योदिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर और कैलाश विजयवर्गीय के नाम पर अटकलों का बाजार गर्म है। राजस्थान में वसुंधरा के अलावा ओम बिड़ला, गजेंद्र शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, सीपी जोशी, दीया कुमारी और बालकनाथ के नाम की चर्चा है। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के अलावा अरुण कुमार साय, धर्मलाल कौशिक, पूर्व आईएएस अधिकारी ओपी चौधरी सीएम रेस में माने जा रहे हैं। हालांकि सीएम कौन होगा इस पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता क्योंकि भाजपा लीडरशिप चौंकाने के लिए पहचानी जाती है।

## छिंदवाड़ा पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज ने धोए महिलाओं के पैर



*शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा को मध्य प्रदेश में जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में लग गए हैं। ऐसे में वो बुधवार को छिंदवाड़ा में एक सार्वजनिक बैठक में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान सीएम शिवराज महिलाओं के पैर धोए। मध्य प्रदेश में बंपर जीत के बाद शिवराज सिंह चौहान ने मिशन 2024 का आगाज कर दिया है। शिवराज छिंदवाड़ा पहुंचे जहां की सातों सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है। छिंदवाड़ा में शिवराज ने एक जनसभा की।*

*इस दौरान उन्होंने महिलाओं के पैर धोए। यहां उन्होंने एक बैठक में हिस्सा लिया। छिंदवाड़ा में पकड़ जमाने के लिए सीएम शिवराज यहां लोगों से मिले और जनसभा को भी संबोधित किया। छिंदवाड़ा में एक सार्वजनिक बैठक में सीएम शिवराज ने कहा कि आज से हम मिशन 29 शुरू कर रहे हैं।*

## विधानसभा चुनाव जीतने वालों ने छोड़ी सांसदी

### अब तक 11 सांसदों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 सांसद चुनाव जीते, जबकि 9 हार गए। जीते हुए 12 सांसदों में से 11 ने बुधवार को लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। सिर्फ राजस्थान से चुनाव जीतने वाले बालकनाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। संसद सदस्यता छोड़ने वालों में मध्य प्रदेश से नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। वहीं छत्तीसगढ़ से अरुण साव, रेणुका सिंह और गोमती साय जबकि राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल हैं।

### भाजपा के 21 सांसद चुनाव लड़े थे, 12 जीते

**रेवंत का भी संसद सदस्यता से इस्तीफा**-तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने भी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रेवंत कल तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजस्थान से भाजपा की तरफ से सात सांसदों ने चुनाव लड़ा। जिनमें बाबा बालकनाथ, किरोड़ीलाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भागीरथ चौधरी, नरेंद्र खीचड़ और देवजी पटेल शामिल थे। इन सात में से सिर्फ चार ही चुनाव जीत सके। चुनाव जीतने वालों में राज्यवर्धन, बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ीलाल का नाम है। राजस्थान से जिन तीन सांसदों ने इस्तीफा दिया है, वे संसद सदस्यता छोड़कर विधानसभा की सदस्यता लेंगे।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ। पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## मौसम पहाड़ियां चांदी सी चमक रहीं

# पहाड़ों पर बर्फबारी, केदारनाथ धाम में 1 फीट तक बर्फ जमी

**बागेश्वर, (एजेंसियां)।** उत्तराखंड में मौसम बदल गया है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर जारी है। केदारनाथ, बदरीनाथ में बर्फबारी के चलते पहाड़ों पर सफेद चादर बिछ गई है। पहाड़ियां चांदी सी चमक रही हैं।

केदारनाथ धाम में तो 1 फीट तक बर्फ जम गई है, जिसके कारण वहां चल रहे निर्माण कार्य को रोकना पड़ा है। इतना ही नहीं केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में रात का तापमान माइनस 8 तक पहुंच गया है, जिसके कारण वहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके अलावा उच्च पहाड़ी इलाकों में भी बर्फबारी का दौर जारी है। बागेश्वर जिले में भी बर्फबारी हो रही है। बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील के पिंडर घाटी में ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी हुई है। बागेश्वर के चिल्ठा चॉप की चोटियां बर्फ से ढक गई हैं। राज्य में तापमान तेजी से गिरता जा रहा है, मैदानी इलाकों में भी तापमान कम होने लगा है। बारिश के साथ ही हिमपात से कड़ाके की



ठंड पड़ रही है। ठंड से बचने के लिए लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। साथ ही हीटर और अलाव का भी उपयोग कर रहे हैं। मंगलवार को मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। जिसके बाद मंगलवार शाम को आसमान में बादल छाए और रात में सभी क्षेत्रों में बारिश हुई। कपकोट तहसील में तीन हजार मीटर की उंचाई पर चिल्ठा मंदिर के साथ ही जातोली, बैलुनी बुग्याल, फुरकिया और पिंडारी जीरो प्वाइंट में हिमापात हुआ है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई है, लेकिन उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। चिल्ठा टॉप बर्फ से पूरी तरह ढंक गया है। यहां स्थित मंदिर परिसर भी बर्फ के आगोश में डूब गया है।

जिला आपदा अधिकारी शिखा सुयाल ने कहा कि मौसम विभाग ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी। तहसील कपकोट के उच्च हिमालयी गांवों में बर्फबारी होने के समाचार मिले हैं।

उन्होंने बताया कि मौसम को देखते हुए सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। खाद्य पूर्ति की व्यवस्था वहां पहले ही की जा चुकी है। बर्फबारी अधिक हुई तो सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी मशीनें भी तैनात की जाएंगी।

# देश-विदेश

## गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित कोई सुरक्षित क्षेत्र नहीं है : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने अमेरिका के इस दावे का खंडन किया है कि गाजा में नागरिकों को उसके द्वारा नामित सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर के सुझाव के जवाब में कि गाजावासियों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित स्थलों में शरण लेनी चाहिए, जिन्हें इज़राइल ने विसंघर्ष क्षेत्र के रूप में सूचीबद्ध किया है, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि गाजा में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है। दुजारिक ने कहा, स्पष्ट कर दें कि गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित कोई सुरक्षित क्षेत्र नहीं है। मुझे लगता है कि महासचिव सहित मेरे सभी वरिष्ठ सहयोगियों ने बहुत स्पष्ट कहा है कि गाजा में कोई सुरक्षित स्थान नहीं है।

### इज़राइल ने जारी किया नया आंकड़ा

## गाजा आतंकियों के पास अभी भी 138 बंधक

**तेल अवीव।** इजराइल हमास के बीच एक बार फिर संघर्ष शुरू हो चुका है। इस बीच इजराइली अधिकारियों का कहना है कि गाजा आतंकवादियों ने अभी भी 138 लोगों को बंधक बना रखा है। इससे पहले, इजराइली अधिकारियों ने कहा था कि 137 बंधक अभी भी गाजा पट्टी के अंदर हैं और इनमें 20 महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। वहीं अधिकारियों ने बताया कि इजराइल ने अब गाजा आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए 138 लोगों की गिनती की है। इस सूची में एक व्यक्ति को जोड़ा गया, जिसे पहले हमास के 7 अक्टूबर के हमलों के बाद से लापता माना गया था।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने अपडेट्स संख्या जारी की है, लेकिन 138वें बंधक की पुष्टि के बारे में या इजराइली अधिकारी उनकी स्थिति को कैसे सत्यापित करने में कामयाब हुए, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई।

**7 अक्टूबर को हमला-** अधिकारियों का कहना है कि 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमले के बाद फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने लगभग 240 लोगों (इजराइली और विदेशी दोनों) को बंधन बना लिया था। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे।

**गाजा की कैद से 105 बंधक रिहा-** वहीं बता दें कि नवंबर के अंत में शुरू हुए सात दिवसीय संघर्ष विराम में गाजा की कैद से 105 बंधकों को रिहा किया गया। इनमें 80 बंधकों को इजराइली जेलों में बंद 240 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में रिहा किया गया था। वहीं संघर्ष विराम से पहले पांच बंधकों को मुक्त कर दिया गया था, जिनमें से एक को इजराइली ऑपरेशन में बचाया गया था।

## इज़राइल ने बनाया नया प्लान, सुरंगों से खुद बाहर आएंगे हमास आतंकी



**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग रुकने का नाम नहीं ले रही है। इजराइल लगातार गाजा में ताबड़तोड़ हमले कर हमास के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर रहा है। इस बीच इजराइल ने हमास के खात्मे के लिए एक नया प्लान बनाया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइल गाजा पट्टी में हमास के सुरंगों के नेटवर्क में बाढ़ लाने की योजना बना रहा है और इसके लिए बड़े बड़े पंप इकट्ठे किए हैं।

इजराइल के इस कदम का मकसद भूमिगत सुरंगों के जाल के अंदर से हमास के लोगों को खदेड़ना है और गाजा की जल आपूर्ति को भी प्रभावित करना है। इसके लिए इजराइल ने गाजा पट्टी के नीचे हमास की सुरंगों को भूमध्य सागर से पंप किए गए समुद्री पानी से भरने की योजना तैयार की है। इसके लिए इजराइली सेना ने प्लान बनाया है, जिसके मुताबिक वो सुरंगों में समुद्र का पानी भरेगा, जिससे हमास के आतंकियों को इनसे बाहर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

**हमास के खात्मे का नया प्लान-** एक यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सरकार के अधिकारी ने बाढ़ की योजना पर सहमति दे दी है। इसके लिए इजराइली सेना कई इंजीनियरिंग उपायों को अपनाकर काम कर रही है। बताया जा रहा है कि आईडीएफ विभिन्न सैन्य और तकनीकी उपकरणों का उपयोग करके विभिन्न तरीकों से हमास की आतंकी क्षमताओं को खत्म करने के लिए काम कर रहा है।

**सुरंगों में छोड़ा जाएगी पानी-** वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में बताया गया है कि इजराइली सेना ने गाजा शहर में शरणार्थी शिविर के पास पंप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि ये पंप हर घंटे हजारों क्यूबिक मीटर पानी पंप करके सुरंग में पहुंचा जा सकते हैं जिनसे सुरंग में बाढ़ आ जाएगी जिससे अंदर छुपे आतंकी बाहर आने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

**गाजा में इजराइल कर रहा हमले-** 7 अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजराइल लगातार हमास के ठिकानों को तबाह कर रहा है। इजराइली सेना गाजा में जमकर बमबारी कर रही है। इस दौरान हमास के कई बड़े कमांडरों की मौत हो गई, वहीं इन हमलों में करीब 1500 से ज्यादा बेकसूर लोगों की मौत हो चुकी है।

### भारत सरकार की बड़ी कार्रवाई

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर फ्रॉड करने वाली 100 से ज्यादा वेबसाइट्स को किया ब्लॉक

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय में पार्ट टाइम जॉब और निवेश के नाम पर कई सारे फ्रॉड के मामले सामने आए हैं। अब इस कड़ी में भारत सरकार की तरफ से एक बड़ा एक्शन लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस दिशा में कड़ा कदम उठाते हुए करीब 100 से ज्यादा ऐसी वेबसाइट्स को ब्लॉक कर दिया है जो पार्ट टाइम जॉब और अवैध निवेश के नाम पर लोगों से ठगी कर रही थीं।

बताया जा रहा है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जो वेबसाइट्स ब्लॉक की गई है उन्हें देश के बाहर से ऑपरेट किया जा रहा था। आपको बता दें कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत इन वेबसाइट्स को ब्लॉक किया है। गृहगृ मंत्रालय से जुड़े नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिसिस यूनिट के यूनिट इंडियन साइबरक्राइम कॉर्डिनेशन सेंसर ने पिछले सप्ताह इन वेबसाइट्स को ब्लॉक करनेकी मांग की थी। ढ्ढ4ष्ट की तरफ से बताया गया था कि ये वेबसाइट्स यूजर्स को गलत तरीके से जॉब और निवेश का झांसा दे रही हैं और उन्हें ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि ये सभी वेबसाइट लोगों को झांसे में फंसाने के लिए एडवर्टाइजमेंट, चैट मैसेंजर्स और रेंट पर लिए गए अकाउंट्स का सपोर्ट ले रही थीं। बयान में बताया गया कि आर्थिक धोखाधड़ी से कमाई गई रकम का क्रिप्टो करेंसी, विदेशी एटीएम निकासी और कई सारी अंतराष्ट्रीय कंपनियों के जरिए भारत से बाहर धन शोधन किया जा रहा था।

## वेस्ट बैंक में हिंसा पर अमेरिका सख्त, इजराइली नागरिकों के वीजा पर लगाया बैन

**वाशिंगटन।** हमास से जंग में इजराइल के साथ खड़े नजर आने वाले अमेरिका ने उसके ही खिलाफ एक अप्रत्याशित दंडात्मक कदम उठाया है। अमेरिका ने मंगलवार को ऐलान किया कि कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों पर हालिया हमलों में शामिल वहां बसे कट्टरपंथी यहूदियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया जाएगा।

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पिछले हफ्ते इजराइल को दी गई उस चेतावनी के बाद इस कदम की घोषणा की, जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रपति जो बाइडन का प्रशासन हमलों पर कार्रवाई करेगा। ब्लिंकन ने व्यक्तिगत वीजा प्रतिबंधों की घोषणा नहीं की, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि इस हफ्ते अमेरिका आने वाले और वेस्ट बैंक में बसने वाले दर्जनों लोग और उनके परिवार फैसले से प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि हमने इजराइली सरकार को वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ हिंसक हमले करने वाले चरमपंथी निवासियों को जवाबदेह बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## 400 रोहिंग्याओं को लेकर जा रही दो नौकाएं समुद्र में भटकीं



**बैंकॉक, (एजेंसी)** अंडमान सागर में दो नावें अपना मार्ग भटक गई हैं जिन पर तकरीबन 400 रोहिंग्या मुसलमान सवार हैं और उन्हें बचाने के लिये तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो पर्याप्त खाद्य सामग्री नहीं होने के कारण उनकी मौत हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और सहायता कर्मियों की तरफ से यह जानकारी दी गई। आम तौर पर बांग्लादेश के गंदे और भीड़भाड़ वाले शरणार्थी शिविरों से भागने वाले रोहिंग्या मुसलमानों की संख्या पिछले साल खाने के राशन में कटौती और गिरोह से जुड़ी हिंसा में वृद्धि के बाद से बढ़ रही है।

एजेंसी के बैंकॉक स्थित क्षेत्रीय प्रवक्ता बाबर बलोच ने बताया, %अगर इन हताश लोगों को बचाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया तो लगभग 400 बच्चे, महिलाएं और पुरुष मौत की ओर बढ़ रहे हैं।% उन्होंने कहा कि नावें स्पष्ट रूप से बांग्लादेश से चली थीं और बताया जाता है कि वे लगभग दो सप्ताह से समुद्र में हैं। संपर्क किए जाने पर दो नावों में से एक के कप्तान ने कहा कि उसमें 180 से 190 लोग सवार हैं। अपना नाम मान नोकिम बताने वाले कप्तान ने कहा कि उनके पास खाना-पानी नहीं है और नाव का इंजन भी खराब है। रविवार को नाव थाईलैंड के पश्चिमी तट से 320 किलोमीटर दूर थी। दूसरी नौका से कोई संपर्क नहीं हो पाया है।

## भारत की जांच के नतीजों का उत्सुकता से इंतजार : अमेरिका

### खालिस्तानी आतंकी पन्नू को जान से मारने की साजिश का मामला

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश की भारत की जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक है और जांच खत्म होने से पहले कोई आकलन नहीं करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को अपनी न्यूज ब्रीफिंग में कहा, हमने इस सरकार के सबसे वरिष्ठ स्तर पर संदेश दिया है - विदेश मंत्री ने सीधे अपने विदेशी समकक्ष (भारत के विदेश मंत्री) के समक्ष इसे उठाया है कि हम इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेते हैं।

राजनयिक स्तर पर मामले के घटनाक्रम पर एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, उन्होंने सार्वजनिक रूप से जांच की घोषणा की है। और अब हम जांच के नतीजे देखने का इंतजार करेंगे, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके लिए कानून प्रवर्तन मामले पर टिप्पणी करना अनुचित होगा क्योंकि न्याय विभाग अदालत में मामला पेश कर रहा है। मिलर ने संवाददाताओं से कहा, हम उस (भारत की) जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक हैं और मैं जांच पूरी होने से पहले जाहिर तौर पर कोई आकलन नहीं करने जा रहा हूं। यह टिप्पणी व्हाइट हाउस के उस बयान के एक सप्ताह बाद आई है जिसमें कहा गया था कि वह इन आरोपों को बहुत गंभीरता से लेता है कि एक भारतीय उसकी धरती पर खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की नाकाम कोशिश में शामिल था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मिचौंग तूफान से....

चार वर्षीय लड़के की मौत हो गई और बापटला जिले में एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई; हालाँकि, पुलिस अधीक्षक वकुल जिंदल ने कहा कि यह चक्रवात से संबंधित मौत नहीं है। चक्रवात मिचौंग के पड़ोसी आंध्र प्रदेश के तट को पार करने के बाद मंगलवार को ओडिशा के दक्षिणी जिले अलर्ट पर थे और चक्रवात के प्रभाव में बारिश की तीव्रता बढ़ गई। राज्य सरकार ने प्रभावित जिलों के लिए राहत प्रयासों के लिए 23 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। चेन्नई और उसके आसपास के इलाकों में चक्रवात मिचौंग के कारण हुई भारी तबाही को देखते हुए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5,060 करोड़ रुपये की तत्काल वित्तीय मदद का अनुरोध किया। चेन्नई में बारिश बंद हुए एक दिन से ज्यादा हो गया है, लेकिन तमिलनाडु की राजधानी से अभी तक पानी नहीं उतरा है। शहर में बाढ़ राहत कार्यों के लिए भारत वायु सेना के चेतक हेलीकॉप्टरों को तैनात किया गया है।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**(ई-निविदा सूचना संख्या वरि.भंडार आपूर्ति हेतु म.सा.प्र./ईपीएस/48/2023)**

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई-निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। (1) निविदा संख्या: 94235985 संक्षिप्त विवरण: Supply, Installation, Commissioning of Automatic Ticket Vending Machine (ATVM) as per attached CRIS specification with 05 years of Comprehensive onsite warranty & Support services of Smart Card operated Ticket Vending Machines (ATVMs) at division sites. निविदा मात्रा: 184 Nos. खोलने की तिथि: 26/12/2023.

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक-अधी.यंत्री/कॉलोनी सेल/2023-24/569 दिनांक 05/12/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ग्राम अंधुआ प.ह.नं. 34 नं.बं. 17 खसरा नं. 153/1/2 कुल रकबा 8700.00 वर्गमीटर भूमि पर (शिवराज एलाइंस) विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स शिवराज एलाइंस द्वारा अधिकृत पार्टनर श्री निकुंज आहूजा कॉलोनाईजर म.नं. 11, एकता परिसर कॉलोनी रतन नगर जबलपुर द्वारा आवासीय भूखंडीय विकास हेतु कॉलोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के एवज में भूखंड क्रमांक- 1, 2, 3, 13, 14, 15, 16, 17, 21, 22, 36, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 43 कुल 18 भूखंड क्षेत्रफल 1543.34 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए हैं।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/भूखंडों का क्रय विक्रय कॉलोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम कॉलोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

अधीक्षक यंत्री

र.नं. 1704 कॉलोनी सेल नगर निगम, जबलपुर



Madhya Pradesh Govt. Emporium Mrignayanee Art from the heart

**निविदा**

संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम (मर्यादित) द्वारा दिनांक 22.12.2023 से 04.01.2024 तक गोल बाजार शहीद स्मारक मैदान जबलपुर में स्टेट हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जाना है, जिसमें डोम लगाकर ऑक्टोनम के लगभग 60 स्टॉल बनाने हेतु प्रस्तावित हैं (अधिक जानकारी निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है)। एक्सपो में साज-सज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाना है, जिसके लिए शहीद स्मारक ट्रस्ट जबलपुर में इकाई का पंजीयन होना अनिवार्य है। साथ ही, एक्सपो के लिए सुरक्षा गार्ड की दरें भी आमंत्रित की जाना है, जिसके लिए ट्रस्ट में पंजीयन की आवश्यकता नहीं है।

इच्छुक इकाई मृगनयनी एम्पोरियम जबलपुर से कार्यालयीन समय में राशि रूपये 500.00 (पांच सौ) जमा कर एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर दिनांक 14.12.2023 की दोपहर 1.00 बजे तक मृगनयनी एम्पोरियम 9/12-13 सिविक सेंटर जबलपुर (फोन 0761-2411690) में मुहरबंद निविदा पेटी में अपनी मुहरबंद निविदाएं डाल सकते हैं। ये निविदाएं दिनांक 14.12.2023 को दोपहर 2.00 बजे गठित समिति एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जाएंगी।

प्रभारी

मृगनयनी एम्पोरियम, जबलपुर



**आवश्यकता है**

**ए.पी.नर्मदा विधि महाविद्यालय सदर, जबलपुर (म.प्र.)**

बी.कॉम. एलएल.बी. नवीन पाठ्यक्रम के लिए सहायक प्राध्यापकों की भर्ती हेतु कालेज कोड - 28 के तहत् आवेदक की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं 2 फोटोग्राफ सहित आवेदन पत्र आमंत्रित करता है । आवेदन की अंतिम तिथि प्रकाशन के 7 दिन तक है। पद का विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | पद | पदों की संख्या | विषय | योग्यताएं एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक | 02 | विधि संकाय | एल.एल.एम. उत्तीर्ण एवं पी.एच.डी. / नेट को वरीयता, 02 वर्ष का विधि महाविद्यालय का शैक्षणिक कार्य का अनुभव |
| 2. | सहायक प्राध्यापक | 04 | वाणिज्य | एम.कॉम, उत्तीर्ण एवं पी.एच.डी. / नेट को वरीयता, 02 वर्ष का महाविद्यालय का शैक्षणिक कार्य का अनुभव |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | 02 | अंग्रेजी | एम.ए. उत्तीर्ण एवं पी.एच.डी./नेट को वरीयता, 02 वर्ष का महाविद्यालय का शैक्षणिक कार्य का अनुभव |

उपरोक्त सभी विषयों के सहायक प्राध्यापकों के लिए संबंधित विषय में 55 प्रतिशत अंकों से स्नाकोत्तर, हायर सेकेण्डरी एवं स्नातक 50 प्रतिशत अंको के साथ नेट / स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण एवं पी-एच.डी. उपाधि को वरीयता

नोट- (1) उपरोक्त पदों के लिए चयन यू.जी.सी. के नियम प्रभावशाली होंगे। (2) आरक्षण में यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन आवश्यक होगा। (3) स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत वेतन एवं सेवा शर्तें यू.जी.सी. के अनुसार। (4) आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के संचालक के पते पर सीधे या डाक द्वारा अंतिम तिथि के पूर्व भेजे ।

**प्रबंधक ए.पी.नर्मदा संस्थान, सदर, जबलपुर (म.प्र.)**



**आम सूचना**

सर्वसाधारण/ आम को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार श्रीमती आशा बाई पति सुन्दर लाल निवासी 289 पुरानी बस्ती चौधरी मोहल्ला ललपुर, ग्वारीघाट, जबलपुर ने संपत्ति/मकान ग्राम खैरी पटवारी हल्का खैरी तहसील अधारताल जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 213/1/1 रकवा 3750 वर्गफुट में से विक्रय रकवा 710 वर्गफुट पर बना पक्का आर सी सी स्लैब का मकान को क्रय करने का अनुबंध दिवाकर वाजपेयी पिता विनय कुमार वाजपेयी निवासी महाराजपुर अधारताल, जबलपुर वालों से तय किया है और निकट भविष्य में उक्त संपत्ति की रजिस्ट्री होना है अत: संव्यवहार में यदि किसी व्यक्ति/संस्थान को कोई भी आपत्ति हो तो प्रकाशित तिथि से 15 दिन की समयावधि में मेरे कार्यालय में आकर कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति दर्ज करावे समयावधि बीत जाने के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति ग्राह्य नहीं होगी और मेरी पक्षकार संपत्ति की रजिस्ट्री आने पक्ष में करा लेवेंगी।

जबलपुर

दिनांक 06.12.2023

बी.एल. तिवारी (एडवोकेट)

म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर

कार्या/निवास-2021 सिद्धनगर

नई बस्ती, लालमाटी, जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 1706 मो.नं. 9424679039



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग**

**मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड शहडोल**

फोन नं.- 07652 292192 E-mail ID- ee564300@yahoo.co.in

क्रमांक-09543/03/सामा./2724 शहडोल, दिनांक 06/12/2023

**बिजली आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 220 के. व्ही. उपकेन्द्र शहडोल में 40 एम.व्ही.ए. बी.बी.एल. ट्रांसफार्मर का प्री-मानसून रख-रखाव एवं अन्य कार्य होने के कारण दिनांक 08/12/23 को सुबह 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक दिये गये क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रखी जायेगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक/दिन/समय | उपकेन्द्र/का नाम | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित वितरण केन्द्र के कनिष्ठ अभियंता का मो.क्रमांक |
|---|---|---|---|
| 06/12/2023 शुक्रवार सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिंहपुर/खन्नौधी | 33/11 के.व्ही. सिंहपुर/खन्नौधी से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर से संबंधित समस्त उपभोक्ता। | सहायक अभियंता (ग्रा) शहडोल 9425185303 कनि. अभियंता सिंहपुर 9425185305/ कनि. अभियंता गोहपारू 9425185306 एवं 1912 |

नोट-आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है।

बिजली संबंधी समस्त शिकायतों के निराकरण हेतु टोल फ्री नं. 1912 पर डायल करें।

**कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा)**

**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. शहडोल**



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मदन गोपाल (MADAN GOPAL) आत्मज स्व. धरमू लाल बेन निवासी क्वार्टर नंबर न्यू 36, क्वार्टर एफ ब्लॉक जी/36. 6वीं बटालियन एस.ए.एफ रांझी तह.व. जिला जबलपुर का निवासी हूँ !

यह कि मैं 6वीं बटालियन एस.ए.एफ रांझी जबलपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में सुरक्षा कंपनी में निरीक्षक (का.वा.) के पद पर पदस्थ हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम मदन गोपाल (MADAN GOPAL) दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम मदन गोपाल बेन (MADAN GOPAL BAIN) दर्ज है !

यह कि मैं अपना सरनेम दस्तावेजों के अनुसार अपने सर्विस रिकार्ड में मदन गोपाल के स्थान पर मदन गोपाल बेन (MADAN GOPAL BAIN) परिवर्तित कराना चाहता हूँ ! अत: मध्यप्रदेश के राजपत्र में मेरा नाम मदन गोपाल बेन (MADAN GOPAL BAIN) प्रकाशित करने की दया करें !

पुराना नाम - मदन गोपाल (MADAN GOPAL)

नया नाम - मदन गोपाल बेन (MADAN GOPAL BAIN)

पता - क्वार्टर नंबर न्यू 36. क्वार्टर एफ ब्लॉक जी/36, 6वीं बटालियन एस.ए.एफ रांझी तह.व. जिला जबलपुर

पद - निरीक्षक (का.वा.)



**न्यायालय नायब तहसीलदार**

**अधारताल, जबलपुर**

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्रं/1665/अ-6/2023-24

आवेदक कल्पना बनर्जी स्वर्गीय प्रदीप बनर्जी निवासी 2048/3 आनंद नगर, शहीद अब्दुल हमीद वार्ड क्र. 56 पुलिस थाना गोहलपुर अधारताल जबलपुर (म.प्र.) द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक...... दिनांक.....के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक.... नं.बं. 52 प.ह.नं. 22 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 103/8 रकवा 968 वर्गफुट पर विक्रेता/वसीयतकर्ता स्वर्गीय प्रदीप बनर्जी आत्मज स्वर्गीय लक्ष्मीनाराण बनर्जी से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 20/12/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/12/2023 इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक-06/12/2023

पेशी दिनांक-20/12/2023

**नायब तहसीलदार,**

र.नं. 1705 **तहसील अधारताल जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./102/राज.शा/

सिहोरा, दिनांक 06.12.2023

**इश्तहार सूचना-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, श्रीमति शीलू सैनी पति छोटेलाल सैनी निकाय की वार्ड 12 में स्थित मकान /भूमि खसरा न. 121/1 रकवा 600 वर्गफुट श्री अशोक कुमार मणिभाई पटेल एंड कंपनी अशोक कुमार पटैल पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्राप्त भूमि/भवन अनुसार अपना नाम नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाने हेतु नामांतरण किया जाना है। जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक की तिथि से 15 दिवस के अंदर कार्यालय में सहप्रमाण सहित आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**

**नगर पालिका सिहोरा**



**प्रथम सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड) जबलपुर के न्यायालय के दशम अतिरिक्त न्यायाधीश जबलपुर (म.प्र.)**

**Presiding Officer: अभिसारिका महुने**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**

**(RCS A/0000861/2023)**

प्रफुल्ल पटेल..........................वादी

Vs

आम जनता..........................प्रतिवादी

Process Id- /2023

पेशी दि.:-15/12/2023

प्रेषिती-

**(1) आम जनता पता - आम जनता**

यह कि प्रार्थी प्रफुल्ल पटेल ने आपके विरुद्ध विरुद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते घोषणा हेतु कीमती 500 रुपए न्याय शुल्क चस्पा दावा वास्ते गुमशुदा व्यक्ति लापता ललित पटेल पिता स्व. श्री बाबूलाल जयंती भाई पटेल को मृत घोषित किये जाने की घोषणात्मक डिक्री प्रदान किये जाने बाबद के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - उपस्थित हेतु नोटिस के साथ दावा घोषणा हेतु कीमती 500 रुपए न्याय शुल्क चस्पा वास्ते गुमशुदा व्यक्ति लापता ललित पटेल पिता स्व. श्री बाबूलाल जयंती भाई पटेल को मृत घोषित किये जाने की घोषणात्मक डिक्री प्रदान किये जाने बाबद की छायाप्रति संलग्न।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(अभिसारिका माहुंने)

प्रथम सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड)

जबलपुर के न्यायालय के दशम अतिरिक्त न्यायाधीश,

र.नं. 1691 जबलपुर म.प्र.



**कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (सं.सं.) संभाग,**

**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. संभाग पाटन**

क्र. का.अभि./सं.सं./ सामा./2084 पाटन, दिनांक 06.12.2022

पाटन (संचा./संधा) संभाग अंतर्गत 132 के.व्ही. पाटन उपकेन्द्र में मेन बसवार का मेटेंनेस कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिससे 132 के.व्ही. पाटन से निर्गमित निम्न 33 के.व्ही. फीडर एवं उनसे संबंधित 33/11 उपकेन्द्रों के 11 के.व्ही. फीडरों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

| क्रं. | बिजली आपूर्ति बंद रहने का दिनांक/दिन | प्रभावित फीडर | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र एवं अन्य प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का नाम / मोबाईल नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08.12.2023 (शुक्रवार) समय प्रात: 09.30 से सायं 02.00 बजे तक | 33 के.व्ही. फीडर पाटन, पथरोरी, रौंसरा, नोनी, कैमोरी, कटरा एवं 33 के.व्ही. एच.टी. भानूफार्म | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पाटन, कटरा, पथरोरी, रौंसरा, कैमोरी, नोनी से निर्गमित समस्त 11 के.व्ही. फीडर एवं संबंधित आसपास के ग्राम एवं अन्य क्षेत्र | श्री शुभम तन्तुवाय 9425806123 9425806183 सुश्री दर्शिका डम्भारे 9425806190 श्री मनोज दुबे 9425806188 श्री पवन यादव 9425806184 9425806154 |

नोट- आवश्कतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है।

महत्तवपूर्ण सूचना - मोबाईल पर बिजली बिल प्राप्त करने के लिए अपना मोबाईल नंबर स्मार्ट बिजली एप, बिजली कार्यालय कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर आई.व्ही.आर.एस. नंबर बताकर तत्काल दर्ज करावें अथवा परिवर्तित मोबाईल नंबर अपडेट करावें।

**कार्यपालन अभियंता (सं.सं.) संभाग**

**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. पाटन**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/ सं. क्र.-03/एम/2023-24/144

दिनांक 29/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हृदय नारायण पाण्डेय पि. स्व. गंगा दयाल पाण्डेय, शुभम पाण्डेय पि. हृदयनारायण पाण्डेय एवं धर्मावती पाण्डेय पति हृदयनारायण पाण्डेय ने भवन क्रमांक 3050/2 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड प्लाट 1700 भूतल 995 प्रथम तल 470 विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक 3050/2 वार्ड दादा बाबूराव परांजपे वार्ड गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) लालचंद दासानी पिता व्ही.डी. दासानी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**

**संभाग क्रं.-03 रामपुर**

र.नं. 1707 **नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./101/राज.शा/

सिहोरा, दिनांक 06.12.2023

**इश्तहार सूचना-पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, श्रीमति अल्पना जैन पति नंद किशोर जैन निकाय की वार्ड 06 में स्थित मकान / भूमि प्लाट न. 107 नजू शीट न. 18 सी रकवा 589 वर्गफुट श्री महेन्द्र सैनी पिता पूरन लाल सैनी पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्राप्त भूमि / भवन अनुसार अपना नाम नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाने हेतु नामांतरण किया जाना है। एवं श्रीमति सुनीता पति प्रमोद कुमार नामदेव निकाय की वार्ड न. 12 में स्थित भूमि खसरा न. 1569/62 रकवा 1200 वर्गफुट श्री मुकेश कुमार पिता नानकराम सहजवानी से पंजीकृत बैनामा के आधार पर क्रय भूमि को अपना नाम दर्ज करवाने हेतु नगर पालिका में नामांतरण किया जाना है। जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक की तिथि से 15 दिवस के अंदर कार्यालय में सहप्रमाण सहित आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**

**नगर पालिका सिहोरा**

# देश-प्रदेश

उवाच

## तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश किया



**नई दिल्ली।** पाक अधिकृत कश्मीर मामले में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नेहरू की नीतियों को कठघरे में खड़ा करने को लेकर कांग्रेस ने जहां तगड़ी आपत्ति जताई वहीं कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के मंत्री और भाजपा के कई नेता कश्मीर की बात आने पर पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की अनावश्यक आलोचना करने लगते हैं।

### डॉ. अम्बेडकर को मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, कहा-

## डॉ. अम्बेडकर ने गरीबों, दलितों और शोषितों की जिंदगी बदलने के लिए संघर्ष किया





**भोपाल, देशबन्धु।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बुधवार को भाजपा ने प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी नेताओं ने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने माल्यार्पण किया। उनके साथ ही भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डॉ. अंबेडकर का पुण्य स्मरण किया, पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारत का संविधान लिखा और हम संविधान को प्रणाम करते हैं। उन्होंने गरीबों, दलितों और शोषितों की जिंदगी बदलने के लिए लगातार संघर्ष किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान के निर्माण के अलावा सामाजिक न्याय के साथ राष्ट्रीय एकता और अंखडता को एक सूत्र में बांधने का काम किया। उनके विचारों ने हमें संविधान के मूल तत्वों पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री माखनसिंह चौहान, पार्टी के प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगलकिशोर शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सुश्री नेहा बग्गा, पैनलिस्ट सचिन वर्मा, श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, प्रदेश मीडिया विभाग के सदस्य सत्येन्द्र जैन, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।





विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम 16वीं विधानसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद भोपाल पहुंचे। उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात की। श्री गौतम विधानसभा भी पहुंचे।

## अध्यक्ष गिरीश गौतम सहित 31 विधायक पहुंचे विधानसभा

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों के पहुंचने का सिलसिला जारी है अध्यक्ष सहित गिरीश गौतम सहित 31 विधायक आज विधानसभा पहुंचे। विस पहुंचने वाले नवनिर्वाचित विधायकों में गिरीश गौतम (विधानसभा अध्यक्ष), सुरेंद्र सिंह हनी बघेल, अजय अर्जुन सिंह, यादवेंद्र सिंह, सुजीत मेरसिंह चौधरी, प्रदीप पटेल, रामनिवास रावत, नितेन्द्र सिंह राठौर बृजेन्द्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

## रेवंत आज तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे



तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी जहां संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वहीं आज वे तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इस समारोह के लिए सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकनर्जुन खड़गे सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को आमंत्रित किया गया है। वहीं कांग्रेस शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगे।

### डीजीपी से प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने की मुलाकात

## ईमानदारी, गंभीरता, कठोर परिश्रम ही आपको अधिकारी साबित करेंगे : सक्सेना



**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय में आज पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना से मध्यप्रदेश कैडर के 75 आरआर के प्रशिक्षु भारतीय पुलिस अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इनमें सुश्री अनु बेनिवाल, राहुल देशमुख, आदित्य पाटले, करमवीर सिंह, ओम प्रकाश, सर्वप्रिय सिन्हा शामिल थे।

श्री सक्सेना ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अकादमिक तथा फील्ड प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से प्राप्त करें। गंभीरता, व्यावसायिक दक्षता, कठोर परिश्रम, ईमानदारी, संतुलित आचरण तथा सद्‌व्यवहार से ही आप आदर्श पुलिस अधिकारी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने कई गौरवशाली कार्य करते हुए प्रदेश ही नहीं देश भर में गंभीर चुनौतियों का समाधान करने में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन किया है। मध्यप्रदेश में डकैत का उन्मूलन, आसामाजिक तथा राष्ट्रविरोधी संगठनों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही, नक्सली समस्या के समाधान तथा महिला सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे कदमों की भी जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में जन अपेक्षाएं भी बड़ी हैं अतः व्यावसायिक उत्कृष्टता, पारदर्शिता एवं व्यवहार कुशलता से ही आप इन अपेक्षाओं पर खरे उतर सकते हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकविजय कटारिया, पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती दीपिका सूरी, सहायक निदेशक पुलिस अकादमी नीरज पाण्डेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### 77 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

## होमगार्डस् ने साहस और शौर्य का आद्‌भुत प्रदर्शन किया: महानिदेशक

**भोपाल, देशबन्धु।** होमगार्ड के जवानों ने आपदा के समय अद्भुत साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड्स महानिदेशक अरविंद कुमार होमगार्ड्स नागरिक सुरक्षा एवं आपदा, आपातकालीन मोचन बल के 77 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एसडीईआरएफ के जवानों ने आपदा बचाव कार्यों का अद्‌भुत प्रदर्शन किया, होमगार्ड के जवानों ने बेहतरीन कार्य किया है। होमगार्ड के जवान आपदा में देश की सीमाओं पर कार्य करने वाले सेना के जवानों की तरह ही कार्य करते हैं। उनका साहस और शौर्य अतुलनीय और अभिनंदनीय है। उन्होंने हाल ही में हुई लगातार अतिवर्षा से बाढ़ आपदाओं की विषम परिस्थितियों में आम नागरिकों का बचाव कर त्वरित राहत देकर कठिन एवं महत्वपूर्ण ड्यूटी अत्यंत सफलता से सम्पादित करने पर प्रशंसा की।

इसके पहले कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई, जिसमें होमगार्ड्स तथा एसडीईआरएफ के प्लाटून शामिल रहे। सलामी के बाद उप पुलिस महानिरीक्षक होमगार्ड्स एवं आपदा प्रबंधन महेश चंद जैन द्वारा मुख्य अतिथि को परेड निरीक्षण कराया गया। परेड कमाण्डर का नेतृत्व डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट आगर-मालवा हर्ष कुमार जैन तथा



टूआईसी प्लाटून कमाण्डर दीपेश पाटीदार इन्दौर ने किया। कार्यक्रम में सीबीआई ज्वाइंट डायरेक्टर रमणीश गीर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, नगरीय पुलिस भोपाल अवधेश गोस्वामी, सेवानिवृत्त एडीशनल कमाण्डेंट जनरल, होमगार्ड्स एम.एस. ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी और होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

मुख्य अतिथि महानिदेशक अरविंद कुमार ने आपदा के समय उत्कृष्ट कार्य करते हुए लोगों की जान-माल बचाने के लिए अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम में होमगार्डस् सैनिकों के 10वीं, 12वीं और उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया।

## कांग्रेसजनों ने किया डॉ. अम्बेडकर का पुण्य स्मरण



**भोपाल, देशबन्धु।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। पूर्व पूर्वान्ह कांग्रेसजनों ने जहांगीराबाद, लिली टॉकीज चौराहा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर और बोर्ड आफिस चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने संचालन करते हुए बताया कि डॉ.भीमराव अंबेडकर ने आजादी के बाद देश में नागरिकों को स्वतंत्रता से जीवन यापन करने के लिए संविधान बनाया, जिसमें जनता को मौलिक अधिकार दिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, गुड्डू चौहान, निकेश चौहान, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, ऋचा गोस्वामी, सुबोध जैन, हीरालाल श्रीवास, अनिल जाधव, संजय सावकारे, कमलेश यादव और बद्री यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### सदन में विपक्ष ने देश की आर्थिक स्थिति पर चर्चा के दौरान केंद्र सरकार पर उठाए सवाल

## सिर्फ वादे ही करती आ रही केंद्र सरकार : कांग्रेस



**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद में देश की आर्थिक स्थिति पर सदन में मंगलवार से जारी चर्चा में कांग्रेस के विवेक तन्खा ने कहा कि सरकार तारीख पर तारीख देती आ रही है लेकिन देश में विकास अब तक नहीं आया और सरकार केवल वादे ही करती आ रही है।

उन्होंने कहा कि हर चीज महंगी होती जा रही है और बेरोजगारी की दर निरंतर बढ रही है। रुपया निरंतर गिरता जा रहा है और कृषि क्षेत्र की हालत खराब है ऐसे में आर्थिक वृद्धि कहां है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था उसके सभी पैमानों की कसौटी पर विफल है। कांग्रेस की जेबी माथेर हीशम ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल में देश में दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में सफल रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास का जो दावा कर रही है वह भ्रमित करने वाला है क्योंकि गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रत्येक भारतीय पर ऋण ढाई गुना से अधिक बढ़ा है। देश में वर्ष 2013-14 में बेरोजगारी दर चार प्रतिशत से कुछ अधिक थी लेकिन पिछले नौ वर्षों में बढ़कर यह अभी 7.90 प्रतिशत पर पहुंच गई है। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार और द्रमुक के पी बिल्सन ने भी अर्थव्यवस्था को लेकर अपने विचार रखे ।

## अर्थव्यवस्था की गलत तस्वीर पेश कर रहा है सत्ता पक्ष : भाकपा

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम ने कहा कि सत्ता पक्ष अर्थव्यवस्था की गलत तस्वीर पेश कर रहा है और सच्चाई यह है कि देश में लोग भूखे और बेरोजगार हैं। भाजपा ने सत्ता में आने से पहले हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल प्रचार के बल पर देश की सुंदर तस्वीर पेश कर रही है जो हकीकत से दूर है। झामुमो की महुआ माजी ने कहा कि सत्ता पक्ष देश को विश्वगुरू बनाने की बात कर रहा है लेकिन वह यह भूल जाता है कि इसके लिए पहले आर्थिक मजबूती की जरूरत होती है ।

### स्टालिन ने मोदी को लिखा पत्र

## 5 हजार करोड़ से अधिक की मदद मांगी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 5,060 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत देने और चक्रवात मिचौंग से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए एक केंद्रीय टीम भेजने की भेजने की अपील की । मिचौंग तूफान के कारण चेन्नई और उसके तीन पड़ोसी जिलों में भारी बारिश हुई। श्री स्टालिन ने कहा कि राज्य सरकार ने भी चक्रवात से हुए नुकसान का आकलन करना शुरू कर दिया है और एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी तथा केंद्र सरकार से अतिरिक्त धन का अनुरोध करेगी।

### राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

लोकसभा में बुधवार को द्रमुक के वरिष्ठ सदस्य टी आर बालू ने शक्तिशाली चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण तमिलनाडु और राजधानी चेन्नई में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हुई तबाही को देखते हुए इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की गयी। श्री बालू ने शून्य काल में कहा कि चक्रवाती तूफान के प्रकोप के कारण तमिलनाडु के कई इलाकों और राज्य की राजधानी चेन्नई में भारी बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है।


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 102
2023-2024 दिनांक 05/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्रीमती कल्पना बनर्जी, पति- स्व. श्री प्रदीप बनर्जी, 2. श्री सौमित्र बनर्जी, एवं सिद्धार्थ बनर्जी, पिता- स्व. श्री प्रदीप बनर्जी, 3. श्रीमती संचयिता बनर्जी (मुखर्जी), पति- श्री शुभाशीष मुखर्जी,** ने भवन क्रंमाक-2048/3, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360509 जलकर पिन नं..........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री प्रदीप बनर्जी, पिता- स्व. श्री लक्ष्मी नारायण बनर्जी, **वार्ड शहीद अब्दुल हमीद वार्ड ,** निर्मित भूतल 540 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 540 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 101
2023-2024 दिनांक 22/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्रीमती चंद्रकला मेहरा, पति- श्री नागेश मेहरा,** ने भवन क्रंमाक-1198 का भाग, ख.नं. 8/1/2/1 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000360530 जलकर पिन नं..........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - कु. चित्रा सरोज एवं नीतेश कुमार सरोज दोनों के पिता- श्री ओमप्रकाश सरोज **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** निर्मित क्षेत्रफल 21326 (एन.ओ.एस.ओ.पी.)विक्रय प्लाट रकवा 697.5 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 100
2023-2024 दिनांक 22/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री आकाशदीप सिंह बल, पिता- श्री दलजीत सिंह बल,** ने भवन क्रंमाक-675/डी-73/पी.टी. 8 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000410281 जलकर पिन नं..........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती सुमन शर्मा, पति- जयप्रकाश शर्मा, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 472.6 व.फु., निर्मित भूतल 297.6 व.फु. आर.सी.सी. व्या. दुकान, प्रथमतल 297.6 व.फु. आवासीय, द्वितीयतल 297.6 व.फु. आ.स्वयं, **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 01/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजुल सराफ पिता श्री रमेश चन्द सराफ ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक म.नं.-14 बिजली ऑफिस के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46000019, 1000381899 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 750 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 502 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 538 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज मिठ्‌ठूलाल यादव पिता स्व. श्री गंगू यादव नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं,Mulagapu Vykuntarao पुत्र Suryanarayana उम्र 60 वर्ष निवासी- H.No 4-79 Village- Mulapeta ,पोस्ट ऑफिस nikili , तहसील- Mandavalli District Krishna State-Andhra Pradesh ,पिन कोड 521326मेरे पुत्र का आर्मी न.15706973L ,Rank -LNK , Name- Ramesh Babu Mulagapu है, जो कि वर्तमान मे Jabalpur M.P. पदस्थ है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Vykunta Rao एवं जन्मतिथि 01/07/1964 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Mulagapu Vykuntarao एवं जन्मतिथि 01/01/1963 दर्ज है उक्त दोनों नाम एव जन्मतिथि मेरे ही है। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरे नाम Vykunta Rao एवं जन्मतिथि 01/07/1964 के स्थान पर मेरा नाम Mulagapu Vykuntarao एवं जन्मतिथि 01/01/1963 दर्ज कर लिखा एवं पढ़ा जाए।

**नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Mulagapu Vanajakshi पत्नि Mulagapu Vykuntarao उम्र 55 वर्ष निवासी-H.No 4-79 Village-Mulapeta, पोस्ट ऑफिस nikili , तहसील-Mandavalli District Krishna State-Andhra Pradesh ,पिन कोड 521326 मेरे पुत्र का आर्मी न.15706973L ,Rank -LNK , Name- Ramesh Babu Mulagapu है, जो कि वर्तमान में Jabalpur M.P. पदस्थ है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Vanajakshi Mulagapu एवं जन्मतिथि 01/07/1971 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Mulagapu Vanajakshi एवं जन्मतिथि 01/01/1968 दर्ज है उक्त दोनों नाम एवं जन्मतिथि मेरे ही है। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मेरे नाम Vanajakshi Mulagapu एवं जन्मतिथि 01/07/1971 के स्थान पर मेरा नाम Mulagapu Vanajakshi एवं जन्मतिथि 01/01/1968 दर्ज कर लिखा एवं पढ़ा जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी न. 15668732Y Rank Hav Sunil Singh पुत्र Nain Singh उम्र 48 वर्ष निवासी-Kandari Enclave,Tubewell Road Shyampur पोस्ट ऑफिस Ambiwala Premnagar, जिला-Dehradun, राज्य-Uttarakhand,पिन कोड 248007 मेरे पुत्र का मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में उसका नाम Rachit Singh Negi दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्र की समस्त दस्तावेजों में नाम Rachit Singh दर्ज है दोनों नाम मेरे पुत्र के ही हैं मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम Rachit Singh Negi के स्थान पर नाम Rachit Singh दर्ज किया जावे एवं लिखा वह पढ़ा जावे।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-12,घंटाघर नगर निगम जबलपुर**
पत्रांक-स.अधि./12/ 2023-24/ एम/33 दिनांक 05.12.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री चम्पा लाल सोनकर, पिता- स्व. श्री श्याम लाल सोनकर,** ने मकान नं. 550, **वार्ड- महर्षि अरविन्द,** निर्मित क्षेत्रफल 2900 व.फु., भूतल 1700 व.फु., प्रथमतल 1200 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक -12 घंटाघर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-12 घंटाघर नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 99
2023-2024 दिनांक 22/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री मनजीत सिंह यादव, पिता- स्व. श्री परसराम यादव ,** ने भवन क्रंमाक-283/2/2/2 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000425797 जलकर पिन नं..........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -मेजर रणजीत सिंह यादव, पिता- स्व. श्री परसराम यादव **वार्ड दीवान आधार सिंह वार्ड ,** विक्रय प्लाट रकवा 2400 व.फु., निर्मित भूतल 2400 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**
क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 98
2023-2024 दिनांक 20/11/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1. **श्री परसराम चेलानी, पिता -जाडोमल, 2. श्रीमती जया चेलानी, पति-श्री परसराम चेलानी, 3. श्री अक्षय चेलानी, पिता- श्री परसराम चेलानी ,** ने भवन क्रंमाक-3601, संपत्ति कर/ पिन नं. 43403977 जलकर पिन नं..........., पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्री सपन कुमार पाल, पिता- स्व. श्री सूर्यकांत पाल, **वार्ड शहीद अ.हमीद वार्ड ,** निर्मित भूतल 1500 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 1500 व.फु. आर.सी.सी., द्वितीयतल 1500 व.फु. आर.सी.सी., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक** 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित कुमार दुबे पिता श्री भवानी प्रसाद दुबे ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं.-145/3 के हिस्सा से सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004471669 नया पिन क्रमांक देना है पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 3000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज परमवीर तिवारी पिता श्री मालभजन प्रसाद तिवारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/228 दिनांक 06.12.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री निकेत तीर्थानी 2. श्री विशाल तीर्थानी दोनों के पिता श्री कन्हैयालाल तीर्थानी ने मकान नं. 531 नया 1104 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि 1974 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/227 दिनांक 06.12.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. अनिल कुमार जैन पिता स्व. श्री एस.एल. जैन ने मकान नं. 1410/3 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 2366 व.फु. प्रथम तल 2366 व.फु. दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/12/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आदर्श पटेल पिता श्री अनिल पटेल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं.-145/3 के हिस्सा से सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004471669 नया पिन क्रमांक देना है पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज परमवीर तिवारी पिता श्री मालभजन प्रसाद तिवारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**


## बिहार में बैंक से 15 लाख लूटकर बदमाश फरार

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में अपराधों का तांडव लगातार बढ़ता ही जा रहा है राज्य के अंदर शायद ही कोई ऐसा दिन गुजरता हो जिस दिन हत्या, लूट और चिंताई की खबरें निकलकर सामने नहीं आती हो। इसी करीब में अब एक ताजा मामला भोजपुर जिला मुख्यालय आरा से निकल कर सामने आया है। जहां एक बैंक के अंदर सात लुटेरे घुस गए। उसके बाद जो हुआ वह अपने आप में एक फिल्मी अंदाज बन गया। दरअसल, आरा के एक्सिस बैंक में साथ लुटेरे बैंक लूटने पहुंचे इसके बाद वह बैंक के अंदर घुसे है तो बैंक के स्टाफ ने चालकी दिखाते हुए। बैंक का शटर बाहर से बंद कर दिया। उसके बाद पुलिस ने बैंक को चारों तरफ से घेर लिया और बाहर से माइकिंग के जरिए अपराधियों को सरेंडर करने को कहा। मिली जानकारी के अनुसार, नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोड़ स्थित ऐक्सिस बैंक में बुधवार को हथियार बंद लूटेरे लूटपाट करने की नीयत से घूस गए। सुबह लगभग 11 बजे सात-आठ हथियारबंद अपराधी लूटपाट की नीयत से घुसे।

देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 07 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# किताब के बहाने डॉ कफील को घेरने की कोशिश

साल 2017 में गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी के कारण बच्चों की मौत के बाद चर्चा में आए डॉ कफील खान एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उनके और पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ उस किताब को लेकर मामला दर्ज किया गया है, जो डॉ कफील ने दो साल पहले 'द गोरखपुर हॉस्पिटल ट्रेजेडी : अ डॉक्टर्स मेमॉयर ऑफ़ अ डेडली मेडिकल क्राइसिस' शीर्षक से लिखी और प्रकाशित करवाई थी। लखनऊ के एक व्यापारी मनीष शुक्ला ने पुलिस को की गई अपनी शिकायत में कहा है कि इस किताब के जरिए राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने और केंद्र के खिलाफ बातें कही गई हैं। शुक्ला ने आरोप लगाया है, कि लोगों को सरकार के ख़िलाफ़ भड़काने और समाज में विभाजन पैदा करने के लिए, डॉ. कफ़ील ख़ान द्वारा लिखी गई किताब बांटी जा रही है।' भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम के उल्लंघन के तहत दर्ज शिकायत के अनुसार, डॉ. कफील खान की किताब उनके समर्थकों को 'धन जुटाने और अपनी बेगुनाही साबित करने के लिये बेची जा रही है।'

एक खबरिया वेबसाइट के मुताबिक मनीष शुक्ला ने बताया है कि उसने चार-पांच लोगों को फोन पर इस साजिश के बारे में चर्चा करते हुए सुना। जबकि दूसरी वेबसाइट ने शिकायत का संदर्भ देते हुए लिखा है कि मनीष शुक्ला 1 दिसंबर को किसी काम से माताजी की बगिया गए थे। वहां गुमटी के पीछे चार-पांच लोग बातचीत कर रहे थे। वे सभी राज्य सरकार, उनके मंत्रियों व वरिष्ठ अफसरों को लेकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। वे कह रहे थे कि 'डॉ कफील ने गुप्त रूप से एक किताब छपवाई है, उसे प्रदेश भर में बांटा जा रहा है। वे लोग को किताब लोकसभा चुनाव से पहले समुदाय विशेष के हर शख्स तक पहुंचाने की बात कर रहे थे और कह रहे थे कि किसी भी कीमत पर सरकार को उखाड़ फेंकना पड़े, चाहे इसके लिए दंगा ही क्यों न करवाना पड़े।' शुक्ला ने कहा कि साजिश करने वाले अपनी बातें सुने जाने की भनक लगते ही मौके से भाग खड़े हुए। इस प्रकरण पर आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर- जो खुद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी रहे हैं, ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि जानबूझकर परेशान करने के लिए यह एफआईआर दर्ज की गई है और कई ऐसी धाराएं लगाई गई हैं जो स्वयं मामला दर्ज करने के लिए दी गई तहरीर से ही नहीं बनती हैं। इनमें कूटरचना से जुड़ी धाराएं, 465, 467, 471 और किसी पूजा स्थल को क्षतिग्रस्त करने से जुड़ी धारा 295 शामिल है।

श्री ठाकुर ने कहा कि किताब को चोरी-छिपे छपवाये जाने का आरोप भी पूरी तरह गलत दिखाई पड़ता है क्योंकि वह तो ऑनलाइन उपलब्ध है। ऐसा मालूम होता है कि सत्ताधारी पार्टी के विरोध में पुस्तक लिखने के कारण डॉ. कफील के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है। कृष्णा नगर थाने के एसएचओ जितेंद्र प्रताप सिंह ने भी कहा कि अभी तक किताब में कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिला है। आज़ाद अधिकार सेना के अध्यक्ष और एसएचओ- दोनों के कथन से साफ़ है कि डॉ. कफील को फिर बलि का बकरा बनाने की कोशिश की जा रही है। वेबसाइट 'द क्विंट' से बातचीत में डॉ कफील खान ने कहा भी कि 'आप देखिए, चुनाव आ रहे हैं और एक पंचिंग बैग की ज़रूरत है। वे ज़ाहिर तौर पर फिल्म के लिए शाहरुख़ ख़ान को तो नहीं छू सकते, लेकिन मेरे ख़िलाफ़ तो कार्रवाई कर सकते हैं।' मालूम हो कि डॉ. कफील ने कुछ दिन पहले ही शाहरुख खान की फ़िल्म जवान का एक हिस्सा अपनी किताब से प्रेरित बताया था और उसके लिये शाहरुख को धन्यवाद भी दिया था।

ये पहली बार नहीं है जब सरकार से असहमत या उसके विरोधी किसी व्यक्ति के ख़िलाफ़ केवल शक या सुनी सुनाई बातों की बिना पर कार्रवाई कर दी गई हो। खुद डॉ कफील अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में महीनों जेल में रहे और फिर अदालत ने बाइज़्ज़त उनकी रिहाई का हुक्म दिया। अभी भी कई मामले उनके ख़िलाफ़ चल रहे हैं। सवाल ये है कि उनकी किताब जब दो साल से ऑनलाइन ही सही, बाज़ार में है और ऐसी है कि उससे किसी सरकार को खतरा पैदा हो सकता है तो इतने दिन प्रशासन और पुलिस चुप क्यों बैठे रहे? जिस देश में ज़रा ज़रा सी बात पर लोगों की भावनाएं आहत होने के मामले फ़ौरन कायम हो जाते हैं, सरकार के ख़िलाफ़ बोलने वालों को नक्सली या आतंकवादी बता दिया जाता है, क्रिकेट टूर्नामेंट में दूसरे देश की जीत पर लोग बिना देर किये गाली-गलौज करने लगते हैं और उस देश की टीम के कप्तान की पत्नी और बेटी से बलात्कार की धमकी देने लगते हैं, वहां एक 'खतरनाक' किताब को दो साल तक क्यों बर्दाश्त किया जाता रहा? क्या शिकायत करने वाले ने उस किताब को खुद पढ़ा भी है या महज खुसुर-पुसुर सुनकर उसने किताब के बारे में धारणा बना ली? या फिर शुक्ला जी को शरलक होम्स समझकर उनकी बात को सच मान लिया गया? कहीं ऐसा तो नहीं कि डॉ. कफील को ताउम्र सलाखों के पीछे न रख पाने की खुन्नस उनकी किताब के बहाने निकाली जा रही हो?

# आसमान में सूराख कैसे करेगी कांग्रेस

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

छह दिसंबर 1992 का दिन था, जब ऐतिहासिक बाबरी मस्जिद को तोड़कर, भाजपा की सत्ता की नींव देश में मजबूती से रख दी गई थी। अब उस जगह पर भव्य राम मंदिर बन कर लगभग तैयार है, जिसका उद्घाटन कर अगले कई दशकों तक भाजपा अपनी सत्ता को पक्का बना लेना चाहती है। 1956 के बाद 1992 को बाबा अंबेडकर की दोबारा मौत हुई थी। एक बार स्वाभाविक मृत्यु आने के बाद, दूसरी बार बाबा साहब के सपनों को कुचलकर मौत देने से उन्हें कितनी तकलीफ हुई होगी, यह बताने के लिए वे भौतिक तौर पर उपस्थित नहीं हैं। लेकिन आसपास नजर उठाकर देख लीजिए, गैरबराबरी के शिकार लोगों की तकलीफें उसी पीड़ा को अभिव्यक्त करेंगी, जो डॉ.अंबेडकर और पूरी संविधान सभा के लोगों को हुई होगी। छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद प्रत्यक्ष तौर पर तोड़ी गई थी, मगर उसके साथ-साथ संविधान को भी तहस-नहस किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, भाजपा और यहां तक कि कांग्रेस में भी बहुत से लोग होंगे, जो इस दिन को भारत के लिए गौरवशाली मानते होंगे, मगर आने वाली पीढ़ियां शायद इस बात को समझेंगी कि संवैधानिक मूल्यों को सहेज कर न रख पाने की कितनी बड़ी कीमत देश को चुकानी पड़ रही है।

अभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव खत्म हुए हैं और इसके बाद आम चुनाव की चर्चा तेज हो गई है। पांच में से तीन राज्यों में जीत कर भाजपा अब हैट्रिक की बात करने लगी है। ये हैट्रिक तीन राज्यों की जीत की नहीं, बल्कि सत्ता में लगातार तीसरी बार आने के लिए कही जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने तो इस बार लालकिले से ही ऐलान कर दिया था कि मैं ही अगली बार भी झंडा फहराने आऊंगा। तब विधानसभा चुनाव होने वाले थे और उससे पहले कर्नाटक में भाजपा मात खा चुकी थी, फिर भी श्री मोदी इस तरह के दावे कर रहे थे और अब तो तीन जीतों के साथ यह दावा और पुख्ता हो गया है। हालांकि ये बात तब भी लोकतंत्र के खिलाफ थी और अब भी है कि बिना चुनाव हुए ही, किसी की जीत या सत्ता वापसी की मुनादी कर दी जाए।

दरअसल अब चुनाव में प्रचार और रणनीतियां जमीनी तौर पर कम और दिमागी तौर पर अधिक असर करने वाली बनाई जाने लगी हैं। यह हिटलर के सहयोगी गोएबल्स का तरीका है कि किसी झूठ को सौ बार दोहराओ तो वो सच लगने लगता है। इस समय देश में भी झूठ और सच सब आपस में गड्ड-मड्ड हो गए हैं। फिलहाल सच यही है कि छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस का शोर होने के बावजूद भाजपा जीत गई है। बताया जा रहा है कि इस जीत पर अंदरखाने भाजपा के लोगों को भी यकीन नहीं हो रहा है। मध्यप्रदेश में पिछली बार भी कांग्रेस की जीत हुई थी और उसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत के कारण सत्ता हाथ से निकल गई थी। कांग्रेस को उम्मीद थी कि इस सत्ता चोरी का जवाब जनता उसके हक में देगी। खुद श्री सिंधिया के साथ गए कई पूर्व कांग्रेसियों ने घरवापसी कर ली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम लेने से बचते रहे। जब उम्मीदवार खड़े करने की बारी आई तो भाजपा ने सात सांसदों को मैदान में उतारा। इस बीच आदिवासी पेशाब कांड, महाकाल में मूर्तियों का गिरना, तरह-तरह के घोटाले और धांधलियों के कारण भाजपा की छवि खराब हुई। इन सबसे यही समझ आ रहा था कि जीत कांग्रेस को ही मिलने वाली है। लेकिन कांग्रेस की यह उम्मीद झूठी साबित हुई। या तो कांग्रेस अतिआत्मविश्वास और कमलनाथ पर यकीन करने का शिकार हो गई, या फिर जैसा आरोप लगाया जा रहा है ईवीएम की गड़बड़ी के कारण उसे हार मिली। दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ईवीएम में धांधलियों की शिकायत कर रहे हैं। लेकिन एक सच ये भी है कि मध्यप्रदेश में नरोत्तम मिश्रा जैसे नेता भी हार गए हैं। तो क्या ईवीएम की गड़बड़ी भी सोच-समझकर की गई है। ईवीएम को लेकर शिकायतें एक साल की बात नहीं है, हर साल, हर चुनाव में ईवीएम पर कई सवाल उठते हैं। चुनाव आयोग इस पर अडिग है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हो सकती। भाजपा भी ईवीएम को लेकर सकारात्मक है, लेकिन कांग्रेस को शिकायत है और उसे लोकतंत्र पर ईवीएम से खतरा दिखाई दे रहा है तो फिर इस पर केवल रोना रोने से बात नहीं बनेगी। कांग्रेस को जमीन पर उतरकर बड़ा आंदोलन करना चाहिए। और इसका भी जिम्मा राहुल गांधी पर न छोड़कर उन नेताओं को सामने आना चाहिए, जिन्होंने सालों-साल कांग्रेस की सत्ता का सुख भोगा है। अन्ना हजारे से और कोई सबक कांग्रेस ने भले न लिया हो, शहीद होने की मुनादी करते हुए आंदोलन खड़ा करने का सबक तो ले ही लेना चाहिए। अन्ना तो गांधी के नाम को भाजपा के हक में इस्तेमाल कर गए और कांग्रेसी हाथ मलते रह गए। ईवीएम की जगह मतपत्रों से चुनाव करवाने की मुहिम छेड़ते हुए अगर अभी से आमरण अनशन पर बड़े कांग्रेस नेता बैठ जाएं, तो क्या इसका असर देश भर में नहीं जाएगा। राहुल गांधी ने तो 4 हजार किमी कदमों से नाप लिए, क्या दूसरे कांग्रेस नेता आमरण अनशन करने का कष्ट नहीं उठा सकते। अगर केवल समय बिताने के लिए शिकायतें करनी हैं, तब तो कोई बात नहीं। लेकिन अगर वाकई सूरत बदलनी है, आसमान में सूराख करना है तो पत्थर तबियत से उछालना ही होगा।

> कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है।

मध्यप्रदेश में भाजपा अपनी सत्ता बरकरार रखने के साथ छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी सरकार बनाने में कामयाब हो गई। क्योंकि इन दोनों राज्यों में भी भाजपा को बहुत हल्के तरह से कांग्रेस लेती रही। दिल बहलाने को अब आंकड़े पेश किए जा रहे हैं कि कांग्रेस को मिजोरम छोड़ बाकी चारों राज्य मिलाकर 4,90,77,907 और भाजपा को 4,81,33,463 वोट मिले। लेकिन जब खेल सीटों की गिनती का है, तो वहां वोटों की गिनती करने से क्या फायदा। कई बार बुद्धिमान विद्यार्थी सब कुछ जानते हुए भी सही तरह से पांच सवाल हल नहीं करता है और वहीं सामान्य बुद्धि लगाकर कोई औसत छात्र उन्हीं पांच महत्वपूर्ण सवालों पर पूरा ध्यान देकर सही जवाब लिखता है और प्रथम आ जाता है। अब आप शिकायत करते रहिए कि ये उससे होशियार है, लेकिन जहां अंकों की लड़ाई है, वहां अंक ही ज्यादा लाने होंगे, बुद्धि दिखाने से कुछ नहीं होगा। तो मौजूदा राजनीति का एक कड़वा सच यही है कि कांग्रेस अपने गौरवशाली इतिहास, गांधी, नेहरू की विरासत, राहुल गांधी की मेहनत, उनकी जनपक्षधरता सबका लाभ होने के बावजूद जनता की नब्ज पकड़ने वाले मुद्दों को नहीं समझ पाती और भाजपा उन्हीं मुद्दों के आधार पर चुनाव में अधिक सीटें ले आती है। अपनी बुद्धि के कारण प्रथम आने का मौका छात्र ने गंवा दिया और अब भी सही सवाल पर फोकस नहीं कर पा रही है।

कांग्रेस को अगर वाकई देश के लोकतंत्र को बचाना है तो उसे जनता को यह समझाना होगा कि छह दिसंबर 1992 को देश ने क्या खोया है। और इसमें केवल भाजपा की बुराई या श्री मोदी का मखौल उड़ाने से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस को ये भी साबित करना होगा कि उसके शासन में अभी से बेहतर क्या हो सकता है। राहुल गांधी जिस सामाजिक न्याय की बात करते रहे हैं, उसे कांग्रेस के सभी लोगों को एक साथ पूरे देश में प्रचारित-प्रसारित करने की जरूरत है। राहुल गांधी जिस अहंकार को छोड़ने की सलाह श्री मोदी को देते आए हैं, उस सलाह पर कांग्रेस के भी कई नेताओं को अमल करने की जरूरत है।

भाजपा तीसरी बार भी सत्ता में आने का दावा करके मतदान से पहले ही जनता को संदेश दे रही है कि उसका वोट मिले न मिले, सरकार भाजपा की ही बनेगी। ये मामूली चुनौती नहीं है। कांग्रेस केवल शिकायतों के आधार पर इसका मुकाबला नहीं कर पाएगी। पिछले 10 सालों में कांग्रेस ने देख लिया है कि संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया और काफी हद तक न्यायतंत्र भी भाजपा के पक्ष में ही झुका हुआ है। तो इस बड़ी चुनौती के लिए जवाब भी बड़ा ही तैयार करना होगा। तीन राज्यों की हार पर मंथन के साथ कांग्रेस यह भी सोचे कि किन वजहों से उसे कर्नाटक और अभी तेलंगाना में जीत मिली। कांग्रेस सोचे कि क्या उन्हीं तरीकों को देशव्यापी तौर पर आजमाया जा सकता है। क्योंकि अब सवाल उसकी जीत का नहीं, लोकतंत्र और संविधान बचाने का भी है।

# चुनाव नतीजों के बाद मुख्यमंत्रियों की पसंद पर ध्यान केंद्रित

■ कल्याणी शंकर

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद नये मुख्यमंत्री कौन होंगे, इसे लेकर अटकलें तेज हैं। भाजपा ने तीन और कांग्रेस ने एक राज्य में जीत हासिल की है। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को हराकर जीत हासिल की है।

हालांकि भाजपा ने उत्तर भारत में खुद को मजबूत कर लिया है, दक्षिण में उसे अभी भी पैर जमाना बाकी है। भाजपा की सफल चुनावी रणनीति ने उसके समर्थकों को एकजुट किया और आंतरिक संघर्षों को कम किया। संसद सदस्यों को उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने से पार्टी को तीन प्रमुख राज्यों में आंतरिक तोड़फोड़ को कम करने में मदद मिली।

अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस को तेलंगाना में बढ़त मिली। पार्टी को कई नेताओं के दलबदल से भी बहुत फायदा हुआ, जो इसे एक व्यवहार्य दावेदार के रूप में देखने लगे, खासकर कर्नाटक में इसकी सफलता के बाद। एक बार जब यह स्पष्ट हो गया कि यह सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बी.आर.एस.) के लिए एक गंभीर चुनौती है, तो मतदाता कांग्रेस की ओर स्थानांतरित हो गये। भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। दोनों पार्टियों को यह तय करना होगा कि स्थापित नेताओं को जारी रखना है या नये नेतृत्व की तलाश करनी है। कांग्रेस को तय करना होगा कि रेवंत रेड्डी को नियुक्त किया जाये या किसी नये चेहरे को।

> कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं। भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी

भाजपा के पास कई संभावित उम्मीदवार हैं, इसलिए मुख्य सवाल यह है कि नये नियमों को कैसे लागू किया जाये। भाजपा वसुन्धरा राजे, शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह जैसे पुराने नेताओं को चरणबद्ध तरीके से बाहर करने के पक्ष में है, जो अपनी पारी खेल चुके हैं। नये उम्मीदवारों का चयन करते समय एक अन्य महत्वपूर्ण कारक उनकी जाति है। जातियों का विविध मिश्रण आवश्यक है, इसे राजपूतों या अगड़ी जातियों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। साथ ही उनके प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्यों के लिए एक उपयुक्त उम्मीदवार चाहते हैं। हैट्रिक लगाने के लिए यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उदाहरण के तौर पर मध्य प्रदेश पर नजर डालते हैं। सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्रियों में से एक, शिवराज सिंह चौहान पद पर बने रहने के लिए तैयार हैं। मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान, चौहान ने जनता से उनकी राय भी मांगी कि क्या उन्हें निर्वाचित होने पर फिर से मुख्यमंत्री पद के लिए खड़ा होना चाहिए।

मध्य प्रदेश में शीर्ष पद के लिए कई संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें तीन केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद पटेल शामिल हैं, जो कई विकल्प प्रदान करते हैं। पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और कमल नाथ सरकार को गिराने में मदद करने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी संभावित उम्मीदवारों की सूची में हैं। राजस्थान में प्रमुख उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे होंगी। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव और अश्विनी वैष्णव, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मंत्री अर्जुन मेघवाल और महंत बालकनाथ भी दौड़ में हैं।

राजवर्धन राठौड़ राजपूत हैं और कई बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। सतीश पूनिया ने राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं जब पार्टी सत्ता से बाहर थी। 2023 की शुरुआत में, ब्राह्मण समुदाय से आने वाले दो बार के सांसद सी.पी. जोशी ने पूनिया की जगह राज्य भाजपा अध्यक्ष पद संभाला। गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, नई पीढ़ी के भाजपा नेता, राजस्थान में मुख्य मंत्री पद के संभावित उम्मीदवार हैं।

छत्तीसगढ़ में भी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सबसे आगे हैं। 2018 तक 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ पर शासन करने वाले बीएएमएस डॉक्टर रमन सिंह राज्य में पार्टी का सबसे पहचाना चेहरा हैं। 2003 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने से पहले वह केंद्रीय मंत्री थे। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में उन्हें दरकिनार कर दिया गया है।

विष्णुदेव साव भी मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं। उनकी छवि साफ-सुथरी है वह आरएसएस परिवार से आते हैं और महत्वपूर्ण नेता बनकर उभरे हैं। भरतपुर-सोनहत निर्वाचन क्षेत्र से एक प्रमुख आदिवासी नेता, केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह एक और विकल्प हैं।

कांग्रेस को अपनी ओर से तेलंगाना में पार्टी को एकजुट रखने के लिए एक नेता चुनना होगा। बी.आर.एस. के नेता के.चंद्रशेखर राव, अन्य दलों के सदस्यों को लुभाने की अपनी प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं। ऐतिहासिक रूप से, कांग्रेस ने अपने झुंड की रक्षा करने की क्षमता खो दी है। यह गोवा, कर्नाटक और अन्य राज्यों में दिखाई दिया।

तेलंगाना में रेवंत रेड्डी सबसे संभावित उम्मीदवार हैं। वह मजबूत रेड्डी परिवार से हैं और उनकी कार्यशैली के लिए पार्टी के भीतर से आलोचनाओं के बावजूद उन्हें कांग्रेस नेतृत्व का पूरा समर्थन प्राप्त था। उन्होंने एक छात्र नेता के रूप में ए.बी.वी.पी. से शुरूआत की और शीर्ष पर चले गये।

रेड्डी को विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें 2024 में लोकसभा चुनाव में अधिक सीटें जीतना भी शामिल है। हालांकि, उनके लिए अपनी पार्टी को एकजुट रखना अधिक महत्वपूर्ण है। हाल ही में, अस्थिरता की शुरुआत खरीद-फरोख्त से हो चुकी है, जो सरकार बनने के तुरंत बाद शुरू हो जाती है।

कड़े दल-बदल विरोधी कानूनों के बावजूद, विधायकों को पाला बदलने के लिए बड़ी रकम का प्रलोभन दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर जीतने वाली पार्टी की सरकार गिर जाती है। राजनीतिक दल सरकार छीनने के लिए जरूरी विधायकों को खरीदने के लिए भांति-भांति के हथकंडे अपनाते हैं।

भाजपा अपनी सफलता से उत्साहित है और चिंतित भी और इसलिए उसने 2024 चुनावों के लिए रणनीति बनानी शुरू कर दी है। भाजपा के प्रचंड बहुमत के बाद विपक्षी समूह इंडिया स्थिति का आकलन कर रहा है।

## पावन प्रसंग

# लोकप्रिय बनिए

चेहरा मनुष्य की आंतरिक स्थिति का दर्पण है, इस कहावत में बहुत कुछ सच्चाई है। चेहरे पर प्रसन्नता और हल्की मुस्कान का बना रहना, इस बात का प्रतीक है कि यह व्यक्ति उलझनों से रहित और सफलताओं की संभावनाओं से भरा-पूरा है। ऐसे ही व्यक्तियों का सान्निध्य लोग पसंद करते हैं। मनहूस शक्ल बनाए बैठे रहने वाले, उदासी-खिन्नता, विपत्ति और असफलता का भाव प्रकट करने वाले चेहरे दूसरों की उपेक्षा का कारण बनते हैं। मनोमालिन्य मतभेद अथवा उलझी हुई गुत्थी प्रसन्न मुख चेहरे से बात की बात में सुलझ जाती है, जबकि उसी बात को तूल देने वाले और गंभीरता लेने वाले लोग उलझन को और भी अधिक बढ़ा लेते हैं। चर्चा के प्रसंगों में जहां तक संभव हो, प्रयत्न, आशा और उत्साहवर्द्धक प्रकरणों को ही आगे रखना चाहिए। आवेश और उत्तेजना से सदा बचे रहा जाए।

लोकप्रियता प्राप्त करने की आकांक्षा का समर्थन ही किया जाना चाहिए और उसके लिए आवश्यक पथ प्रदर्शन भी किया जाना चाहिए। इस संदर्भ में कुछ ध्यान रखने योग्य सूत्र नीचे प्रस्तुत किए जाते हैं- अपनी आकृति चैतन्य और सजग जैसी रखिए। वस्त्रों को स्वच्छ रखिए। मैले-कुचैले, अस्त-व्यस्त, बिना बटन और बिना करीने के कपड़े चाहे वे कीमती ही क्यों न हों, व्यक्ति के आलसी और लापरवाह होने की चुगली करते हैं। वेश- विन्यास और चेहरे की चेष्टा ऐसी अवश्य होनी चाहिए, जिससे स्वच्छता, जागरूकता और व्यवस्था का परिचय मिलता हो। हाथ मटकाना, आंखें नचाना, अकारण हँसना या ऐसी भाव-भंगिमा जो सभ्योचित न हो, नहीं अपनाई जानी चाहिए। दांत से नाखून चबाना अकारण बार-बार सिर या कोई अंग खुजाने की क्रिया कई लोगों को आदत पड़ जाती है। ये बातें दूसरों पर ऐसा असर डालती हैं, जिससे व्यक्तित्व का मूल्य गिर जाता है। लोकप्रियता के लिए प्रथम व्यवस्था हमें यह जुटानी चाहिए कि अपनी वेशभूषा एवं आकृति-प्रकृति में सज्जनता और शिष्टता का आवश्यक पुट विद्यमान रहे।

शालीनता और सज्जनता आत्मप्रशंसा की आदत बुरी है, इससे अपना घटियापन प्रकट हो होता है। इसी प्रकार दूसरों की कमियों, भूलों एवं असफलताओं को बार-बार चर्चा करना यह बताता हैकि उनको तिरस्कृत एवं लांछित किया जा रहा है। अपनी सफलता की बात की बढ़ा चढ़ा कर चर्चा करना अपने अहंकारी होने का प्रतीक है।

अपने को उपयोगी सिद्ध कीजिए। लोग आमतौर से उसकी ओर आकर्षित होते हैं, जिससे कुछ आशा होती है या प्रसन्नता मिलती है। लोग आपके पास आएं और प्रसन्नता लेकर जाएं, ऐसा वातावरण बनाए रहना चाहिए और यथासंभव ऐसे साधन भी प्रस्तुत करने चाहिए। लोग आपको उपयोगी और समय पड़ने पर कुछ सहायता कर सकने वाला समझें। केवल गप्पें हांकने, विदूषक बनने बेकार में मारे-मारे फिरने, दोस्तीबाजी में पैसे उड़ाने,झूठी उम्मीदें दिलाने जैसे उपायों से सस्ती लोकप्रियता प्राप्त की जाती है, वह ठहरती नहीं। उथले प्रयत्नों का कभी गहरा प्रभाव नहीं हो सकता।

हमारा व्यक्तित्व ऐसा होना चाहिए जो दूसरों की अपेक्षा अधिक विशेषता लिए हुए हो। आवश्यक नहीं कि धन,विद्या या पद में ही हम दूसरों से बड़े हों। यदि चरित्र, नम्रता, प्रामाणिकता, सज्जनता की दृष्टि से भी हम अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर सकें तो निस्संदेह लोकप्रियता बढ़ती जाएगी। मित्रों तथा प्रशंसकों की संख्या बढ़ेगी। जो व्यक्ति जितना लोकोपयोगी बनता जाता है, उतना ही लोकप्रिय बनता जाता है।

युग निर्माण योजना

## आपके पत्र

# वसुंधरा राजे क्या विद्रोह कर पाएंगी ?

भाजपा में माननीय मोदीजी ने तमाम संवैधानिक नियमों को धीरे-धीरे विलोपित कर अपनी तानाशाही कायम की है। उदाहरण स्वरूप केंद्रीय मंत्रियों के अधिकार अपने पास रखें हैं वे नाम मात्र के मंत्री हैं। स्वायत्तता संस्थाओं,जांच एजेंसियों को गुलाम बना रखा है। मीडिया की हालत पतली कर रखी है। अब मुख्यमंत्रियों पर भी गुजरात मुख्यमंत्री की तरह शिकंजा कसने की तैयारी है। यह पूरी तरह जाहिर है कि शिवराज सिंह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री होने का अधिकार रखते हैं किंतु वे मोदीजी के आगे सज़्दा हैं और कहने लगे हैं मैंने मुख्यमंत्री बनने के लिए भाजपा को नहीं जिताया जबकि वे सभाओं में खुलेआम कहते रहे हैं मैं मुख्यमंत्री बनूं या नहीं। जनता हुंकार भरती रही। हां, अब वे अपने कमज़ोर ज़मीर के कारण पीछे हटने की बात कर रहे हैं।

दूसरी ओर राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के तेवर शुरु से ही सख्त रहे हैं उन्होंने मोदीजी की कई बार उपेक्षा भी की है। उसका कारण राजस्थान की ज़मीन पर उनकी अच्छी पकड़ है और सामंती अंदाज़ भी। जैसा कि सुना जा रहा कि यहां मोदीजी नए चेहरे की तलाश में हैं। उनके मुकाबले उन्होंने दीया कुमारी को जो राजघराने से ताल्लुक रखती हैं मैदान में उतारा था। लेकिन संघ की ओर से गोरखपंथी बाबा बालक दास का नाम आना बड़ा दुविधा उत्पन्न कर रहा है। इस केन्द्रीय ख़बर ने वसुंधरा को और मज़बूती से प्रतिरोध के लिए उकसाया है। उन्होंने अपने विधायक दल की बैठक बुलाई जिसमें 70 समर्थक मौजूद रहे। नियमानुसार उनका हक़ बनता है कि वे सत्ता पर काबिज हों।

यह सब देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र और राज्य के अधिकारों को लेकर वसुंधरा यदि अपनी दम-खम दिखाती हैं और उन्हें फायदा मिलता है तो शायद शिवराज सिंह भी संघ का सपोर्ट लेकर प्रदेश में विधायकों को मुखर कर सकते हैं। यदि यह मुनासिब न हो पाता है तो पक्का मानिए मोदीजी के खिलाफ़ बहुत से नाराज़ लोग भाजपा का एक नया गठबंधन बना सकते हैं। इनकी अगुवाई हेतु नितिन गडकरी आ सकते हैं केन्द्र से असन्तुष्ट मंत्री भी साथ हो जाएं तो आश्चर्य नहीं।

बहरहाल सारा दारोमदार वसुंधरा राजे के ऊपर निर्भर है। वे भी सरेंडर करती हैं या मुख्यमंत्री बनने संघर्ष करती हैं। यह संगीन मामला है किंतु वे यदि जनता के मतों के सम्मान में विद्रोह कर पाती हैं तो लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षार्थ वे एक मिसाल बनेंगी।

-सुसंस्कृति परिहार

# मटर सस्ता होते ही उपभोक्ताओं की खरीददारी बढ़ी



## फुटकर भाव घटकर 10-15 रूपये किलो पर आए

**जबलपुर, देशबन्धु।** बदलते मौसम के बीच मटर की तुड़ाई तेज होते ही आवक का दबाव बढ़ने लगा। इससे न सिर्फ थोक में बल्कि खुदरा बाजार में भी मटर की कीमत तेजी से नीचे आने लगी। आलम यह है कि बुधवार के दिन मुख्य सब्जी मण्डी पड़ाव में मटर 10 रूपये से लेकर 15 रूपये किलो तक के भाव पर बिका। हालाकि 10 रूपये पर बिकने वाले मटर की क्वालिटी हल्की रही। दूसरी तरफ किसानों को मटर का मुआवजा देने की घोषणा के बाद व्यापारी भी क्षतिपूर्ति की मांग कर रहे हैं वहीं बारिश के चलते भी आज मण्डी में मटर की आवक लगभग शून्य जैसी रही। फुटकर में मटर के सस्ते होने से इसके शौकीनों ने खरीददारी बढ़ा दी। आज मुख्य सब्जी मण्डी में मटर की खरीददारी सस्ते होने के कारण जोरदार रही।

जानकारों का कहना है कि बदलते मौसम और बारिश के चलते मटर की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है और यही वजह है कि किसानों को मटर की कीमत उम्मीद से कम मिल रही है। हालाकि पूर्व में बेहतर क्वालिटी मटर की आवक होने पर दिसावरों की मांग जोरदार रही और लोडिंग भरपूर हो रही थी। फिलहाल मटर की आवक कमजोर पड़ने से दिसावारों की लोडिंग भी कम हो गई है। वहीं मटर की क्वालिटी के चलते भी बाहरी व्यापारी सौदे कम कर रहे हैं।

### फूल गोभी, पालक, मैथी, लालभाजी भी हुई सस्ती

मटर के साथ-साथ लोकल आवक बढ़ने से फूल गोभी, पालक, मैथी, लालभाजी के दाम भी घटे हैं। 20 से 30 रूपये नग तक बिकने वाली फूलगोभी के दाम 10 से 20 रूपये नग रह गए हैं। वहीं मैथी पालक व लालभाजी 20 रूपये किलो तक बिकने लगी है।

### भटा सहित अन्य हरी सब्जियां महंगी

लोकल आवक शुरू होने के बावजूद भटा अभी भी 40 रूपये किलो के भाव से बिक रहा है। दूसरी तरफ शिमला मिर्च 40 से 60 रूपये, फ्रासबीन 80 से 100 रूपये किलो के ऊंचे भाव पर बिक रही है। पत्तागोभी 20 से 30 रूपये , लौकी व कद्दू 20-30 रूपये व भिण्डी 40 से 60 रूपये किलो के ऊंचे भाव पर बिक रही है।

### टमाटर 30-40 रूपये किलो पर

लोकल आवक शुरू होने के बावजूद टमाटर की कीमत ऊंची बनी हुई है, फुटकर में टमाटर 30 से 40 रूपये किलो तक बिक रहा है। हालाकि कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में आवक का दबाव बढ़ने पर भाव घट सकते हैं।

### प्याज के भाव ऊंचे, नए आलू की आवक शुरू

प्याज की आवक कमजोर होने के कारण भाव ऊंचे बने हुए हैं। फुटकर में प्याज 50 -60 रूपये किलो के ऊंचे भाव पर बिक रहे हैं। जबकि आलू की नई आवक शुरू होने से भाव घट रहे हैं। एक तरफ पुराना आलू 20 रूपये किलो के भाव से बिक रहा है। वहीं नया आलू 60-70 रूपये प्रति 5 किलो तक बिक रहा है।

# भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचने दिये टिप्स




**जबलपुर, देशबन्धु।** पांच दिसम्बर साय: 4.30 बजे भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय जबलपुर के तत्वाधान मे शहीद स्मारक गोल बाज़ार के प्रेक्षागृह मे टाउन हाल मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबन्धक विवेकानंद गिरि के द्वारा की गयी। इस सभा मे लगभग 50 ग्राहकों के साथ मुख्य प्रबन्धक अनुपालन प्रवीण झा,मुख्य प्रबन्धक जमा तथा मूल्य संवर्धित सेवा अनुराग मिश्रा के अतिरिक्त प्रबन्धक अनुपालन उमेश चन्द्र केसरिया उपस्थित थे।

ग्राहकों को वर्तमान परिपेक्ष्य मे हो रही ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के तरीके के साथ साथ बैंक के द्वारा प्रदान किए जा रहे उत्पादों की जानकारी के अतिरिक्त बैंक द्वारा वरिष्ठ जनो के लिए शुरू की गयी हेल्पलाइन की जानकारी दी गयी। बैठक मे चर्चा के दौरान सम्मानीय अथितियों के द्वारा बैंक की ग्राहक सुविधाओ को और अधिक बेहतर बनाने हेतु मूल्यवान सुझाव दिये गए जिन्हे संज्ञान मे लेते हुए आवश्यक क्रियान्वयन हेतु उन्हे आश्वासन दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन अनुराग मिश्रा द्वारा किया गया ।

# डॉ आंबेडकर ने हर वर्ग और मत को एक समान न्याय दिलाया- अन्नु सिंह



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की माटी के सपूत संविधान के निर्माता दलितों के मसीहा प्रख्यात अर्थशास्त्री कानूनविद् महिला सशक्तिकरण के पक्षधर विदेश से डॉक्टरेट की डिग्री लेने वाले पहले भारतीय भारत रत्न भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर हाईकोर्ट चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जगत बहादुर सिंह अन्नु ने कहा की वंचितों एवं सर्वहारा वर्ग के उत्थान में डॉ भीमराव अंबेडकर की भूमिका सराहनी हर वर्ग और मत को एक समान न्याय दिलाया था डॉ भीमराव आंबेडकर ने ।श्रद्धांजलि एवं संगोष्ठी सभा में पूर्व पार्षद भगत राम अमरीश मिश्रा लक्ष्मण गोटिया अख्तर अंसारी चमन पासी रिजवान कोटी भाग्यश्री गोस्वामी इंदु सोनकर गौरी सेन विष्णु विनोदिया अनिल गुप्ता अतुल जोसेफ राजू वैन मनोज रामटेक आदि उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री मनोज सेठ ने किया।

# डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर का सदैव नमन: दयानंद हराले



**जबलपुर, देशबन्धु।** बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति जबलपुर के तत्वाधान में हाई कोर्ट चौरहा स्थित डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष 67 वाँ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष आयुष्मान दयानंद हराले जी ने डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती और अगरबत्ती प्रज्वलित की। और कार्यक्रम संयोजक नन्दकिशोर टेम्भुर्णे जी ने भी डॉ बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के पास विश्वगुरू तथागत गौतम बुद्ध की वन्दना की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष आयुष्मान दयानंद हराले जी ने कहा आधुनिक भारतीय समाज को बौद्ध धम्म की और अभिमुख करना डॉ बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जितनी बड़ी करामात है, उतनी कड़ी देन। कार्यक्रम संयोजक आयुष्मान नन्दकिशोर टेम्भूर्णे जी ने कहा डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर का जीवन महान था। उनकी महापरिनिर्वाण, जीवन से भी बढ़कर महान था और 67वां महापरिनिर्वाण दिवस का उपासक एवं उपासिकाओं ने डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के सदस्य पंकज मेश्राम, धर्मशील चाटे, राजू फुले, दिलीप सहारे, सिद्धार्थ उके, मनोज वाघमारे, टी.डी. हुमने, विश्वनाथ धरगे, राजेश भोवरे, वीरेन्द्र बौद्ध, माला चिकाटे, मीना खापर्डे मौजूद रहे।

# रादुविवि में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर, देशबन्धु।** अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ एवं डॉ अंबेडकर स्टडी सेंटर के तत्वाधान में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय झारिया, सुखदीन कटारे ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय परिवार की ओर से माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर कुलपति ने संबोधित करते हुए संविधान और बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर कुल सचिव अभयकांत मिश्रा, सहायक कुलसचिव सुनीता देवड़ी, सहायक कुलसचिव पंचम सनोडिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में संजय मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, सुनील मिश्रा, लक्ष्मण गौंड़, वीरेंद्र पटेल, डा. हरीश यादव, वंशबहोर पटेल, राकेश लालपुरहा, सत्येंद्र मणि शर्मा, धनुष परस्ते, चक्रेश अहिरवार, रवि अहिरवार, अनिल धनगर, रामशंकर द्विवेदी, सुरेंद्र राठौर, जितेंद्र तिवारी, नीरज पांडे, राकेश कुमार, शुभम कठहोता, हरे कृष्ण पांडे, सौरभ सोनी, मोनी सुरेंद्र, शरद कौशिक, दुर्गा पदमांगे, हीरालाल भारती तथा जबलपुर परिसंघ की ओर से विशेष रूप से जगदीश नन्हेट, राजेंद्र कापसे, मुक्तेश्वर राव, दिलीप सेन इंटक नेता, सुरेंद्र लखेरा, किशोरी लाल बढ़ेल, राजकुमार बरसे आदि ने बाबा साहब के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की।

# चेरीताल में बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित

भारतीय संविधान का निर्माण बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की दूरदर्शिता ही है। जिसमें सभी वर्गों के कल्याण और उत्थान करना है। बाबा साहब के अधूरे सपनों को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूर्ण किया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति का कल्याण हो रहा है। यही बाबा साहब का स्वप्न था उक्त उद्गार पार्षद प्रतिभा भापकर ने चेरीताल में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहे।



इस अवसर पर विध्येश भापकर, आशीष चौधरी, अशोक चौधरी, शंकर नेता, राकेश चक्रवर्ती, प्रकाश चौधरी, रितिक अग्रवाल, धर्मेन्द्र कुमार, राजू, पापा अहिरवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे में बाबा साहेब को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**जबलपुर, देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 67 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील द्वारा बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया एवं बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर देश के विकास में योगदान करने का आव्हान किया गया ।




इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, प्रदीप कुमार, मंडल के शाखा अधिकारी राजेश शर्मा, विश्व रंजन, सुबोध विश्वकर्मा, जयप्रकाश सिंह, मनीष पटेल, नितेश कुमार सोने, अखिलेश कुमार नायक, शची पति नंदन सहित सभी विभागों के विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर 10 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी के रावण पार्क में 10 दिसंबर को जनसुविधा केंद्र रावण पार्क में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन सुबह दस से तीन बजे तक आयोजित है। सुधीर दुबे सोनू ने बताया कि यहां पर नाक, कान, गला, स्त्री रोग, अस्थि रोग, शिशु रोग, दंत रोग से जुड़े डाक्टर मरीजों की जांच करेंगे एवं उचित स्वास्थ्य का परामर्श देंगे। शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसके लिये जरूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोजन समिति के दुबे ने सभी से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# नेशनल लोक अदालत के लिए 64 खण्डपीठ गठित

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय जबलपुर कुटुम्ब न्यायालय श्रम न्यायालय और तहसील न्यायालय सिहोरा एवं पाटन के प्रकरणों के निराकरण के लिए 64 खण्डपीठों का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि नेशनल लोक अदालत नौ दिसम्बर को आयोजित होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमाशंकर अग्रवाल ने बताया कि लोक अदालत की सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली गई है।

विद्युत प्रकरणों में लोक अदालत में छूट भी दी गई है। इसमें कंपनी द्वारा आंकलित राशि पर 30 प्रतिशत और आंकलित राशि के भुगतान में चूक होने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद प्रत्येक छह माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष लगने वाले प्याज पर सौ प्रतिशत छूट की जाएगी। इसी तरह सम्पत्ति कर और जल कर एवं उपभोक्ता प्रभार के प्रकरणों में भी छूट दी जाएगी।

# वंदे भारत में जुड़ेगा 51 सीटों वाला स्लीपर कोच

## कम दूरी के मुसाफिरों को कंफर्म सीट देने कवायद,फरवरी तक पटरी में दिखेगी योजना

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपने शुरुआती दिनों से ही सुर्खियों में रहने वाली वंदे भारत ट्रेन एक बार फिर से चर्चा में हैं। इस बार ताजा खबर है कि अब वंदे भारत में एसी चेयर कार के साथ स्लीपर कोच भी जोड़ा जाएगा। रानी कमलापति स्टेशन से जबलपुर तक चलने वाली ट्रेन को पहले ही रीवा तक बढ़ाकर इसका एक्सटेंशन दिया गया है। जबलपुर में बैठे अधिकारियों का कहना है कि तैयारी शुरु कर दी गयी है,जैसे ही कोच आएंगे, उन्हें ट्रेन के साथ जोड़ दिया जाएगा।

रेलवे द्वारा स्लीपर कोच वंदे भारत एक्सप्रेस तैयार कराई जा रही हैं, लेकिन इनका रिस्पांस जानने के लिए प्रयोग के तौर पर वर्तमान में देश में दौड़ रहीं लंबी दूरी की वंदे भारत एक्सप्रेस में स्लीपर कोच जोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसमें जबलपुर से गुजरने वाली वंदे भारत ट्रेन भी शामिल है। संभावना जताई जा रही है कि ट्रायल के तौर पर ट्रेन में एक से दो स्लीपर कोच जोड़े जा सकते हैं।

### यहां तैयार हो रहे स्लीपर कोच

वर्तमान में चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्टरी में वंदे भारत एक्सप्रेस का स्लीपर वर्जन तैयार किया जा रहा है। पिछले दिनों रेल मंत्रालय ने भी घोषणा की थी कि फरवरी 2024 से स्लीपर वर्जन पटरियों पर दौड़ता नजर आएगा। इससे पहले स्लीपर कोच का फीडबैक लेने के लिए वर्तमान में चल रही कुछ वंदे भारत ट्रेनों में एक से दो स्लीपर कोच जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। प्रयोग के तौर पर पहले चरण में रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन, वाराणसी-नई दिल्ली, माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली, नागपुर-इंदौर जैसी लंबी दूरी तक चलने वाली ट्रेनों में स्लीपर कोच जोड़ने की तैयारी की जा रही है। स्लीपर कोच में कुल 51 सीटें रहेंगी। वहीं रेलवे की योजना है कि स्लीपर वर्जन में एक से दो कोच चेयर कार श्रेणी के भी शामिल किए जाएं, जिससे कम दूरी तक यात्रा करने वाले यात्रियों को कन्फर्म सीटें उपलब्ध हो सकें।

# आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को वितरित किये ऊनी वस्त्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग की एकीकृत बाल विकास परियोजना जबलपुर शहरी क्रमांक-3 के अंतर्गत गुप्तेश्वर स्थित अंगनवाड़ी केंद्र के 45 बच्चों को आज स्वयं सेवी संगठन वी शाइन फाउंडेशन की ओर से ऊनी वस्त्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमति वैशाली धारिया तथा सदस्य नमिता शर्मा , श्रीमति प्रतिमा खरे, श्रीमति उषा तोमर, सुशीला बामने, श्रीमति रेखा ओझा भी उपस्थित थीं।

# स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक गुरूवार 7 दिसंबर को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयति सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को योजनाओं की अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# गुणवत्ता एवं समय सीमा पर नहीं करेगें समझौता : महापौर



## सड़क निर्माण के लिए काटे गए वृक्षों के बदले 10 गुना पौधे लगाये अधिकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** आदर्श आचार सहिंता के समाप्त होते ही महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। एस.टी.पी. प्लांट निर्माण के कार्यो का निरीक्षण के बाद आज महापौर अहिंसा चौक से कचनार सिटी तक मॉडल रोड निर्माण कार्यो का निरीक्षण करने पहुँचे जहाँ उन्होंने सड़क निर्माण के प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं समय सीमा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। यदि गुणवत्ता प्रभावित हुई तो संबंधित के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जायेगी। महापौर के साथ निरीक्षण के मौके पर नेताप्रतिपक्ष एवं वार्ड पार्षद कमलेश अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री एस.के. बबेले, संभागीय अधिकारी सुदीप पटैल, सहायक यंत्री संदीप जायसवाल, एवं जल विभाग तथा उद्यान विभाग के उपयंत्री आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री अन्नू ने यह भी निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के लिए जितने पेड़ो की कटाई हुई है उससे 10 गुना अधिक पौधे लगाने अधिकारियों को दिये निर्देश। इस अवसर पर उन्होंने यह भी बताया कि सड़क निर्माण में बाधक लगभग 33 पोल और 2 ट्रॉसफार्मर को भी शिफ्ट करने की कार्रवाई की जायेगी।




महापौर ने इस क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के लिए सड़क के दोनो तरफ 1720 मीटर तक नई पानी की पाइप लाइन डाली जायेगी, जिससे कि लोगों को बेहतर जलापूर्ति हो सके। इस अवसर पर महापौर ने अधिकारियों को बताया कि सड़क निर्माण के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। गुणवत्ता प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ निश्चित रूप से बड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने महापौर ने की मैराथन बैठक

शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त करने महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" के द्वारा दो घंटे तक मैराथन बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट तौर पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता के कार्यो में बिल्कुल कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिनके द्वारा भी लापरवाही की जाती है तो उनके विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था उत्तम लाने के लिए तीन दिवस के अंदर दुरूस्त करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में महापौर



श्री अन्नू ने कहा कि जितनी भी कचरा गाड़ियों की मरम्मत होनी है उन सभी गाड़ियों की मरम्मत 24 घंटे के अंदर कराई जाये, जिसका निरीक्षण करने वे खुद पहुँचेगें। गाड़ियों की मरम्मत के लिए कल वे स्वयं 11:30 बजे वर्कशॉप कार्यालय पहुँचकर व्यवस्था का अवलोकन करेगें।

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सफाई व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन लाने अधिकारियों को बीट प्लाटन, नाला गैंग के लिए तिथिवार एवं वार्डवार कैलेण्डर तैयार करने के अलावा मशीनरी संशाधनों को भी वार्डवार प्लान तैयार कर सभी पार्षदों को अवगत कराने के निर्देश दिये। बैठक में शहर की समान्य सफाई व्यवस्था के साथ-साथ नाला नालियों की रूटीन के अनुसार सफाई कराने तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने के लिए भी अधिकारियों को सख्त निर्देश प्रदान किये। उन्होंने अभी से ही वर्षा जल निकासी के सभी अवरोधों एवं अवैध निर्माणों को हटाने की प्लानिंग तैयार करने के भी निर्देश प्रदान किये।





# भगवान की आराधना करेंगे तो सारे ऐश्वर्य आपको प्राप्त होंगे : स्वामी सदानंद सरस्वती

**जबलपुर, देशबन्धु।** भटौली ग्राम स्थित कालीघाट कालीधाम में महामृत्युंजय महायज्ञ के दूसरे दिन शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने कहा जन्म, प्रवेश और पालन जिसमें होते है, वह भगवान है। मांगना दोष नहीं है, हम भगवान से नहीं मांगेंगे तो किससे मांगेंगे। कामना तक ही देव की आराधना करना सीमित होने से निष्ठा नहीं बनती, तो फल की प्राप्ति नहीं होती।

यदि मांगेगे तो मांग के अनुरूप ही मिलेगा, और नहीं मांगने पर आपका सब हो जाएगा। भगवान की आराधना करेंगे तो सारे ऐश्वर्य आपको प्राप्त होंगे। बल प्राप्ति होना चाहिए लेकिन अभिमान नहीं। अभिमान मानव का पतन करता है। कथा में रहस्य, विनोद और मन को प्रसन्न करने वाले प्रसंग होते है। कथाओं के पीछे रहस्य होता है, रहस्यों को नहीं समझा तो शंका, संदेह होता है। इसलिए कथा का श्रवण किया जाता है। महामृत्युंजय महायज्ञ के दूसरे दिन सर्व देवपीठ आव्हान, सर्व देवपीठ पूजन, शिवलिंग पूजन पंचखंड द्वादश पीठाधीश्वर दंडी स्वामी प्यारेनंद द्वारा किया गया। डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज ने माँ काली का पूजन-अर्चन किया।

व्यासपीठ कालीधाम शिष्य परिवार भैयालाल अवस्थी, रघुवीर श्रीवास, अजय यादव, भारत भूषण खत्री, मनीष अग्रवाल, राकेश गोस्वामी, अशोक तिवारी, यज्ञेश श्रीधर, महिपाल सिंह, संतोष केशरवानी, शेरू, अजय तोमर ने पादुका पूजन की। धार्मिक अनुष्ठान में महंत चंद्रशेखरानंद, रंजीतानंद, आनंदधाम, डॉ. स्वामी मुकुंदानंद, डॉ. राजीव लोचन त्रिपाठी, अनिल उसरेटे, कालिकानंद, यज्ञाचार्य पं रोहित दुबे शामिल हुए। कथा स्थल पर काली धाम परिवार के पूर्व महापौर स्वाती गोडबोले, डॉ दीपक बहरानी, संदीप जैन, रघुवीर,श्रीराम खत्री,अनिल उसरेटे, इंद्र कुमार तिवारी, डी ओ पी राव प्रदीप चौहान, प्रभात दुबे, रामकुमार विश्वकर्मा, राजू दुबे, महीपाल राजपूत, ब्रजभूषण खत्री, मीडिया प्रभारी अनिल उसरेटे ने जानकारी दी कि पूज्य गुरूदेव महाराज द्वारा सभी श्रृद्धालु जनों के लिए यज्ञ स्थल पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

**जनेऊ संस्कार 8 दिसंबर को-** कालीधाम कालीघाट में श्री पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर श्री दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती, स्वामी प्यारेनंद महाराज के सानिध्य में जिन सज्जनों को अपने पुत्रों का यज्ञोपवित संस्कार करवाना है। कालीधाम में पूज्य गुरुदेव महाराज से संपर्क कर अपना नाम लिखवाये। गुरुदेव की ओर से पूरी व्यवस्था होगी केवल अपने पुत्रों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहना होगा।

# सोशल वर्क में डोनेशन देकर लोग उठा रहे इनकम टैक्स में छूट का लाभ

## शहरवासियों में अपनाया जा रहा कॉन्सेप्ट, एक्सपर्ट्स से सजेशन ले रहे लोग

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर भारतीय धर्म और कर्म को प्रमुखता देता है। इसके लिए वे मंदिरों में दान के साथ-साथ जरूरतमंदों को भी डोनेशन देते हैं। लोगों का यह काम उन्हें फाइनेंस मैनेजमेंट में भी मदद कर रहा है। दरअसल सोशल वर्क में डोनेशन देकर लोग इनकम टैक्स में छूट का फायदा उठा रहे हैं। शहरवासियों द्वारा इनकम टैक्स की छूट के लिए यह कॉन्सेप्ट तेजी से अपनाया जा रहा है, जहां एक्सपर्ट के सजेशन को शहरवासी पहले प्रमुखता दे रहे हैं।

**डोनेशन के बाद मॉनिटरिंग जरूरी-** विशेषज्ञों का कहना है कि अपनी कमाई का एक हिस्सा यदि डोनेशन में देते हैं, तो इसके बाद संस्था की मॉनिटरिंग भी की जाना




जरूरी है। यह देखना होगा कि संस्था को सौंपा गया, दान वे किस तरह से सरोकार के उपयोग में ले रहे हैं। शहर में इनकम टैक्स में राहत पाने के लिए कई लोग इस कॉन्सेप्ट पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में आईटी एक्ट के सेक्शन 80 में प्रावधान बनाए गए हैं।

### इन संस्थाओं में दे सकते हैं डोनेशन

- राष्ट्रीय आपदा राहत कोष
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
- राष्ट्रीय शिक्षा मिशन
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम
- राष्ट्रीय पोषण मिशन
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन
- राष्ट्रीय ग्रामीण विकास
- धर्मार्थ संगठन एवं ट्रस्ट
- सामाजिक कल्याण संगठन
- शैक्षिक संस्थान एवं स्वास्थ्य सेवा संस्थान

### एक्सपर्ट टॉक

डोनेशन करने पर छूट सिर्फ फिक्स अमाउंट, ड्राफ्ट या चेक से दो हजार या उससे अधिक की राशि पर मिलती है। यह नियम सामग्री, भोजन, दवाओं, लेखन सामग्री, किताबों के डोनेशन पर लागू नहीं है। डोनेशन के बाद रसीद जरूर लें। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में इसकी जरूरत होती है।

**-यशी बल्दवा, सीए**

- डोनेशन में वस्तु पर टैक्स छूट क्लेम नहीं कर सकते हैं। लेकिन मंदिर के कंस्ट्रक्शन, रेनोवेशन या रिपेयरिंग के लिए डोनेशन देते हैं तो इसमें छूट क्लैम कर सकते हैं। क्लैम के लिए आईटीआर फाइल करते समय 10बीई सर्टिफिकेट जमा करना होता है, जो संस्था प्रदान करती है।

**-मुकेश जैन, सीए**

# मध्य प्रदेश के मुफ़्ती-ए-आज़म का समाजसेवी ने किया इस्तकबाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** हज़रत मौलाना डॉ. मुशाह्दि रज़ा कादरी बुर्हानी को मुफ़्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश नामजद होने पर वरिष्ठ समाजसेवी हाजी कदीर सोनी ने इस्तक़बाल किया। हाजी कदीर सोनी ने बताया कि दशकों से इस घराने ने शहर की रहनुमाई की है। जिस तरह हज़रत, अल्लामा, अल्हाज, मौलाना मोहम्मद महमूद अहमद कादरी साहब ने सभी धार्मिक, समाजिक, राजनैतिक लोगों के साथ मिलकर शहर के अलावा देश प्रदेश में कौमी एकता अमन चैन, भाईचारे का पैगाम दिया है। आगे भी जारी रहेगा, और हम आगे भी इस घराने के फैसले पर लब्बेक कहेंगे। इस मौके पर मंसूरी समाज के सरदार हामिद हुसैन, पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान, समाज सेवी हाजी मक़बूल अहमद रज़वी आदि मौजूद रहे।



# भक्त में होती है भगवान को पाने की अभिलाषा : स्वामी नरसिंह दास



**जबलपुर, देशबन्धु।** भक्ति रस में डूबा भक्त अपने इष्ट की आराधना में लीन रहते हैं। भक्ति में सिर्फ भगवान के दर्शन की अभिलाषा होती है, कभी भी अभीष्ट सिद्धि प्राप्त करने की चाहत नहीं होती है। सुदामा श्रीकृष्ण के मित्र के साथ ही अनन्य भक्त भी थे। भगवान श्री कृष्ण सुदामा के चरणों को पखार कर समस्त दु:खों को हर लेते हैं। श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन में स्वामी जी ने कहा वेद वेदान्त सारं हि - श्रीमद् भागवत भिष्यते यह श्रीमद् भागवत के सम्पूर्ण वेद वेदान्त का सार भूततत्व है। श्री रुकमणी ने भगवान के गुणों को केवल सुना था दर्शन नहीं किया था। पर त्रेता में भगवती सीता ने पुष्पवाटिका में दर्शन करके ही बरण कर लिया था। लोचन मग रामही उर आनी। अर्थात हमारे आप के जीवन में दोष और गुण के दो ही मार्ग है, नेत्र मार्ग और श्रवण मार्ग, इसलिए हमें सावधान रहना चाहिए। नैनों से हम जो भी देखें व जो भी सुने वह हमारे जीवन में कल्याण करने वाला हो। अनावश्यक तत्वों से बचने का प्रयास करना चाहिए। स्वामी जी ने उदाहरण देते हुए कहा जैसे नाव पानी में रहती पर डूबती नहीं, कब तक जब तक नाव में पानी नहीं भर जाता। युधिष्ठिर जी के राजसूय यज्ञ का वर्णन व भीमसेन के द्वारा जरासन्ध के वध का वर्णन किया है। भगवान के चरण भक्तों ने पखारे, पर भगवान ने भक्त के चरण धोये यह केवल सुदामा चरित्र में प्राप्त होता है, उक्त उद्गार नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज ने नरसिंह मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा पुराण सप्ताह के सप्तम दिवस श्रीकृष्ण सुदामा चरित में कहे।

# कल खेल में हम हों ना हों गर्दिश में तारे रहेंगे सदा

## सीनियर सिटीजन क्लब का स्थापना दिवस समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीना यहां मरना यहां..., आज फिर जीने की तमन्ना है..., एक दूसरे से करते हैं प्यार हम...जैसे गीतों पर सीनियर सिटीजन्स ने डांस परफॉर्मेंस दी। डांस का दौर चला, तो सुरीले गीतों ने भी समां बांधा। मंगलवार को सेम सीनियर सिटीजन क्लब के तत्वावधान में 14वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान क्लब के सदस्यों को डायमंड कपल अवॉर्ड प्रदान किए गए।

**पर्ल और डायमंड अवॉर्ड-** कार्यक्रम में 10 नए सदस्यों को पर्ल और 4 कपल्स को डायमंड अवॉर्ड दिए गए। इस मौके पर समाजसेवी बाबू विश्वमोहन, उद्योगपति राजेश माहेश्वरी, एसएएफ कमाण्डेंट साकेत पांडे, संभागीय सह आयुक्त अरविंद यादव, शिक्षाविद डॉ. हरिशंकर दुबे, संस्थापक जादूगर एसके निगम, विंग कमांडर चंदन शर्मा, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, जसवीर चौपड़ा, राजकुमारी रैकवार, रश्मि श्रीवास्तव मौजूद रहीं।



# जैन महिला परिषद् ने कविता पाठ एवं गायन में दिखवाया हुनर

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद् शक्तिनगर शाखा के तत्वावधान में विविध प्रतियोगिताओं में छात्रों ने हुनर दिखाया। इस कड़ी में कविता पाठ, गायन प्रतियोगिता, चित्रकला से संबंधित प्रतियोगिताएं हुईं। बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत कर सर्टिफिकेट सौंपे गए। इस मौके पर नीलम जड़ी बूटी, सीमा जैन, हेमा जैन, अध्यक्ष वैशाली जैन, सचिव स्वीटी जैन, कोषाध्यक्ष प्रिया जैन, अपर्णा नाहर, स्मृति जैन, सरोज नाहर, किरण नाहर, प्रीति नाहर, प्रीति जैन मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 07 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन कृष्णपक्ष की दशमी। नक्षत्र- हस्त।**

**मेष**
स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे।

**वृषभ**
आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा।

**मिथुन**
नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा।

क. 256-447

**तुला**
आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना- जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे।

**धनु**
आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है।

**कर्क**
गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी।

**सिंह**
आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा।

**कन्या**
आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा।

**मकर**
नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा।

**कुंभ**
आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी।

**मीन**
मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख- शांति और आनंद का वातावरण रहेगा।

मा. 379-379

4,7,0,6,49,75,08,61,16,65,31,45

# जोगियों के दल से पति को खींच लाती है सावित्री

## उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के तत्वावधान में पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुभारंभ हुआ। शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम के प्रथम दिन मुम्बई की नाट्य संस्था अनुष्ठान द्वारा देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में जोगिया राग नाटक का मंचन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर जगत



बहादुर सिंह ने दीप प्रज्जवलित करने साथ ही कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी कृष्णमोहन द्विवेदी, अतुल, वरिष्ठ रंगकर्मी हिमांशु राय, संजय पाण्डेय, ऋषि यादव, आशुतोष द्विवेदी, तपन बैनर्जी, राजेंद्र दानी मौजूद थे।

**जोगिया राग मूलत-** गांव में रहने वाली सावित्री की कथा है। जिसे लोग सवितरी नाम से पुकारते हैं। सावित्री का विवाह ब्राह्मण कुल में पैदा हुए बालमुकुंद के साथ होता है, वह भविष्य के सपने संजोए अपने ससुराल आती है, लेकिन उसी रात बालमुकुन्द सावित्री को बिना बताये घर-गृहस्थी छोड़कर चला जाता है। गांव में ये बात फ़ैल जाती है, कि वह जोगी बन गया। घर में सावित्री और उसके बूढ़े ससुर ही बचते हैं। मुकुंद की प्रतीक्षा करते-करते सावित्री पन्द्रह साल बिता देती है, लेकिन मुकुंद वापस नहीं आता। एक रात जब गांव में जोगियों का दल आया रहता है, तो सावित्री अपने मुकुंद को जबरदस्ती जोगियों से खींच कर लाती है।




# न्यूट्रिशन का खजाना है मिलेट्स फूड

## वनएमपी आर्टी एनसीसी का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मिलेट्स फूड सुपर फूड है। पुराने दौर से ही यह लोगों की थाली में शामिल होकर लोगों में पोषण की कमी को पूरा कर रहा है। वहीं अब दोबारा लोगों की खाने में मिलेट्स प्रमुखता से शामिल हो रहे हैं। खासतौर पर विंटर सीजन में मिलेट्स फूड लोगों की सेहत और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा रहे हैं। यह जानकारी जेएनकेविवि के डॉ. एसबी अग्रवाल, डॉ. राहुल झारिया और डॉ. हेमंत कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को दी।

6 दिसम्बर 2023-हेमंत कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को दी। वनएमपी आर्टी एनसीसी यूनिट के तत्वावधान में रानी दुर्गावती विवि में मिलेट्स फूड पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

**पोषण का भंडार-** कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मोटे अनाज पोषण का भंडार है। शरीर आयरन, कैल्शियम और अन्य विटामिन और मिनरल्स का सोर्स मोटे अनाज से पूरा होता है। कार्यक्रम में ट्रेनिंग ऑफिसर, सेना मेडल विक्रांत त्यागी, कर्नल सौरव चौहान, सूबेदार अकिल हुसैन मौजूद थे।

# मानव सेवा ही सर्वोपरि सेवा है

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रशासन के आनंद विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय स्वैच्छिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विक्टोरिया और एल्गिन हॉस्पिटल में फल और जरूरी सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मानव सेवा ही सर्वोपरि है। ऐसे में कार्य करने से आत्मिक शांति मिलती है। इसका प्रभाव जीवन शैली पर पड़ता है। अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड, मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत सिंह ने कहा कि परोपकार करने से बड़ा जीवन में कोई सुख नहीं है। इस मौके पर समन्वयक दीप्ति ठाकुर, प्रतिभा दुबे, प्रिंसी जैन, पूजा जैन, डॉ. नीलकमल सुहाने, डॉ. भावना मिश्रा मौजूद रहीं।



# शासकीय मानकुंवर महिला महाविद्यालय

## कर्तव्यपथ के शिविर में हिस्सा लेकर लौटी

**जबलपुर, देशबन्धु।** मानकुंवर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका प्रियंका बर्मन ने उत्तराखण्ड में आयोजित प्री-आरडीसी के शिविर में सहभागिता की। 15 दिवसीय शिविर में अनुशासन के साथ-साथ परेड संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेवाकार्य, दौड़ और खेलकूद से जुड़े प्रशिक्षणों को प्राप्त किया। शिविर में प्रियंका को सर्टिफिकेट और बैग प्रदान किया गया। शहर वापसी पर कॉलेज प्राचार्य द्वारा प्रियंका को सम्मानित किया गया।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री सुरेंद्र भाटिया-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री सुरेंद्र भाटिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवानंद मेश्राम-** शारदा नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री देवानंद मेश्राम (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अरूणेंद्र शेखर शुक्ला-** रांझी बाजार निवासी श्री अरूणेंद्र शेखर शुक्ला (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा बाई अग्रवाल-** मिलौनीगंज चौक के निकट निवासी श्री पुरूषोत्तम दास अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उमा बाई अग्रवाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई वासनिक-** दुर्गा नगर भटौली ग्वारीघाट निवासी श्री तुलसीराम वासनिक की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई वासनिक (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दोजा बाई बर्मन-** दुर्गा नगर रामपुर शंकरशाह वार्ड निवासी श्री विश्राम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती दोजा बाई बर्मन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा- आनंद कॉलोनी बल्देवबाग उखरी रोड निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद मिश्रा (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गौरा बाई समन-** न्यू गोकलपुर निवासी श्री शिव प्रसाद समन की धर्मपत्नी श्रीमती गौरा बाई समन (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमी बाई पारस-** हैलटगंज सदर निवासी श्री मूलचंद पारस की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमी बाई पारस (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई समुंद्रे-** वाजपेयी कम्पाउंड पेंटीनाका सदर निवासी श्री मिट्ठू लाल समुंद्रे की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई समुंद्रे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री भूषण कुमार चतुर्वेदी-** अवधपुरी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड निवासी श्री भूषण कुमार चतुर्वेदी (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री शिव प्रसाद प्रजापति-** गोपाल होटल सिद्धबाबा रोड निवासी श्री शिव प्रसाद प्रजापति (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छोटे लाल ठाकुर-** इंद्रा बस्ती एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्री छोटे लाल ठाकुर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या पर करणी सेना ने किया प्रदर्शन

### गोली के बदले आरोपियों का एनकाउंटर, नहीं तो जबलपुर होगा बंद





**जबलपुर, देशबन्धु।** राजस्थान के जयपुर में राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की घर में घुसकर बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या करने के मामले में देश भर में राजपूत समाज के लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। जगह-जगह राजपूत समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में जबलपुर में भी बुधवार को राजपूत समाज के लोगों ने सिविक सेंटर में अपना आक्रोश जताया। जिसमें जमकर नारे बाजी की और टायर जलाये। जबलपुर जिले के करणी सेना के कार्यकर्ता व संपूर्ण राजपूत समाज एक जुट होकर सिविक सेंटर पहुंचा और रोष जताया। सभी लोग एकजुट हुए और कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया। करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिहं गोगामेडी की हत्या किये जाने के बाद जबलपुर के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह चौहान ने जिला प्रशासन से दो टूक कहा है कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के आरोपियों का पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई है। उन्होंने कहां की जैसे उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या की गई है। वैसे ही आरोपियों को पड़कर उनका एनकाउंटर होना चाहिए। करणी सेना के लोगों को आरोपियों की गिरफ्तारी से कोई लेना देना नहीं है। यदि ऐसा न हुआ तो राजस्थान में करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री की शपथ नहीं लेने देने की बात कही गई है उसी प्रकार जबलपुर में भी जबलपुर बंद किया जायेगा और प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।



## वकील के घर में घुसकर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

### बाल्टी फेककर बचाई जान

**जबलपुर, देशबन्धु।** धनवंतरी नगर पुलिस चौकी अंतर्गत अज्ञात बदमाशों ने एक वकील के घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। यह घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। इस मामले में धनवंतरी नगर क्षेत्र में रहने वाले वकील रवि सिन्हा ने पुलिस को बताया कि देर रात उनके घर पर अज्ञात बदमाश घुस गए। जिन्होंने कई राउंड फायर किये। इसी दौरान बदमाशों की पिस्टल फंस गई। जिस पर उन्होंने तुरंत हमलावरों के ऊपर बाल्टी फेककर मारी। उन्होंने पुलिस को बताया कि जाते-जाते आरोपीयों ने उन्हें धमकी देकर कहा है कि इस बार तेरी किस्मत अच्छी है, पर अगली बार नहीं बचेगा। जिसके बाद रवि सिन्हा थाने पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात**

इस पूरे मामले का वीडियो वकील रवि सिंहा के घर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। जिसमें अज्ञात बदमाश मुंह में कपड़ा बांधकर सफेद रंग की स्कूटी से आते हुए दिख रहे हैं। इस हमले के बाद से ही रवि सिन्हा के परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## चार लाख नहीं दिये तो बेटे ने पिता को धारदार हथियार से किया घायल



**जबलपुर, देशबन्धु।** हनुमानताल थाना अंतर्गत मिलौनीगंज कुमार मेडिकल के सामने रहने वाले एक सेवानिवृत्त पिता को रूपयों के लिये उसके बेटे ने मारपीट कर धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया और भाग निकला। घायल वृद्ध ने थाने पहुंचकर बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार हनुमानताल थाना में बीती रात लगभग 11 बजे कमला प्रसाद दुबे उम्र 74 वर्ष निवासी मिलौनीगंज कुमार मेडिकल के सामने हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जीसीएफ फैक्ट्री से सेवानिवृत्त है। बीती रात लगभग 10 बजे वह घर पर था तथा उसकी पत्नी उर्मिला और छोटा लड़का अमित उर्फ रिंकू भी घर पर थे। तभी बड़ा लड़का अतुल दुबे उर्फ लड्डू उससे 4 लाख रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो वह आक्रोशित हो गया व गालीगलौज करने लगा। उसने विरोध किया तो अतुल ने किसी धारदार चीज से हमलाकर उसके बायें हाथ की हथेली में चोट पहुंची दी। पत्नी एवं छोटे बेटे ने बीच बचाव किया तो अतुल दुबे उसे जान से मारने की धमकी देते हुये घर से भाग गया। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## दहेज के लिये पत्नि को प्रताड़ित करने वाले पति एवं सास पर एफआइआर

**जबलपुर, देशबन्धु।** मझौली थाना में बीती शाम सीमा चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 7 मझौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी ग्राम जुझारी गोसलपुर में राजेश चौधरी से हुयी थी। शादी के बाद से ही उसके पति राजेश चौधरी, सास माया चौधरी दहेज को लेकर हमेशा गालीगलौज कर उसके साथ पति मारपीट करते तथा दहेज में रूपये लाने के लिये दबाव डालते थे, उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार शादी में दान दहेज दिया था। इसके बाद भी पति एवं सास दहेज के लिये आये दिन प्रताड़ित करते हैं। खाना पीना नहीं देते तथा घर से चले जाने के लिये कहते हैं एवं पिता के घर से पैसे लाने के लिये कहते हैं। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने पति एवं सास के खिलाफ दहेज अधिनियम का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## कोर्ट से घर लौट रही महिला अधिवक्ता की सड़क हादसे में मौत, पति घायल



**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना क्षेत्र में कोर्ट से वापस अपने पति के साथ स्कूटी से लौट रही सरिता तिवारी नामक महिला अधिवक्ता की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं उनके पति हनुमान प्रसाद तिवारी भी घायल हुए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गोरखपुर गुरुद्वारा निवासी हनुमान प्रसाद तिवारी की पत्नी सरिता तिवारी उम्र 50 वर्ष पेशे से वकील है। बुधवार दोपहर हनुमान प्रसाद तिवारी अपनी स्कूटी से अपनी पत्नी सरिता को कोर्ट से घर लेकर आ रहे थे। जैसे वे घर के समीप गुरुद्वारे के पास पहुंचे, अचानक से उनकी गाड़ी स्लिप हो गई। जिससे दंपत्ति स्कूटी सहित गिर गये। जिससे सरिता तिवारी को सिर पर गंभीर चोट आई और उनके सिर से खून की धार निकल पड़ी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके पति हनुमान प्रसाद को हाथ पैर में चोटे आई है। आसपास के लोगों ने दोनों को उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने सरिता तिवारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं चर्चा है कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 18 वर्षीय युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रातंर्गत तेवर पेट्रोल पंप के समीप बीती शाम हुए सड़क हादसे में घायल सौरभ तिवारी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भेड़ाघाट चौराहा निवासी 18 वर्षीय सौरभ तिवारी पिता शिवकुमार को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटे आई थी। जिसे उपार के लिये मेडिकल अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत सौरभ को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



## कर्मचारियों के खातों में राशि समय पर नहीं पहुंचने से कर्मचारी निराश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि कोषालय के द्वारा कर्मचारियों के अपने स्वात्वों पर रोक लगने से कर्मचारियों में हताशा का माहौल बना हुआ है क्योंकि इस समय शादी विवाह का मौसम चल रहा है ऐसे में कर्मचारियों के खातों में उनके स्वात्वों की राशि नहीं पहुंचने से कर्मचारियों को अपने सामाजिक दायित्वों को पूंर्ण करने में कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।

संघ ने आगे बताया कि जीपीएफ की राशि कर्मचारियों की अपनी राशि होती है जो वह अपने सामाजिक दायित्वों जैसे शादी विवाह कराने एवं गंभीर बिमारियों के ईलाज के लिये निकाल कर खर्च करता है ऐसे में यदि कर्मचारियों को समय पर उनकी राषी खाते में नहीं मिलती/पहुंचती है तो कर्मचारियों को अपने जीपीएफ में राशि होने के बावजूद भी कर्ज लेकर अपने सभी कार्य करवाने होते हैं जिससे कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है यही वजह है कि कर्मचारियों के खातों में उन्ही का पैसा समय पर नहीं पहुंचने से कर्मचारी परेशान है।

संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, सुधीर अवधिया, गुडविन चार्ल्स, रऊफ खान, क्रिस्टोफर नरोन्हा, एनोस विक्टर, विनोद सिंह, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, अशोक राय, उमेष सिंह ठाकुर, अशोक राय, सुनील झारिया, ओम प्रकाश झारिया, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, आशा राम झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर पावेल, राजेन्द्र सिंह, संतोष चैरसिया, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, सरीफ अहमद अंसारी, आशीष कोरी, मनीष मिश्रा, एस.बी.रजक, सुखराम विश्वकर्मा आदि ने शासन से मांग की है कि कर्मचारियों की इस समस्या का समाधान अतिशीघ्र किया जाए। जिससे कर्मचारियों के खातों में उनकी राशि समय पर पहुंच सके।

## गोपाल होटल क्षेत्र ऑटो चोरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाना में बीती रात सुर्दशन कोरी उम्र 35 वर्ष निवासी डॉक्टर मित्रा के पीछे गोपाल होटल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ऑटो चलाता है। 13 नवंबर की रात लगभग 12 बजे उसने चुंगी चौकी से टेंट का सामान अपनी लोडिंग ऑटो में लोड कर शंकर टेंट हाउस गोपाल होटल लेकर आया, जहां सामान उतारने के बाद वह वापस जाने के लिये ऑटो चालू करने लगा तो ऑटो चालू नहीं हुआ। रात लगभग 1-30 बजे अपनी लोडिंग ऑटो वहीं पर खड़ी करके घर चला गया। रात लगभग 3 बजे वह अपना ऑटो लेने आया तो उसकी लोडिंग ऑटो क्रमांक एमपी 20 एलबी 3588 गायब था। कोई अज्ञात चोर उसकी ऑटो चोरी कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## पुलिस अधीक्षक ने ली थानों में पदस्थ बाल कल्याण अधिकारियों की बैठक



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस कन्ट्रोल रूम में बुधवार शाम 6 बजे पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दक्षिण कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला अपराध पूजा पाण्डे की उपस्थिति में जिले के थानों में पदस्थ समस्त बाल कल्याण अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में सहायक उप निरीक्षक एवं उप निरीक्षक स्तर के 41 बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक ने सर्वप्रथम बाल कल्याण अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुये समस्यायें जानी एवं निर्देशित किया कि समय के साथ हमें बदलना होगा। थाने में पंजीबद्ध विधि विवादित बालक से सम्बंधित प्रकरणों की विवेचना थानों में पदस्थ बाल कल्याण अधिकारी ही करेंगे एवं विवेचना पूर्ण उपरांत चालान किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष स्वयं प्रस्तुत करेंगे, चालान ड्यूटी आरक्षक को पेश करने के लिये नहीं देंगे।

उम्र के निर्धारण एवं सामाजिक पृष्ठभूमि निर्धारण के लिये एसओपी है उसका शत-प्रतिशत पालन करें, न्यायालय में प्रस्तुत अभियोग पत्र में सभी दस्तावेज या तो मूल हों, या सत्यापित हों। अभियोग पत्र प्रस्तुत करने के पूर्व सम्बंधित राजपत्रित अधिकारी या एडीपीओ से आवश्यक रूप से चैक करा लें, जो भी कमी बतायी जाती है उसकी पूर्ति करने के उपरांत ही अभियोग पत्र प्रस्तुत करें।

## नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने वाले बाप को बीस साल का कठोर कारावास

### पाक्सो की अदालत ने जुर्माना भी लगाया, पीड़िता को दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि देने के आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपनी ही नाबालिग बेटी का दैहिक शोषण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिता को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो के विशेष न्यायाधीश ने आरोपी नकेश पटेल को बीस साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़िता को दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिये है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 21 सितंबर 2022 को पीड़िता ने अपनी मां के साथ रांझी थाने जाकर शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उसने बताया था कि उसके पिता उसके साथ गलत काम करते आ रहे है। इसके लिये वह मॉ और उसके भाई को किसी न किसी काम से गांव भेज देते और अकेले में डरा धमका-कर उसके साथ गलत काम करते थे। इतना ही नहीं किसी को कुछ बताने पर भाई को जान से मारने की धमकी देते थे। जिसके बाद उसने अपनी आपबीती अपनी मां को बताया, जिन्होंने विरोध किया तो उसके पिता ने गालीगलौज कर कलंक लगाने लगे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नकेश के खिलाफ दुराचार व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

## नाबालिगा से छेड़छाड़ कर धमकाने वाले को एक साल की सजा

### पाक्सो की अदालत दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा से सरेराह छेड़छाड़ कर गालीगलौज कर धमकाने वाले आरोपी मो. समीर अंसारी उर्फ कंजा को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी समीर को एक साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 9 नवंबर 2021 को पीड़िता अपनी मौसी की लड़की के साथ पासबुक में एंट्री कराने पंजाब नेशनल बैंक बेलबाग गई थी। जहां मोहल्ले का रहने वाला आरोपी मो. समीर उर्फ कंजा अंसारी आया और पीड़िता से मोबाईल नंबर मांगने लगा। पीड़िता के विरोध करने व चिल्लाने पर आरोपी ने गालीगलौज शुरु कर दी और उसे धमकाने लगा। पीड़िता ने घर जाकर अपनी आपबीती परिजनों को बतायी। जिसके बाद बेलबाग पुलिस ने शिकायत पर छेड़खानी व पाक्सों एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। जिसके बाद अदालत ने आरोपी कंजा को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।




## रेलवे अनापत्ति प्रदान करे तो नगर निगम एप्रोच रोड बनाने तैयार

### कब्रिस्तान तक पहुंचने में परेशानी का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट में कटनी नगर निगम आयुक्त की ओर से जवाब पेश कर कहा गया कि यदि रेलवे अनापत्ति प्रदान करे तो ननि कब्रिस्तान तक एप्रोच रोड बनाने तैयार है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने उक्त जवाब को रिकार्ड पर लेते हुए रेलवे को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

उल्लेखनीय है कि यह जनहित का मामला मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी नाजिम खान की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि कटनी मुड़वारा के मुख्य कब्रिस्तान तक पक्की सड़क नहीं बनी है। जिस कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में अभ्यावेदन दिया गया था। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसलिये हाईकोर्ट की शरण ली गई है। आवेदक की ओर से कहा गया कि कब्रिस्तान का कच्चा पहुंच मार्ग कटनी-वीना रेल लाइन के बाजू से बना है। बारिस के समय कीचड़ होने के कारण परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में मजबूरी में रेलवे लाइन के ऊपर से जाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। पक्की सड़क बनाने की मांग रेलवे, नगर निगम व राज्य शासन के बीच उलझी है।

## सिंगरौली निगामायुक्त सहित अन्य से मांगा जवाब

### रिटायर्ड कर्मी के वेतन व एरियर्स का मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने एक रिटायर्ड कर्मी के मामले में सिंगरौली निगामायुक्त सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। मामला एक सेवानिवृत्त कर्मी के तृतीय समयमान वेतनमान व एरियर्स भुगतान से संबंधित है।

यह मामला अरुण कुमार सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उनकी नियक्ति 1992 में सहायक यंत्री के पद पर हुई थी। इसके बाद प्रथम व द्वितीय क्रमोन्नति का लाभ मिला और उसके उपरांत उन्हें कार्यपालन यंत्री के पद पर पदोन्नति दी गई।

फरवरी 2018 को वह सेवानिवृत्त हुए, लेकिन उन्हें तृतीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला। जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। जिस पर न्यायालय ने जून 2023 को आवेदक के अभ्यावेदन का विधि अनुसार निराकरण करने के निर्देश दिये थे। उक्त आदेश के परिप्रेक्ष्य में निगामायुक्त ने अक्टूबर 2023 को याचिकाकर्ता को एक जुलाई 2014 से तृतीय समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान करने के आदेश पारित किये, लेकिन उसके साथ ही आदेश में उल्लेखित किया कि समयमान वेतनमान स्वीकृत किए जाने की अनुशंसा समिति द्वारा की गई है। वास्तविक लाभ आदेश जारी होने के बाद 18 सितंबर 2019 के बाद देय होने से किसी भी प्रकार का एरियर्स भुगतान नहीं किया जायेगा। जिस पर पुनः हाईकोर्ट की शरण ली गई। जिस पर न्यायालय ने मप्र शासन व सिंगरौली निगमायुक्त सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## रेल ट्रैक पर घायल मिला विदेशी युवक



**जबलपुर, देशबन्धु।** आधारताल थानातर्गत स्थित रेलवे ट्रैक पर बुधवार की सुबह एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला। युवक को रेलवे ट्रैक पर पड़ा देख वहां से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना आधारताल थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक के पास से मिले आईडी में युवक की पहचान देवलाल ठाकुर निवासी काठमांडू के रूप में हुई है।

पुलिस ने संभावना व्यक्त की है कि युवक चलती ट्रेन से गिर गया है या फिर उसके साथ किसी ने मारपीट की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अब इस बात की तजदीक कर रही है कि काठमांडू का युवक रेलवे ट्रैक पर क्या कर रहा था। अगर वह ट्रेन में सफर कर रहा था तो युवक के साथ कोई घटना होगी जिससे वह ट्रेन से गिर गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लाइट नहीं होने से कोहरे व ओस के कारण नहीं दिखता है बंजारी पुल

## टूटी रैलिंग व सुरक्षा की दीवार नहीं होने से हर समय बना रहता है हादसे का डर



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** वर्तमान समय में रात्रि के समय बर्फीली ओस ओर सुबह के समय कोहरे की वजह से एन एच 30 पहुंच मार्ग के पुल पर खतरा बढ़ गया है।वाहन चालकों को इस मौसम में यह पुल दिखता नहीं है। बंजारी माता मंदिर गाँधीग्राम के किनारे स्थित करदही नदी पुल जो राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है।वर्षों से पुल की रेलिंग व सुरक्षा की दीवार गायब है जिससे वाहनों, राहगीरों,भक्तों को पुल से गिरने का खतरा बना रहता है। रेलिंग ना होने की वजह से अंधेरे में व सुबह के वक्त कोहरा छाने से अनेकों बार भार वाहक व यात्री वाहन इस पुल के नीचे गिर चुके हैं व दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं।बावजूद इसके शासन-प्रशासन ने रेलिंग लगाने की जहमत नहीं उठाई।यहाँ पर दोनों ओर लाईट आदि की व्यवस्था भी नहीं है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीग्राम का बंजारी माता पुल वर्षों पुराना है जिसमें पुल की दोनों प्रवेश मार्गों की रेलिंग सालों से टूटी हुई है।रेलिंग टूटने से पुल की बाउंड्री वा सड़क मार्ग का कुछ हिस्सा अनेकों बार वाहन गिरने से टूट चुका है जिसके कारण पुल के दोनों ओर प्रवेश मार्ग पर खतरे के गड्ढे बन चुके हैं। सड़क मार्ग का बहुत सा हिस्सा दोनों और टूट जाने की वजह से धराशाई हो कर पुल के नीचे गिर चुका है रात्रि के समय व ठंड में सुबह के वक्त कोहरे होने पर वाहन चालकों को उक्त स्थान नहीं दिखता। जिससे इस मार्ग से गुजरते ही वाहन सीधे नदी में जाकर समा जाते हैं और दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। रेलिंग ना होने की वजह से अनेकों बार पशु व दुपहिया वाहन चालक भी नदी में गिर चुके हैं व काल कवलित हो चुके हैं।

लम्बा समय हो गए नहीं बनी पुल की सुरक्षा दीवार व नही लगी रेलिंग-प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारी माता नदी पर स्थित पुल की दीवार व रेलिंग ट्रक व भारी ट्राला पलट जाने की वजह से टूट गई थी, जब से लेकर अब तक रेलिंग लगाने की विभाग को फुर्सत नहीं मिली। रेलिंग टूटने व पुल के दोनों ओर पुल की सड़क स्थानों पर सुरक्षा दीवार न होने से दुर्घटनाओं व खतरों में क्रमशः इजाफा हो रहा है, किंतु विभाग को इतनी फुर्सत नहीं है की यातायात सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बंजारी माता के पुल पर दोनों ओर गिर चुकी सुरक्षा दीवार रेलिंग लगा सके ।ग्राम के प्रबुद्ध जनों की मांग है कि गाँधीग्राम बंजारी माता के इस पुल पर ठंड के समय कोहरा होने पर वह रात्रि के समय अंधेरे में खतरा और बढ़ गया है। इसलिए पुल पर सुरक्षा दीवार और रेलिंग तुरंत लगाई जाए।

# बढ़ते कोहरे और बदरी के साथ ठंड का बढ़ा असर

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** लगातार बढ़ते कोहरे और बदरी के साथ ठंड के असर से जिले में सब्जियों की फसलों में नुकसान दिखने लगा है। साथ ही बदली छाए रहने से चना, मसूर, मटर की फसल में कीटों का प्रकोप बढ़ने लगा है। गेहूं की फसल में भी माहू रोग बढ़ने के आसार बन रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड का असर इसी तरह बना रहा और कोहरे का असर बरकरार रहा तो अरहर की फसल में भी नुकसान हो सकता है और



पाला की संभावना बन सकती है। ठंड के बढ़ते असर के साथ ही सुबह और शाम कोहरे की धुंध व सर्दलहर के कारण लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो रही है और सुबह बाजार देर से खुलने के साथ ही शाम होते ही सड़कों पर लोगों का निकलना कम होने लगा है। मौसम के असर ने कृषि बाहुल्य जिले में फसलों की स्थिति पर भी असर दिखाना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि कोहरे के साथ बदली छाए रहने के कारण दलहनी फसलों में कीटों का प्रकोप बढ़ने लगा है। जिससे शुरूआती दौर में ही फसलों का विकास प्रभावित होने लगा है। चना की जो फसल अभी फूल पर आ रही है उसमें आशंका है कि कहीं बदली के कारण फूल प्रभावित न हो जाए। साथ ही मटर, मसूर में भी नुकसान हो रहा है। नर्मदा के तटीय क्षेत्रों के अलावा जंगल से लगे ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का असर अधिक होने के कारण सब्जियों की फसल को नुकसान हो रहा है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसआर शर्मा ने बताया कि मौसम के कारण फसलों में कीट व्याधियां बढ़ने की संभावना बढ़ रही है। यदि ठंड इसी तरह बढ़ती रहती तो पाला की स्थिति भी बन सकती है। गेहूं की फसल में जड़ को माहू से नुकसान हो सकता है। श्री शर्मा के अनुसार गोटेगांव तहसील में सिवनी बंधा, कोहका आदि ग्रामों के दौरा दौरान निचले स्थानों की टमाटर की फसल में नुकसान देखा गया है। मौसम की मार से टमाटर की फसल झुलस रही है और टमाटर में दाग आ रहे हैं।

## सार-समाचार

### विधायक इंदु तिवारी का बम्हनी आगमन पर भव्य स्वागत



**बरेला, देशबन्धु।** तीसरे वार विधायक बनने पर ग्राम पंचायत बम्हनी आगमन पर पनागर विधायक इंदु तिवारी का जिला पंचायत सदस्य रानू साहू,जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच सहित सभी ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### बरगी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक नीरज सिंह का भव्य स्वागत



**शहपुरा, देशबन्धु।** बरगी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नीरज सिंह का शहपुरा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में तुलसी राठौर, कवि जैन मंडी उपाध्यक्ष, सनिल सिंघाई, पिंटू जैन बाबा, अरविंद पटेल, प्रणय जैन, लादेन खान, पीयूष जैन, अनुज सोनी, अरुणेश तिवारी, आयुष जैन, निखिल अग्रवाल शामिल रहे।

### धान खरीदी केंद्र जुझारी में 11 दिसम्बर से

**गोसलपुर, देशबन्धु।** धान खरीदी केंद्र जुझारी द्वारा धान की खरीदी 11 दिसंबर से पुष्पराज वेयरहाउस मैं प्रारंभ होगी। इस संबंध में ऑपरेटर नीरज यादव ने बताया इस केंद्र के लिए 800 किसानों का पंजीयन किया गया है जिसमें 60000 की धान खरीदी की जाएगी खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है।

### ट्रेन पटरी में चल रहे निर्माण कार्य को महिलाओं ने रुकवाया

**रीवा देशबन्धु।** ललितपुर सिंगरौली परियोजना के अन्तर्गत गोविन्दगढ़ रेल्वे स्टेशन मे विगत ग्यारह माह से रेल्वे की वादाखिलाफी के खिलाफ नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर किसानों ने अभी तक निर्माण कार्य को पूरी तरह से बन्द करा दिया गया था, किन्तु रेल्वे द्वारा आचार संहिता का सहारा लेकर निर्माण कार्य कराये जाने का प्रयास किया गया जिसे रेलवे संघर्ष समिति गोविन्दगढ़ के किसानों, नौजवानों ने आज दिनांक को ग्राम पंचायत ओढ़की रेल्वे लाइन मे महिला किसान नेत्री की अगुवाई मे गिट्टी लोड़ ट्रेन को पटरी पर लेटकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध करते हुये ट्रेन सुबह से ही रोक दिया गया एवं पटरी पर निर्माणाधीन मजदूरों को काम नही करने दिया गया, महिलाओं के समर्थन में किसान, नौजवानों ने भी विरोध प्रदर्शन् किया एवं कहा कि जब तक केन्द्र सरकार हमारे नौजवानों को नौकरी नही देगी हम निर्माण नही करने देगें। ट्रेन हमारी लाश पर ही चलेगी। उक्त विरोध प्रदर्शन मे किसान महेन्द्र पाण्डेय प्रयम्बकेश्वर पाण्डेय, राघवेन्द्र मिश्रा, रामायण शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, चेतमणि मिश्रा, संजय तिवारी, वहरी सीधी राजेन्द गुप्ता मुन्ना, राजबहोर मिश्रा, हरीश द्विवेदी, मनसुख सुरेन्द्र मिश्रा, रवीन्द्र मिश्रा जितौही आदि सैकड़ों किसान उपस्थित रहें।



# सड़क किनारे मिला युवक शव

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतगर्त ग्राम जमुडी में सड़क किनारे युवक का शव औंधे मुंह पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने मौका निरिक्षण कर शव को पोस्टंमार्डम उपरांत परिजनों को सौंप कर जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक के माथे में हल्की चोट के निशान पाए गए। वहीं मौके पर शराब की बोतल मिलने पर ग्रमीणों ने बताया कि शराब का आदी था संभावाना हैं कि शराब के नशे में हो और वाहन फिसल गया हो। ज्ञात हो कि दो दिनों से मौसम खराब होने व रात से बारिश से सड़क किनारे मिट्टी में फिसलन हो गई हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जमुडी के खैरबना टोला निवासी जीतराम कोल का 22 वर्षीय पुत्र गौतम कोल पंचायत में रहकर काम करता था मंगलवार की शाम अपने दो पहिया वाहन से अनूपपुर से देर रात वापस घर जा रहा था तभी अनूपपुर- अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य ग्राम पंचायत जमुडी पुराने पंचायत भवन के पास दो पहिया वाहन के अनियंत्रित होने पर मार्ग के किनारे गिर गया जो रात भर औंधे मुह पड़ा रहा,बुधवार की सुबह आसपास के ग्रामीणों ने पहचान कर परिजनों को और कोतवाली को सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पर मृतक के शव का पंचनामा व ग्रामीणों के बयान दर्ज कर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में शव को पोस्टंमार्डम उपरांत अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपते हुए जांच प्रारंभ कर दी। कोतवाली प्रभारी अमर वर्मा ने बताया कि मौके पर शराब की बोतल मिली हैं वहीं ग्रमीणों ने बताया कि शराब का आदी था संभावाना हैं कि शराब के नशे में हो और वाहन फिसल गया हो, पोस्टंमार्डम रिर्पोट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।



# बेमौसम बारिश से किसानों की मटर की फसल खराब

## उचित दाम नहीं मिलने से जानवरों को मटर खिलाने को मजबूर किसान

**पाटन देशबन्धु।** मौसम की बेरुखी के कारण आज पाटन क्षेत्र का किसान अपनी मटर की फसल को गाय-बकरियों को खिलाने मजबूर है। आसमान में छाए बदरा और जबलपुर सब्जी मंडी में व्यापारियों के द्वारा मटर की फसल का उचित मूल्य नहीं देने से यह विषम परिस्थिति निर्मित हुई हैं। किसान संदीप पटेल ने बताया कि मटर की तुड़ाई लगभग 5-6 रूपये प्रति किलो लेबर को देना पड़ता है। वही ट्रांसपोर्ट और खाद बीज में भी किसानों का पैसा खर्च होता है।

मटर का उचित दाम नहीं मिलने के कारण हमें अपना मटर आज जानवरों को खिलाना पड़ रहा है। वही जबलपुर में आज भी मटर फुटकर में 10 से 15 रूपए प्रति किलो की दर से बिक रहा है। जबकि सब्जी व्यापारी हमारी मटर की फसल 80 से 100 रूपये प्रति बोरा फिक्स रेट पर खरीद रहे है वो भी बोरा के हिसाब से न की वजन के हिसाब से, क्योंकि किसी बोरे में 60 किलो तो किसी बोरे में 65 किलो मटर का वजन आता है यही वजह थी कि किसान अपनी मटर की फसल को अपने जानवरों को खिलाने मजबूर है। किसान तन्तमय दुबे ने बताया कि मौसम के अचानक परिवर्तन होने से मटर की फसल तबाह हो गई है जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति काफी खराब होने वाली है। अभी शासन स्तर से कोई घोषणा नहीं हुई है तहसील का किसान मटर की फसल तबाह होने के कारण बहुत दुखी है वही किसानों का हितेषी किसान संघ भाजपा सरकार बनने की खुशियां मना रहा है।



# दुष्कर्म के दोषी मिली को 20 वर्ष की सजा




**अनूपपुर, देशबन्धु।** न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कोतमा जय सिंह सरौते की न्यायालय ने थाना बिजुरी के अपराध की धारा 376, 376(ए)(बी) भादवि 5/6 पॉक्सो अधिनियम के आरोपी 48 वर्षीय दिनेश केवट पुत्र शोभई केवट को पाक्सो एक्ट की धारा 5/6 अनुकल्पित धारा 376 एबी भादवि में 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000रू का अर्थदंड की सजा सुनाई हैं। साथ ही पीड़िता को चार लाख रूपयें की प्रतिकर राशि सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर के माध्यम से दिलाये जाने का आदेश दिया है। पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारीध्एजीपी राजगौरव तिवारी द्वारा की गई। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, मीडिया प्रभारी विशाल खरे ने बताया कि घटना 8 दिसम्बर 2021 को पीड़िता दोपहर स्कूल से घर आई तो आरोपित दिनेश केवट उसे अपना पैर दबाने के बहाने छत पर ले गया और वहॉ उसके साथ गलत हरकत करने लगा, जिससे पीड़िता रोते हुए मॉ को घटना के बारे में बताई। जिसके बाद घटना की रिपोर्ट थाना बिजुरी में की गई। पुलिस ने दिनेश केवट के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया और विवेचना पूर्ण होने के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां अभियोजन ने मामले को प्रमाणित करने के लिए 12 साक्षी एवं 26 प्रदर्शो को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर न्यायालय ने आरोपित को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

इस दौरान अपर लोक अभियोजक/एडीपीओ कोतमा द्वारा साक्ष्य व लिखित तर्क उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय के न्याय दृष्टांतों सहित प्रस्तुत किये गये। प्रकरण में डीएनए साक्ष्य का आभाव था परंतु जिस पर अभियोजन ने अपने तर्क सहित न्याय संगत बात रखी, जिससे न्यायालय ने संतुष्ट होकर फैसला सुनाया।

# हटा नगर के प्रथम जैन मुनि ने नैनागिर में ली मरण समाधि

**दमोह, देशबन्धु।** हटा नगर के प्रथम जैन मुनि 75 वर्षीय विश्ववीरसागर महाराज का जैन तीर्थ नैनागिर जिला छतरपुर में गत रात्रि समाधि मरण हो गयाए अपना गृहस्थ जीवन हटा में गुजारने के उपरांत वर्ष 1996 में अतिशय क्षेत्र बरासो भिण्ड में उन्होंने गणाचार्य विराग सागर महाराज से मुनि दीक्षा ली थी, जहां उन्हे रमेश जैन से विश्ववीर सागर महाराज नाम प्रदान किया गया था । 27 वर्ष की कठोर साधना उपरांत मंगलवार को देश के प्रचीनतम सिद्धक्षेत्र नैनागिर में 11 वर्ष की सल्लेखना पूरी कर समाधि हो गई गृहस्थावस्था की उनकी पत्नी इसी संघ में आर्यिका श्री विनीतश्री माता जी है, उनके बहनोई पुण्यकीर्ति महाराज रहे है। मुनिश्री की अनंत यात्रा मंगलवार की सुबह निकाली गई जो नैनागिर से समाधि स्थल तक पहुंची। जहां गणाचार्य विराग सागर ससंघ सानिध्य में जैन परम्परा के अनुसार मुनिश्री की अंतिम क्रिया की गई जिनके अंतिम दर्शन को बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी पहुंचे। ज्ञातव्य हो कि एक दिन पूर्व ही सोमवार से नैनागिर जैन सिद्ध तीर्थक्षेत्र पर पंचकल्याणक महोत्सव प्रारंभ हुआ हैद्ध पंचकल्याणक महोत्सव के अवसर पर हुई समाधि को शास्त्रों में श्रेष्ठतम समाधि की मान्यता प्रदान की गई है।



## कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग दर्दनाक हादसा, पुलिस की गिरफ्त में चालक

# सब्जी लदा पिकअप बाइक से टकराया,एक की मौत,दूसरा गंभीर



**कटनी, देशबन्धु।** कटनी-विजयराघवगढ़ सब्जी से लदे बेलगाम भागते पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई तो दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि बाइक पर तीन युवक सवार थे। देर शाम हुए इस हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। हालांकि पुलिस ने पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घटना में मृत बाइक सवार के शव को पंचनामा बाद पीएम के लिए भेज दिया गया है तथा मामला कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विजयराघवगढ़ निवासी बितानी अपने पिकअप वाहन में सब्जी भाजी लाकर बेचने का काम करता था। रोज की तरह शाम को वह सब्जी लेकर कटनी से अपने गांव की तरफ लौट रहा था तभी रास्ते में बाइक पर सवार देवरा कला ग्राम निवासी मुकेश यादव (24), बकठा ग्राम निवासी मंजा यादव (24) तथा एक अन्य युवक बाइक पर होकर गुजर रहे थे। तभी अचानक पिकअप वाहन बेलगाम होकर बहकने लगा और सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। इस घटना में मुकेश यादव की मौत हो गई तथा मंजा यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरे युवक की हालत ठीक बताई जा रही है। उसे थोड़ी बहुत चोट लगी है और कटनी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं खबर मिली है कि मंजा की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे इलाज के लिये जबलपुर भेजा जा रहा है।

# चचेरे भाई हुए भीषण सड़क हादसे का शिकार एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



**रीवा देशबन्धु।** बाइक से अपने काम पर निकले दो चचेरे भाई रास्तें में सडक हादसे का शिकार हो गये जिनमें से एक की मौके पर ही मौमत हो गयी जबकि दूसरे की हालत संजय गांधी अस्पताल में नाजुक बनी हुई है घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने घटनाकारित लोडर डंपर को जप्प कर मामले को विवेचना में लिया और मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## बाइक से टावर निरीक्षण के लिए गए थे दोनों भाई

तत्संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थ्ररना सिरमौर अंतगर्गत दुबगवां गांव निवासी लवकेश दुबे और उसका चचेरा भाई दिव्यांश दुबे टावर में सिंगनल सेट करने का कार्य करते थे आज सुबह दोनों भाई बाइक से सिरमौर के लिये निकले जैसे ही वे साढे नौ बजे के करीब खैरहन गांव के पास पहुंचे सामने से आ रहे एक लोडर डंपर ने उनको सामने से ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार लवकेश दुबे की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी हालत संजय गांधी अस्पताल में नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और घ्रटनाकारित डंपर को जप्त कर लिया तथा मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## पाकिस्तान में स्कूल के बाहर विस्फोट, सात घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को एक स्कूल के बाहर हुए विस्फोट में चार बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। जिला आपातकालीन अधिकारी नवीद अख्तर ने बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी पेशावर में हुई, जहां आज एक स्कूल के पास सड़क के किनारे विस्फोट हो गया। इसमें सात लोग घायल हो गए। घायलों को शहर के लेडी रीडिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# भारतीय मूल की उपन्यासकार को सिंगापुर का सबसे प्रतिष्ठित कला सम्मान

**सिंगापुर, (आईएएनएस)।** भारतीय मूल की उपन्यासकार मीरा चंद को उनकी कलात्मक गतिविधियों के समर्थन में सिंगापुर के सबसे प्रतिष्ठित कला पुरस्कार कल्चरल मेडलियन से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, स्विस-भारतीय माता-पिता की संतान, 81 वर्षीय चंद 1997 में हो मिनफोंग के बाद मेडेलियन से सम्मानित होने वाली अंग्रेजी भाषा की पहली महिला लेखिका हैं। उन्हें मंगलवार को इस्ताना में आयोजित एक समारोह में साथी उपन्यासकार सुचेन क्रिस्टीन लिम और मलय नृत्य के दिग्गज उस्मान अब्दुल हामिद के साथ राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने पुरस्कार प्रदान किये। इस पुरस्कार की शुरुआत दिवंगत राष्ट्रपति और तत्कालीन संस्कृति मंत्री ओंग तेंग चेओंग की पहल पर हुई थी। प्रत्येक प्राप्तकर्ता को 80 हजार सिंगापुर डॉलर अनुदान के रूप में दिया जाता है।

षणमुगरत्नम ने एक बयान में कहा, हमारे तीन नए सांस्कृतिक पदक प्राप्तकर्ताओं में से प्रत्येक को जीवन के माध्यम से उनके अन्वेषणों और कई अन्य लोगों, कम से कम अगली पीढ़ी के कलाकारों, को प्रेरित करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। एक पुरस्कार विजेता उपन्यासकार के रूप में, चंद को बहुसांस्कृतिक समाजों के चित्रण के लिए जाना जाता है। उनकी पुस्तक, द पेंटेड केज को बुकर पुरस्कार के लिए लंबे समय से सूचीबद्ध किया गया था। लंदन में स्विस मां और भारतीय पिता के घर जन्मीं मीरा की शिक्षा ब्रिटेन में हुई। उनका लेखन करियर भारत में शुरू हुआ जहां वह पांच साल तक रहीं और उन्होंने इसे जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। अपने भारत के अनुभव के बारे में चंद अपनी वेबसाइट पर लिखती हैं- अपने जीवन में पहली बार मैं अपने आप से उस आधे से मिली जिसे मैं कभी नहीं जानती थी। उस अनुभव को समझने के लिए मेरे पास लिखने के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

## आज का इतिहास

1660 –एक महिला पहली बार इंग्लैंड में एक पेशेवर अभिनेत्री के रूप में मंच पर दिखाई दी।

1662 –ब्लेज़ पास्कल नामक फ़्रांस के गणितज्ञ, लेखक और कैल्कयुलेटर मशीन के आविष्कारक का निधन हुआ।

1724 –रॉयल प्रूसिया के टोरून में, पोलिश अधिकारियों ने टेंशनबेटिन प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक के बाद एस्किटी के मेयर और नौ अन्य लूथरन अधिकारियों को मार डाला।

1732 –थियेटर रॉयल कोवेन्ट गार्डन, लंदन (आधुनिक-रोज़ रॉयल ओपेरा हाउस) खोला गया।

1787– डेलावेयर यूनाइटेडस्टेट्स संविधान की पुष्टि करने वाला पहला अमेरिकी राज्य बन गया।

1815 –मार्शल ने को पेरिस में जर्डिन डु लक्ज़मबर्ग के पास मार डाला।

1815 –मिशेल ने, फ्रांस के मार्शल, नेपोलियन का समर्थन करने के लिए एक फायरिंग स्क्वाडर्न पेरिस %जार्डिन डू लक्जमबर्ग द्वारा किया गया था।

# पन्नून पर भारत की जांच के नतीजों का उत्सुकता से इंतजार : अमेरिका

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** अमेरिका ने कहा है कि वह एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश की भारत की जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक है और जांच खत्म होने से पहले कोई आकलन नहीं करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को अपनी न्यूज ब्रीफिंग में कहा, हमने इस सरकार के सबसे वरिष्ठ स्तर पर संदेश दिया है – विदेश मंत्री ने सीधे अपने विदेशी समकक्ष (भारत के विदेश मंत्री) के समक्ष इसे उठाया है कि हम इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेते हैं।

उन्होंने हमें बताया कि वे एक जांच करेंगे। राजनयिक स्तर पर मामले के घटनाक्रम पर एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, उन्होंने सार्वजनिक रूप से जांच की घोषणा की है। और अब हम जांच के नतीजे देखने का इंतजार करेंगे, लेकिन यह कुछ ऐसा है जिसे हम बहुत गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके लिए कानून प्रवर्तन मामले पर टिप्पणी करना अनुचित होगा क्योंकि न्याय विभाग अदालत में मामला पेश कर रहा है। मिलर ने संवाददाताओं से कहा, हम उस (भारत की) जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक हैं और मैं जांच पूरी होने से पहले जाहिर तौर पर कोई आकलन नहीं करने जा रहा हूं।

यह टिप्पणी व्हाइट हाउस के उस बयान के एक सप्ताह बाद आई है जिसमें कहा गया था कि वह इन आरोपों को बहुत गंभीरता से लेता है कि एक भारतीय उसकी धरती पर खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की नाकाम कोशिश में शामिल था।

अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने पिछले महीने भारतीय खुफिया अधिकारी निखिल गुप्ता पर न्यूयॉर्क में पन्नून को कथित तौर पर मारने के लिए भारत से एक साजिश की योजना बनाने और निर्देशित करने का आरोप लगाया था। आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह चिंता का विषय है और भारत सरकार की नीति के विपरीत है। भारत ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया और कहा कि वह समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर के मामले पर कनाडाई सरकार के साथ भारत के असहयोग के बारे में पूछे जाने पर मिलर ने कहा कि उन्होंने मंगलवार की ब्रीफिंग में नई दिल्ली से ओटावा के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है। कनाडा ने सितंबर में दावा किया था कि निज्जर की इस साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में भारतीय एजेंटों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कनाडा के आरोपों का जवाब देते हुए भारत ने हाल ही में कहा, जहां तक कनाडा का सवाल है, उन्होंने लगातार भारत विरोधी चरमपंथियों और हिंसा को जगह दी है। यही मुद्दे के मूल में है।

# ऑस्ट्रेलिया में कार दुर्घटना में भारतीय की मौत, पत्नी ने लगाई मदद की गुहार



**मेलबर्न, (आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण पश्चिम मेलबर्न में 26 वर्षीय एक भारतीय व्यक्ति की कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के चलते मौके पर ही मौत हो गई। द ऑस्ट्रेलिया टुडे वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार, खुशदीप सिंह सोमवार रात करीब 11.15 बजे पामर्स रोड पर गाड़ी चला रहे थे, इस दौरान उनकी गाड़ी मेडियन स्ट्रिप को पार कर गयी और पलट गई। इमरजेंसी सर्विस के पहुंचने के बावजूद, घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि दुर्घटना के सटीक कारण की अभी भी जांच चल रही है, पुलिस को संदेह है कि थकान इसका एक कारण हो सकता है। जांचकर्ता घटना के डैशकैम फुटेज खंगाल रहे हैं। इस दुर्घटना की जानकारी सिंह की पत्नी जपनीत कौर को दी गई, जो पिछले साल एक अंतर्राष्ट्रीय छात्रा के रूप में ऑस्ट्रेलिया आई थी। कौर अपने पति के शव को घर वापस भेजने के लिए सोशल मीडिया के जरिए वित्तीय सहायता मांग रही है, जहां उसके माता-पिता अपने बेटे को आखिरी बार देखने का इंतजार कर रहे हैं। कौर ने गो फंड मी पेज पर पोस्ट किया, अभी मेरे पास पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं है, इसलिए कृपया इस कठिन समय में मेरी मदद करें... कोई भी दान, बड़ा या छोटा, बहुत काम लाएगा।

## सुडोकू 6398

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# ट्रंप की उम्मीदवारी को देश के लिए खतरा बताते हुए बाइडेन ने अमेरिकियों से कहा- ट्रंप को हराने के लिए ही लड़ रहा चुनाव

**वाशिंगटन।** 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर नेताओं में आपसी-खींचतान और आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रम्प 2024 के चुनाव में उम्मीदार नहीं होते तो वो भी शायद चुनाव नहीं लड़ते लेकिन, अब यह जरूरी हो गया है और वे एक बार फिर राष्ट्रपति की दौड़ में शामिल होंगे। ट्रंप की उम्मीदवारी को देश के लिए खतरा बताते हुए बाइडेन ने कहा अमेरिकी लोकतंत्र 2024 में अधिक खतरे में है क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति और उनके सहयोगी लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने पर तुले हैं। इसी साल अप्रैल महीने में अमेरिकी राष्ट्रपतिजो बाइडेन ने यह घोषणा करके सभी को चौंका दिया था कि वे 2024 के चुनाव में भी उतरेंगे। उनके साथ ही उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी 2024 के लिए वाइस प्रेजिडेंड के लिए अपनी दावेदारी का ऐलान किया था। मंगलवार को एक बार फिर 80 साल के बाइडेन ने चुनावी अभियान में लोगों से अपील की हमे यह करना ही होगा, सिर्फ मेरे लिए नहीं। बल्कि उसे (ट्रंप) को जीतने से रोकने के लिए। बाइडेन ने कहा कि अगर ट्रंप चुनाव लड़ने के लिए नहीं उतरते तो वो भी इस बार चुनाव में हिस्सा नहीं लेते लेकिन, अब यह जरूरी हो गया है क्योंकि ट्रंप और उनके सहयोगी अमेरिकी लोकतांत्रिक संस्थाओं को नष्ट करने पर तुले हैं। बाइडेन का ट्रंप पर यह आरोप तब सामने आया है जब हाल ही में उन पर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान लोगों को भड़काने और नतीजों को पलटने की कोशिश के आरोप लगे थे। बाइडेन ने एक बार फिर जोर देकर कहा कि ट्रंप का आना लोकतंत्र के लिए खतरा है। बाइडेन ने कहा कि ट्रम्प अमेरिकी इतिहास में परिणामों को स्वीकार नहीं करने वाले एकमात्र हारने वाले उम्मीदवार हैं। बाइडेन ने 6 जनवरी, 2021 के उस घटनाक्रम को भी याद दिलाया जब ट्रम्प समर्थकों ने चुनाव परिणामों को रोकने के लिए यूएस कैपिटल पर धावा बोल दिया था।

# हमास पर हमले के बीच इजरायल ने लेबनान से माफी क्यों मांगी ? हो रही थी बदनामी

**गाजा।** गाजा पट्टी में संघर्ष विराम की समाप्ति के साथ ही इजरायली सेना और हमास आतंकियों के बीच युद्ध फिर से शुरू हो गया है। आईडीएफ ने गाजा में हमास के ठिकानों पर तेजी से हमला शुरू कर दिया है। इजरायल का दावा है कि अभी भी हमास के पास उसके सैकड़ों लोग कैद में हैं।

हमास पर हमलों के बीच इजरायली सेना ने लेबनान से माफी मांगी है। मामला इजरायली अटैक में लेबनान के एक सैनिक की हत्या को लेकर है। हिजबुल्लाह के ठिकाने पर हमला के बजाय इजरायली सेना ने लेबनान की चौकी उड़ा दी। अब उसकी हर ओर बदनामी हो रही है। आईडीएफ ने सफाई में कहा है कि उसका निशाना हिजबुल्लाह था लेकिन, उसे रिपोर्ट मिली है कि हमले में कई लेबनान सैनिक हताहत हुए हैं। अब आईडीएफ मामले की जांच की बात कह रही है। 4 दिसंबर को युद्धविराम की अवधि पूरी होने जाने के बाद इजरायली सैनिकों ने गाजा में हमास आतंकवादियों के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। इस बीच, एसोसिएटेड प्रेस ने वाशिंगटन के अधिकारियों के हवाले से कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा में शामिल लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया है। दरअसल, संयुक्त राज्य अमेरिका, कतर और मिस्र, ने पहले इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम में मध्यस्थता की थी, ने कहा कि वे लंबे संघर्षविराम पर काम कर रहे थे। हालांकि, कतर द्वारा इजरायल पर नरसंहार का आरोप लगाने के बाद एक और अस्थायी संघर्ष विराम की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध में अब तक 16,000 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि गाजा के 23 लाख में से तीन-चौथाई से अधिक आबादी पलायन कर चुकी है।


**इजरायल ने लेबनान से माफी मांगी**

एक दुर्लभ बयान में इजरायल रक्षा बल आईडीएफ ने बुधवार को हमले के दौरान एक लेबनानी सैनिक की हत्या पर खेद व्यक्त किया। सेना के अनुसार, सीमा पर हिजबुल्लाह के ठिकाने का पता लगा था, जिसके बाद हमला किया गया। यह हमला हिजबुल्लाह द्वारा संभावित हमले को नष्ट करना था। आईडीएफ को एक रिपोर्ट मिली कि हमले के दौरान लेबनान की सेना के कई सैनिक घायल हो गए। उसने कहा कि हमले का निशाना लेबनानी सेना नहीं थी। उसे इस घटना के लिए खेद है और इसकी जांच की जाएगी। गौरतलब है कि इजराइल की सेना ने दक्षिणी गाजा के मुख्य शहर पर हमला शुरू किया था जो पांच सप्ताह बाद भी जारी है।

# गाजा में 'भीषण युद्ध' जारी, इजरायली वायु सेना 250 से ज्यादा ठिकानों पर हमले कर रही

**तेल अवीव, (आईएएनएस)।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि गाजा पट्टी में हमास के आतंकियों के साथ भीषण लड़ाई जारी है। इजरायली वायु सेना 250 से अधिक ठिकानों पर हमले कर रही है। द टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, एक बयान में कहा गया कि 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने मंगलवार को मध्य इजरायल पर बैराज में इस्तेमाल किए गए दो रॉकेट लॉन्चरों पर हमले का निर्देश दिया। सेना ने कहा, वायुसेना के हमलों में आतंकवादी समूहों के बुनियादी ढांचे के साथ ही हमास और इस्लामिक जिहाद के कई कार्यकर्ताओं पर भी हमला किया गया। आईडीएफ ने कहा कि केफिर ब्रिगेड ने उत्तरी गाजा में एक स्कूल के पास मौजूद हमास कार्यकर्ताओं के एक समूह को मार डाला। बाद में, सैनिकों ने क्षेत्र में एक सुरंग शाफ्ट और हथियारों को पाया और नष्ट कर दिया। आईडीएफ के अनुसार, उत्तरी गाजा के एक अन्य स्कूल में सैनिकों को हथियार भी मिले हैं।

## वर्ग पहेली 6398



**बायें से दायें:-**

१. वाक्य की बनावट, रचना, लिखने का ढंग (उर्दू)
३. ऐसा जीव जो पौधे या प्राणी को अन्य किसी पौधे या प्राणी पर या उसके अंदर रहता है और उसी को अपना आहार प्राप्त करता है
५. प्रश्न (उर्दू)
६. एक लिपि जिससे हिन्दी, संस्कृत, मराठी आदि भाषाएं लिखी जाती हैं
७. एक फल जिसे सब्जी आदि में डाला जाता है, तता चटनी भी बनती है
९. निर्माण, रचना
१०. बद्दुआ, शाप
१२. सुबह, रात की समाप्ति
१३. जिसके पति की मृत्यु हो गई हो
१४. जंगलों में निवास करने वाला
१६. काल, अवसर
१८. भेद, फासला, फर्क
२०. महिना, साल का भाग
२१. सरोवर
२३. आदेश की अवहेलना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अराध्य देव
२. निवास करना, मौजूद होना
३. सेना, फौज
४. साहस, बहादुरी, हिम्मत
५. जमीन पर रेंगने वाले प्राणी
८. सूर्य पुत्र, कर्ण
१०. इकट्ठा करना, कमाना
११. साधुवाद, वाहवाही
१२. घर, मकान, रहने की जगह
१३. जिसका अंत हो गया हो, विरक्त, लीन, मग्न
१४. अधीनस्थ
१५. वेश्या
१७. शंकर, शिव
१८. आकाश, गगन
१९. रात्रि
२२. कुबेर, कुबेर के सेवक

## वर्ग पहेली-6397

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
| णि | ■ | प | ■ | ५ मो | ह | क | ■ | र्जी | ■ |
| ६ बं | द | र | गा | ह | ■ | ७ ल | ब्ध | व | ८ र |
| ध | ■ | दा | ■ | ९ पा | त्र | ता | ■ | ■ | वि |
| ■ | १० प | र | ११ व | श | ■ | ■ | १२ अ | त्य | न्त |
| ■ | ह | ■ | र्ण | ■ | १३ प्र | ति | भा | ■ | न |
| १४ मू | ल | १५ ध | न | ■ | वा | ■ | १६ व | १७ ल | य |
| ल्यां | ■ | न्य | ■ | १८ ब | ह | १९ रा | ■ | ल | ■ |
| २० क | ले | वा | ■ | ढ़ि | ■ | २१ क्ष | यं | क | २२ र |
| न | ■ | २३ द | कि | या | नू | स | ■ | ■ | द्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आस्था

### मां वैष्णो देवी यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को अपनी ओर खिंचने के प्रयासों में जुटा श्राइन बोर्ड

# नवम्बर माह तक 88.59 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई हाजरी

**जम्मू, (देशबन्धु)। हालांकि वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड इस तीर्थस्थान पर आने वालों को अपनी ओर खिंचने के प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है पर वह पिछले कई सालों के दिसम्बर में आने वाले श्रद्धालुओं के रिकार्ड को लेकर चिंतित है। ऐसे में उसे लगता नहीं है कि वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं की संख्या वर्ष 2012 का रिकार्ड तोड़ पाएगी।**

जब 1.04 करोड़ यात्री आए थे पर उन्हें वर्ष 2013 के रिकार्ड के टूटने की उम्मीद जरूर है जब 93.23 लाख श्रद्धालु आए थे। यही कारण है कि वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों को इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के नए रिकार्ड को न छू पाने का अफसोस रहेगा क्योंकि अभी तक यात्रा में 88.59 लाख श्रद्धालु शामिल हो चुके हैं जबकि पिछले कई सालों का रिकार्ड दर्शाता है कि दिसम्बर में 6.50 लाख के करीब ही श्रद्धालु वैष्णो देवी के दर्शनार्थ आते रहे हैं। इस साल मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है। 11 माह में 88.59 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के 11 महीने की तुलना में 2.96 लाख अधिक है। वर्ष 2022 में 11 माह में 85.63 लाख श्रद्धालु दरबार पहुंचे थे।



■ **दिसम्बर में आने वाले श्रद्धालुओं के रिकार्ड को लेकर बोर्ड चिंतित**

जिस तरह से श्रद्धालुओं का उत्साह बना हुआ है, उसे देखकर लगता है कि इस वर्ष यात्रा का आंकड़ा 2013 के आंकड़े को पार कर जाएगा। वर्ष 2013 में 93.23 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। हालांकि कोरोना से मुक्ति के बाद वैष्णो देवी की यात्रा में तेजी आई थी।

तभी तो वर्ष 2021 का रिकार्ड कब का टूट चुका है। वर्ष 2021 में 55.88 लाख श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी की पिंडियों के दर्शन किए थे। वर्ष 2021 की संख्या भी सुकून देनी वाली थी क्योंकि कोरोना के कारण वर्ष 2020 में तो सिर्फ 17.20 लाख श्रद्धालु ही आ पाए थे।

यह संख्या निराश करने वाली थी। लेकिन इस साल की शुरुआत ने श्राइन बोर्ड के अतिरिक्त कटड़ा के व्यापारियों में भी नया उत्साह भरना आरंभ किया है। इस साल अभी तक जून महीने में सबसे ज्यादा श्रद्धालु आए थे। करीब 11.29 लाख श्रद्धालुओं ने जून में जो खुशी दी थी वह अभी भी कायम है। हालंकि अधिकारियों के मुताबिक, इस साल आने वालों की संख्या वर्ष 2012 का रिकार्ड शायद ही तोड़ पाए जब 104.90 लाख श्रद्धालु आए थे लेकिन यह उम्मीद जरूर बरकरार है कि वर्ष 2013 का रिकार्ड जरूर टूटेगा जब 93.24 लाख श्रद्धालुओं ने माथा टेका था। वैसे भी अभी सर्दी और शादियों के सीजन के कारण वैष्णो देवी की यात्रा में प्रतिदिन आने वालों का आंकड़ा 10-18 हजार का ही है जिसके दूसरे पखवाड़े में 50 से 60 हजार तक पहुंचने की उम्मीद इसलिए भी दिख रही है क्योंकि कटड़ा के होटलवालों के अनुसार, दिसम्बर के अंतिम सप्ताह के लिए 90 परसेंट से अधिक बुकिंगें हो चुकी हैं।

# खेल जगत

## फॉर्म नहीं, क्लास को प्राथमिकता दी जाए : ख्वाजा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से डेविड वार्नर के इस प्रारूप से संन्यास लेने के बाद अगले टेस्ट ओपनर का चयन करते समय फॉर्म के बजाय क्लास को तरजीह देने का आह्वान किया है। अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की 14-खिलाड़ियों की टीम में नामित किया गया है। अब तक वॉर्नर के बाद कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मैथ्यू रेनशॉ और मार्कस हैरिस प्रमुख दावेदार हैं। ख्वाजा ने एसईएन रेडियो पर कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मेरा अगला ओपनिंग पार्टनर कौन होगा, वास्तव में मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता। चयनकर्ता जिसे भी चुनने जा रहे हैं, वे इसलिए चुनेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि वे इस भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं उस %बैट-ऑफ़% पर भी विश्वास नहीं करता जिसके बारे में लोग अभी बात कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह निर्णय इससे कहीं अधिक पर आने वाला है।



# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जीत के लिए बल्लेबाजी अहम होगी : राहुल द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने प्रत्येक खिलाड़ी से दक्षिण अफ्रीका के एक महीने के लंबे दौरे में मैच जिताने वाला योगदान देने को कहा है। भारत रविवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20, तीन मैचों की वनडे और दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का सामना करने के लिए तैयार है। डरबन में पहले टी20 मैच में सूर्यकुमार यादव भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे. द्रविड़ का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचों पर बल्लेबाजी करना मुश्किल है और वह चाहते हैं कि बल्लेबाजों के पास जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करने के लिए गेम प्लान हो।

द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, तो, यह बल्लेबाजी करने के लिए एक चुनौतीपूर्ण जगह है; आँकड़े आपको यह बताएंगे। यह बल्लेबाजी करने के लिए अधिक कठिन स्थानों में से एक है, खासकर यहां सेंचुरियन और जोहान्सबर्ग में। विकेट कुछ-कुछ करते रहते हैं और वे ऊपर-नीचे भी होते रहते हैं। प्रत्येक बल्लेबाज के पास एक गेम प्लान होगा कि वे कैसे जाना चाहते हैं, जब तक वे इसके बारे में स्पष्ट हैं और वे इसके लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए अभ्यास कर रहे हैं, यह ठीक है। द्रविड़ ने यह भी व्यक्त किया कि अफ्रीकी महाद्वीप पर खेलने के लिए शारीरिक दृढ़ता के बजाय मानसिक दृढ़ता की आवश्यकता होगी।

हम हर किसी से एक ही तरह से खेलने की उम्मीद नहीं करते हैं। हम चाहते हैं कि वे इस बारे में स्पष्ट रहें कि उनके लिए क्या काम करता है, और फिर उस पर अमल करने में सक्षम हों। लड़के, एक बार जब वे वहां पहुंच जाते हैं, तो इसका अधिकांश हिस्सा मानसिक होता है, और मुझे लगता है, आप जानते हैं, हम कोशिश करते

■ जीत के बावजूद भारत को आगे के मुकाबलों में गलतियों से बचना होगा

हैं और इस तथ्य पर जोर देते हैं कि अगर हम आगे बढ़ते हैं, अगर हमें सेट होने का अवसर मिलता है, तो वे ऐसा करने की कोशिश करते हैं यह मैच जिताने वाला योगदान है। भारत 26 दिसंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को कभी भी विदेशी धरती पर टेस्ट श्रृंखला में नहीं हराया है।



## 'कैप्टन साहब' शुभमन गिल ने राशिद खान से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज शुभमन गिल ने ब्रिटेन में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान से मुलाकात की और वह अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) टीम के साथी को देखकर बहुत रोमांचित हुए, उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की। अफगान सनसनी ने गिल के साथ एक तस्वीर खिंचवाई, जिन्हें हाल ही में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में आश्चर्यजनक वापसी के बाद आईपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स का नया कप्तान नामित किया था। राशिद ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कप्तान साहब द्वारा रोकने के लिए धन्यवाद। राशिद की पोस्ट पर माइकल वॉन और टाइटन्स दोनों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं आईं और दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मुलाकात देखकर खुश हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे यह पसंद है। दूसरी ओर, टाइटन्स ने नज़र ना लगे लिखा, यह उम्मीद करते हुए कि उनके सितारों पर कोई बुरी नज़र नहीं होगी। राशिद की 24 नवंबर को यूनाइटेड किंगडम में पीठ के निचले हिस्से की एक छोटी सी सर्जरी हुई। अफगानिस्तान की क्रिकेट सनसनी भी पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग सीजन 13 से हट गए हैं, जिसके लिए एक छोटी सी सर्जरी की आवश्यकता है। उन्होंने अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 2023 वनडे विश्व कप में उनकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ मैचों में उनका प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

# भारत ने न्यूजीलैंड को जू. महिला हॉकी विश्व कप के रोमांचक मैच में हराया



सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक माधुरी किंडो के शूटआउट में लगातार तीन बचाव के बाद सडनडेथ में किए बेहतरीन बचाव सहित किए कुल चार गजब के बचावों और मुमताज खान के निर्णायक गोल की बदौलत अंतिम आठ की होड़ से बाहर हो चुके भारत ने न्यूजीलैंड को मंगलवार रात सांतियागो में एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023 में नौंवे से 16 स्थान के लिए खेले गए मैच मे सडनडेथ शूटआउट में 3-2 से शिकस्त दी। दोनों टीमें निर्धारित समय तक तीन-तीन से बराबर थीं। निर्धारित समय में भारत के लिए रुपानी कुमारी (आठवें मिनट), ज्योति छत्री (17 वें मिनट) और सुनीलिता टोपो (53 वें मिनट) ने जबकि न्यूजीलैंड के लिए इजाबेल स्टोरी(11 वें मिनट), मेडलिन हैरिस(14 वें मिनट) और रियाना फो(49 वें मिनट ) ने एक एकगोल किया।

इस सांस रोक देने वाले बेहद रोमांचक मुंकाबले में भारतीय जूनियर हॉकी टीम दो बार पिछड़ने के बावूजद गोल निर्धारित समय में बराबरी पाने में कामयाब रही और मैच शूटआउट में खिंच गया। शूट आउट में भारत के लिए साक्षी राणा और कप्तान प्रीति ने और न्यूजीलैंड की ओर से हाना कोटर और रिआना फो ने गोल किए और मैच सडनडेथ में खिंच गया। मुमताज ने सडनडेथ में गोल कर भारत 3-2 से जीत दिला दी। भारत की गोलरक्षक माधुरी किंडो ने शूटआउट में तीन बेहतरीन बचाव करने के बाद सडनडेथ में न्यूजीलैंड के पहले प्रयास को नाकाम किया। मुमताज खान ने सडनडेथ में अपने पहले प्रयास में गोल कर भारत को जीत दिला कर ही दम लिया।


भारत ने अपने पिछले मैच की तरह भारत की

■ गोलरक्षक माधुरी के चार बचाव व मुमताज के सडनडेथ में गोल से भारत जीता

जूनियर टीम ने बराबर न्यूजीलैंड के गोल पर दबाव बनाया। न्यूजीलैंड के जवाबी हमलों के बावजूद भारत की जूनियर टीम ने अपनी लय बनाए रखी। रूपानी कुमारी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का खाता खोला। इजाबेल स्टोरी ने तीन मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर न्यूजीलैंड को एक एक की बराबरी दिला दी। मेडलिन हैरिस ने तीन मिनट बाद बढ़िया मैदानी गोल कर न्यूजीलैंड को 2-1 से आगे कर दिया। ज्योति छत्री ने दूसरे क्वॉर्टर के छठे मिनट में बढ़िया मैदानी गोल से भारत को 2-2 की बराबरी दिला दी। रियाना ने चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोल कर न्यूजीलैंड को 3-2 से आगे कर दिया। सुनीलिता टोपो ने चार मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत को 3-3 की बराबरी दिला मैच शूटआउट में खींच दिया।

मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ज्योति छत्री ने कहा, % हमने मैच में जिस तरह वापसी की उससे हमें खुद पर फख्र है। शूटआउट में दो गोल से पिछड़ने के बाद भी हमने हार नहीं मानी। खासतौर पर गोलरक्षक माधुरी किंडो के गजब के मुस्तैद प्रदर्शन को सलाम।

# मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं : डुप्लेसी



**अबु धाबी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि टी-20 विश्वकप से पहले वह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और उन्होंने टीम के रॉब वाल्टर के साथ इस संदर्भ में बात की हैं।

डुप्लेसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से वापसी कर सकता हूं।

उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं। हमने अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के टीम संतुलन के बारे में बात की है। इसके अलावा नए कोच के साथ और कई चीज़ों के बारे में बात हुई है। उल्लेखनीय है कि डुप्लेसी ने आखिरी बार टी-20 में तीन साल पहले 2020 में और आखिरी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच फरवरी 2021 में खेला था। डुप्लेसी घरेलू स्तर के साथ-साथ दुनिया भर की टी-20 लीगों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

इसी वर्ष आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए थे। वह इस साल आईपीएल में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। हालांकि सफेद गेंद के क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर कभी संन्यास नहीं लेने के बावजूद टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करणों के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच वाल्टर ने कहा था कि डुप्लेसी, क्विंटन डिकॉक और राइली रूसो जैसे खिलाड़ियों के नाम पर अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप के लिए विचार किया जाएगा।

# रवि बिश्नोई बने आईसीसी टी-20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

नई दिल्ली, 6 दिसंबर (देशबन्धु)। मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सम्पन्न पांच टी-20 मैचों की सीरीज में सबसे ज्यादा नौ विकेट चटका कर मैन ऑफ द सीरीज रहे भारत के बड़े दिल वाले नौजवान लेग स्पिनर रवि बिश्नोई आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में कुल 699 रेटिंग अंकों के साथ दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए। 2022 में भारत के लिए टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने अब तक कुल 34 विकेट चटकाए।

भारत के रवि बिश्नोई दुनिया और अफगानिस्तान के सबसे अनुभवी और कंजूस लेग स्पिनर राशिद खान, श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा, इंग्लैंड के आदिल राशिद और श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा को पीछे छोड़ कर अपने अब तक के छोटे से अंतरराष्ट्रीय करियर में पहली बार टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हैं।

रवि बिश्नोई ने अपने घर में कुल सबसे ज्यादा नौ विकेट चटका कर भारत को मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज 4-1 से जिताने में अहम भूमिका निभाई। रवि बिश्नोई ने भारत के लिए पावरप्ले में गेंदबाजी करने के साथ रनों पर लगाम लगाने के साथ विकेट चटकाए। रवि बिश्नोई ने ऑस्ट्रेलिया की भारत में ही सम्पन्न वन डे विश्व कप में सेमीफाइनल और फाइनल की जीत के हीरो ट्रेविज हेड, विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश और ग्लेन मैक्सवेल जैसे धुरंधर बल्लेबाजों को अपना शिकार बना कर अपनी टीम को जिताने में अहम




■ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज में विश्नोई नहीं लिए थे 9 विकेट

■ टी-20 विश्वकप में विश्नोई ने ठोकी दावेदारी

भूमिका निभाई। बिश्नोई ने भले ही लेग स्पिन की बजाय अपनी गुगली पर ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई विकेट चटकाए लेकिन अब अमेरिका और वेस्ट इंडीज की संयुक्त मेजबानी में 2024 के मध्य में होने वाले आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप से पहले अब बाकी छह टी-20 मैचों में स्पिन का जाल बुन कर विकेट चटका कर खुद का इसके लिए टीम इंडिया में लेग स्पिनर के रूप में अपना मजबूत दावा पेश कर सकते हैं। अब रवि बिश्नोई के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन गेंदबाजी करने से अनुभवी लेग स्पिनर कुलदीप यादव पर आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप से पहले बाकी छह मैचों (तीन दक्षिण अफ्रीका व तीन अफगानिस्तान) में बढ़िया प्रदर्शन कर दबाव रहेगा।

# दूसरे टेस्ट की पहली पारी में न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को 172 रन पर समेटा

**मीरपुर।** न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर के तीन-तीन विकेट और एजाज पटेल के दो विकेट की बदौलत मेजबान बंगलादेश को आज यहां दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 172 रनों पर समेट दिया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों जाकिर हुसैन आठ रन, महमुदुल हसन जॉय 14 रन, मोमिनुल हक पांच रन और नजमुल शान्तो को नौ रन को 15 ओवर तक टीम के 47 स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था। मुशफिकुर रहीम 35 रन पर गेंद को हाथ से रोकने के प्रयास में आउट हुए। इसे क्रिकेट की भाषा में 'हैंडलिंग द बॉल' कहा जाता हैं। इसके साथ ही वह इस तरह आउट होने वाले पहले बंगलादेशी क्रिकेटर हैं। वह जब 41ओवर की चौथी गेंद पर आउट हुये उस समय टीम का स्कोर 104 रन था। इसके बाद शहादत हुसैन 31 रन फिलिपस के हाथों कैच आउट करा दिया। नुरुल हसन सात रन पर आउट होने वाले बंगलादेश के सातवें बल्लेबाज थे। मेहदी हसन मिराज 20 रन बनाकर आउट हुये। तैजुल इस्लाम छह रन, शोरिफुल इस्लाम 10 रन बनाकर आउट हुये। नईम हसन 13 रन बनाकर नाबाद रहे। और बंगलादेश की पूरी टीम पहली पारी में 66.2 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन विकेट लिये। वहीं एजाज पटेल के दो बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी को एक विकेट मिला।





## न्यायालयः- प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नरसिंहपुर (म.प्र.)

एमजेसी जी डब्लू नंबर 19/2023,
पेशी दि.-15.12.2023,
प्रो. न. 638/23

विराट बगैरह बनाम आम जनता

प्रति,

आम जनता, जिला- नरसिंहपुर

जो कि आवेदिका सुनंदा सोनी वेबा स्व. नीलेश कुमार सोनी, उम्र 34 साल, निवासी- शहीद भगतसिंह वार्ड, नरसिंहपुर ने अपने पुत्र विराट एवं पुत्री नव्या के नाम से दर्ज मौजा अंडिया की कृषि भूमि ख. नं. 84/2 रकवा, 0.8050 हेक्टेयर पर दर्ज भूमि को विक्रय करने की अनुज्ञा प्रदान किये जाने हेतु इस न्यायालय में धारा 31 (3) गार्जियनशिप एवं वार्डस एक्ट के अधीन इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि आवेदन पर सुनवाई हेतु दिनांक 15.12.2023 की तारीख नियत है। जो कोई व्यक्ति उपरोक्त अप्राप्तव्यय पुत्र विराट एवं पुत्री नव्या से हित रखता हो और / अथवा उसे आवेदन से कोई आपत्ति हो तो वह आगामी तारीख को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना हित/आपत्ति प्रस्तुत करें। यह नोट करें कि उपरोक्त दिनांक 15.12.2023 को यदि उपस्थित नहीं होता है तो प्रकरण एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा। उपरोक्त दिनांक 15.12.2023 को यदि किसी कारणवश अवकाश घोषित होता है तो प्रकरण उसके दूसरे कार्य दिवस पर सुना जायेगा। यह आज दिनांक 2.12.23 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आशीष कुमार मिश्रा**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय नरसिंहपुर**


# टी-20 विश्वकप के मद्देनजर अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में भाग ले : मैक्सवेल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए ताकि वे टी-20 विश्वकप की तैयारी कर सकें। मैक्सवेल ने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की नजर अब अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप पर है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके पैर चलेंगे वह आईपीएल खेलते रहेंगे। भारत से लौटकर एक सप्ताह आराम करने के बाद मैक्सवेल अब बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान के रूप में खेलेंगे। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, आईपीएल में मैं अपने करियर के आखिर तक खेलता रहूंगा। संभवतः यह मेरे करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। जब तक मैं चल-फिर सकता हूं, तब तक मैं आईपीएल खेलता रहूंगा। आईपीएल का मेरे करियर में बहुत अहम योगदान रहा है। इस टूर्नामेंट में स्तरीय खिलाड़ी और कोच हिस्सा लेते हैं, जिनसे आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आप इस टूर्नामेंट में दो महीने तक एबी डीविलियर्स और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेलते हैं, जो किसी के जीवन का भी सबसे बड़ा अनुभव होगा। मुझे उम्मीद है कि इस बार के आईपीएल में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भाग लें ताकि उन्हें टी-20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिले। अब वेस्टइंडीज में भी लगभग वही परिस्थितियां होती हैं, जैसा कि भारत में है- सूखी, धीमी पिच और स्पिनरों को अधिक मदद।

## सार संक्षेप

### कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क अब भी ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अहम गेंदबाज : हैडिन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रेड हैडिन का मानना है कि पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के पास राष्ट्रीय टीम में बने रहने के लिए अभी काफी साल हैं। फॉक्स क्रिकेट पॉडकास्ट द फॉलो ऑन पर हैडिन ने कहा, यह तिकड़ी टेस्ट क्रिकेट में बड़ा प्रभाव छोड़ सकती है। मुझे अब भी लगता है कि उनमें काफी क्रिकेट बाकी है। मुझे लगता है कि वे टेस्ट मैच के मैदान पर एक बड़ी विरासत छोड़ना चाहते हैं और मुझे लगता है कि हम इन तीनों में बहुत कुछ देखने जा रहे हैं। कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क ने खेल के कम से कम एक प्रारूप में शीर्ष रैंकिंग का दावा किया है और ये तिकड़ी वर्तमान में आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 15 गेंदबाजों में शामिल हैं। हैडिन ने आगे कहा कि तेज गेंदबाजी तिकड़ी वास्तव में एक-दूसरे की अच्छी तारीफ करती है। मुझे नहीं लगता कि हम अन्य तीन को देखने जा रहे हैं जो इन तीनों की तरह एक-दूसरे की प्रशंसा करते हैं। जब उनके पास गेंद होती है तो उनमें कोई अहंकार नहीं होता। जब उन्हें ज़रूरत होती है तो वे अलग-अलग भूमिकाएं निभाते हैं। आपके पास मिचेल स्टार्क की बाएं हाथ की गति और स्विंग है। आपके पास हेज़लवुड की ऊंचाई और सटीकता है और आपको पैट कमिंस के रूप में कप्तान मिला है, जो टीम के लिए काफी सफल और चतुर गेंदबाज हैं।

### होप्स पर टिकी है दिल्ली की होप

नई दिल्ली। देर से ही सही दिल्ली की फुटबॉल का ग्राफ दिन-पर-दिन और मैच-दर-मैच ऊपर चढ़ रहा है। सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिल्ली के पुरुष खिलाड़ियों के बाद अब महिला खिलाड़ी भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिसका बड़ा प्रमाण है 'होप्स' फुटबॉल क्लब।

# नौ ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन ब्रिस्बेन इंटरनेशनल 2024 में खेलेंगे

ब्रिस्बेन। राफेल नडाल, एंडी मरे, नाओमी ओसाका, आर्यना सबालेंका, एलेना रिबाकिना, जेलेना ओस्टापेंको, विक्टोरिया अजारेंका, सोफिया केनिन और स्लोएन स्टीफंस ब्रिस्बेन में 2024 सीज़न की शुरुआत करने वाले विश्व स्तरीय लाइन-अप में शामिल हैं। चार शीर्ष-20 पुरुष ब्रिस्बेन के लिए बाध्य हैं, जिनमें विश्व नंबर 8 होल्गर रूण भी शामिल हैं। नेक्स्ट जेन सुपरस्टार के साथ विश्व नंबर 14 और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल 2017 चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव, विश्व नंबर 17 बेन शेल्टन और विश्व नंबर 20 उगो हम्बर्ट भी शामिल होंगे।

विश्व की शीर्ष 20 में से आठ महिलाएँ डब्लूटीए 500 प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। अविश्वसनीय लाइन-अप में पूर्व विश्व नंबर 1 और तीन बार की ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन कैरोलिना प्लिस्कोवा के साथ-साथ ब्रिस्बेन 2020 फाइनलिस्ट और विश्व नंबर 12 मैडिसन कीज़ भी शामिल हैं। प्लिस्कोवा अजारेंका, मरे और दिमित्रोव के साथ इस क्षेत्र के चार पूर्व चैंपियनों में से एक है।

स्थानीय प्रशंसक पुरुष एकल प्रतियोगिता में एलेक्सी पोपिरिन, मैक्स परसेल और जॉर्डन थॉम्पसन का समर्थन करने में सक्षम होंगे, गोल्ड कोस्ट स्टार किम्बर्ली बिरेल को महिला एकल मुख्य ड्रॉ में वाइल्डकार्ड प्राप्त होगा। सितंबर में करियर की सर्वोच्च डब्ल्यूटीए रैंकिंग 100 पर पहुंचने वाले बिरेल ने कहा, मैं 2024 ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में खेलकर अपने साल की शुरुआत करने को लेकर रोमांचित हूं। मेरे पास टूर्नामेंट से बहुत सारी अविस्मरणीय यादें हैं।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर
### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. / अ-20(1) वर्ष/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन 2020 के तहत स्थायी पट्टाधिकार को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 07/12/2023 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिए गए हों या वैद्य प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | क्षेत्रफल वर्गफुट में | विधमान अभिलेख में अंकित धारक/धारकों का नाम/पिता/माता/पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 08 | कंदेली | 13/8 | 2380 वर्गफुट | वीरेन्द्र सिंह आ. खुमान सिंह निवासी सुभाष पार्क इंद्रा वार्ड नरसिंहपुर | वीरेन्द्र सिंह आ. खुमान सिंह निवासी सभुष पार्क इंद्रा वार्ड नरसिंहपुर |

आज दिनांक- 22/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **अखण्ड भारत जनलोक पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय का पता-लालमणि कुशवाहा मकान नं. 620, ग्राम उमरी जनपद पंचायत सिरमौर तह. सिरमौर जिला रीवा 486448 (म.प्र.) में स्थित है इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29क के आधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है पारट्री के पदाधिकारी के नाम / पता नीचे दिए गए हैं।

**1.** सभापति / अध्यक्ष - योगेश सिंह कुशवाहा पता ग्राम डेडवारा कौरव किराना स्टोर के सामने झिरना रोड नरसिंहपुर म.प्र.। **2.** महासचिवः - देशराज कुशवाहा पता ग्राम कोकलपुर, तह. बेगमगंज जिला रायसेन म.प्र.। **3.** कोषाध्यक्ष - गुंजन कुशवाहा पता ग्राम डेडवारा कौरव किराना स्टोर के सामने झिरना रोड नरसिंहपुर म.प्र.। **4.** उपाध्यक्ष - लालमणि कुशवाहा पता मकान नं 620 ग्राम उमरी सिरमोर रीवा म.प्र.।

यदि किसी को अखण्ड भारत जनलोक पार्टी के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों और साक्ष्यों सहित सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड नई दिल्ली 110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

**भवदीय**
**योगेश सिंह कुशवाहा**
**पता ग्राम डेडवारा कौरव किराना के सामने,**
**झिरना रोड जिला नरसिंहपुर (म.प्र.). मो. 8085408211**


## सुडोकू 6398 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 7 |


पर



# अर्थ जगत

## रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.32 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी के रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के सतत पूंजी प्रवाह के बीच बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.32 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से स्थानीय मुद्रा की बढ़त सीमित रही। निवेशकों के भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले सतर्क रहने से रुपये ने सीमित दायरे में ही कारोबार किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.35 पर खुला।



## केंद्र सरकार ने 100 से अधिक वेबसाइट पर लगाया ताला, पार्ट टाइम जॉब के नाम पर करते थे धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** संगठित अवैध निवेश और कार्य-आधारित अंशकालिक नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 से अधिक वेबसाइट को केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद बंद कर दिया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इन वेबसाइट का संचालन विदेश में बैठे लोग कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय की एक इकाई 'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' (14सी) ने अपनी 'राष्ट्रीय साइबर अपराध जोखिम विश्लेषण इकाई' (एनसीटीएयू) के जरिए पिछले साल संगठित निवेश और कार्य आधारित अंशकालिक नौकरी (टास्क बेस्ड पार्ट टाइम जॉब) के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 से अधिक वेबसाइट की पहचान की थी और उन्हें बंद किए जाने की सिफारिश की थी। बयान में कहा गया है कि इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर इन वेबसाइट्स को बंद कर दिया है। ऐसी जानकारी मिली है कि आर्थिक अपराध से संबंधित कार्य आधारित संगठित अवैध निवेश से जुड़ी इन वेबसाइट का संचालन विदेश में बैठे लोग कर रहे थे और ये डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और फर्जी खातों का इस्तेमाल कर रहे थे।

# नवंबर में 10 प्रतिशत महंगी हुई शाकाहारी थाली, अनियमित बारिश और त्यौहारी मांग रही मुख्य वजह

*__नई दिल्ली।__ नवंबर में वेज थाली के दाम में और इजाफा देखने को मिला है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक, अनियमित बारिश के कारण खरीफ सीजन में कम उत्पादन और त्योहारी सीजन में अधिक मांग के कारण भारत में वेज थाली की कीमत अक्टूबर की तुलना में नवंबर में 10 प्रतिशत बढ़ गई। नॉन-वेज थाली की कीमत में मासिक आधार पर 5 फीसदी का उछाल आया।*



**प्याज और टमाटर की कीमतें बढ़ने से महंगी हुई वेज थाली-** अपने रोटी राइस रेट इंडेक्स में, क्रिसिल ने कहा कि वेज थाली की कीमत में बढ़ोतरी के लिए प्याज की कीमतों में 58 प्रतिशत और टमाटर की कीमतों में 35 प्रतिशत की वृद्धि जिम्मेदार थी। पिछले साल नवंबर की तुलना में वेज थाली की कीमत में 9 फीसदी का बदलाव आया है।

क्रिसिल ने कहा, प्याज और टमाटर की कीमतों में क्रमशः 93 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की वृद्धि के कारण वेज थाली की कीमत सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़ गई। दालों की कीमतों में भी सालाना आधार पर 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दालें, वेज थाली की कीमत में 9 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है। एक वेज थाली में आमतौर पर रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होता है। क्रिसिल उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर घर पर थाली तैयार करने की औसत लागत की गणना करता है। मासिक बदलाव से आम आदमी के खर्च पर असर दिखता है। डेटा से अनाज, दालें, ब्रॉयलर, सब्जियां, मसाले, खाद्य तेल और रसोई गैस सहित उन सामग्रियों का भी पता चलता है, जो थाली की कीमत में बदलाव लाते हैं।

**नॉन-वेज थाली के दाम 5 प्रतिशत बढ़े-** नॉन-वेज थाली की कीमत में मासिक आधार पर 5 फीसदी का उछाल आया। ब्रॉयलर की कीमतों में गिरावट के कारण नॉन-वेज थाली की कीमतों में वृद्धि कम थी।

ब्रॉयलर की कीमतें एक नॉन-वेज थाली की कुल लागत का 50 प्रतिशत है। नॉन-वेज थाली के घटक वेज थाली के समान ही होते हैं, बस दाल की जगह पर चिकन को रखा गया है। पिछले साल नवंबर की तुलना में नॉन-वेज थाली की कीमत में कोई बदलाव नहीं आया। टमाटर और ब्रॉयलर की कीमतों में गिरावट के कारण अक्टूबर में वेज और नॉन-वेज थालियों की कीमत सितंबर की तुलना में 1 प्रतिशत और 3 प्रतिशत कम हो गई।

भारत में फूड इंफलेशन को कम करने के लिए, केंद्र सरकार नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, केंद्रीय भंडार और राज्य-नियंत्रित सहकारी समितियों के माध्यम से 25 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर प्याज बेच रही है।

## शनिवार को अवकाश समेत हफ्ते में पांच दिन कामकाज की मांग कर रहे बैंक

*__नई दिल्ली।__ भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने औपचारिक रूप से सभी शनिवार को आधिकारिक अवकाश के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शनिवार को संसद में इस बात की पुष्टि की।*

इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) द्वारा पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लागू करने की मांग के बारे में पूछे जाने पर वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा कि आईबीए ने इस संबंध में एक प्रस्ताव मिला है। 2015 के बाद से भारत में बैंकों ने हर महीने के दूसरे और अंतिम चौथे शनिवार को सार्वजनिक अवकाश मनाया है। सार्वजनिक बैंकों द्वारा पांच दिवसीय कार्य सप्ताह (हफ्ते में पांच दिन दफ्तर का काम) की मांग लंबे समय से की जा रही है।




**15 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार देता है बैंक क्षेत्र-** आईबीए देश में बैंकों का बड़े पैमाने पर प्रतिनिधित्व करता है। इसमें सार्वजनिक और निजी बैंक, भारत में विदेशी बैंक, सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सभी भारतीय वित्त संस्थान शामिल हैं। बैंक क्षेत्र 15 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देता है। हालांकि, वित्त मंत्रालय के जवाब में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि क्या प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है या निकट भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है। **पांच दिवसीय कार्य सप्ताह में बढ़ेंगे कामकाज के घंटे-** इसकी जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो काम के घंटे बढ़ाने के साथ-साथ पांच दिवसीय कार्य सप्ताह में बदलाव किया जा सकता है।

## एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध एसएमई कंपनियों ने पार किया एक लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण

*__मुंबई।__ भारत के अग्रणी स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने पहली बार एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर एक लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण देखा। 2012 में अपनी स्थापना के बाद से, एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म ने हमारे देश के बढ़ते छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए एक व्यवहार्य और टिकाऊ अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में काम किया है। आज तक, 397 कंपनियां 7,800 करोड़ से अधिक की फंड जुटाने के साथ एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध हुई हैं।*

वर्ष 2017 में लॉन्च किया गया निफ्टी एसएमई इमर्ज इंडेक्स, जिसमें वर्तमान में 19 क्षेत्रों की 166 कंपनियां शामिल हैं, ने नवंबर 2023 तक 39.78 प्रतिशत का सीएजीआर दिखाया है, जो एक उल्लेखनीय ट्रैक रिकॉर्ड और हमारे देश के समग्र आर्थिक विकास में एसएमई क्षेत्र के बढ़ते योगदान को दर्शाता है। इस साल की शुरुआत में, एनएसई ने नियामक अनुपालन के व्यापक सीखने के चरण के साथ उच्च गुणवत्ता वाली कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए अपने मेनबोर्ड प्लेटफॉर्म पर एसएमई सूचीबद्ध कंपनियों के प्रवास पर अपने एनएसई इमर्ज मानदंड को मजबूत किया था। फिलहाल इसमें कंपनियां हैं। एनएसई के मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने कहा, एनएसई की उभरती सूचीबद्ध कंपनियों का एक लाख करोड़ बाजार पूंजीकरण को पार करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह भारतीय एमएसएमई की छिपी हुई क्षमता को प्रदर्शित करता है जो हमारे देश की आर्थिक वृद्धि की प्रेरक शक्ति रही है। एनएसई में हम आगामी संगठनों के लिए धन जुटाने के अवसरों को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि वे अपनी विकास कहानियों को चार्ट कर सकें और पूंजी बाजार को अधिक सुलभ बना सकें। हम भारतीय एमएसएमई से एनएसई इमर्ज के माध्यम से पूंजी जुटाने के वैकल्पिक स्रोत का पता लगाने का आग्रह करते हैं।

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर

*__मुंबई।__ स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 358 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कारोबारियों के अनुसार, सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एलएंडटी में लिवाली के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी रही। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी धारणा मजबूत हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 357.59 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 69,653.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 69,744.62 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.60 अंक यानी 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 20,937.70 अंक पर बंद हुआ।*

मुद्रास्फीति में नरमी और अमेरिकी तथा भारतीय बाजारों में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों के बाजार में लौटने से भी मजबूती मिल रही ह कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बाद वैश्विक स्तर पर दबाव कम होने से भी भारतीय बाजार में आकर्षण बढ़ा। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 लाभ में जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 30 शेयर लाभ में रहें। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो में सबसे ज्यादा 3.85 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा आईटीसी, एलएंडटी, टीसीएस, टाटा मोटर्स, नेस्ले इंडिया, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ से नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।




## मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक शुरू, रेपो रेट में नहीं हो सकता है बदलाव



*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन चलने वाली बैठक बुधवार को शुरू हुई। यह माना जा रहा है कि एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर रेपो को यथावत रख सकती है।*

इसका प्रमुख कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का उम्मीद से अधिक होना और मुद्रास्फीति में नरमी है। आरबीआई ने पिछली चार मौद्रिक नीति समीक्षाओं में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया।

अंतिम बार फरवरी में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। इसके साथ रूस-यूक्रेन युद्ध और उसके कारण वैश्विक आपूर्ति बाधित होने से महंगाई बढ़ने के कारण मई, 2022 से शुरू हुआ नीतिगत दर में वृद्धि का सिलसिला एक तरह से थम गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास छह सदस्यीय एमपीसी के निर्णय की घोषणा आठ दिसंबर को करेंगे। एमपीसी से अपेक्षा के बारे में इक्रा की प्रमुख अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में जीडीपी आंकड़ा मौद्रिक नीति समिति के पिछले अनुमान से अधिक रहा है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति से संबद्ध विभिन्न पहलुओं को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने कहा, ''इन सबको देखते हुए हमारा अनुमान है कि एमपीसी दिसंबर, 2023 की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रख सकती है। हालांकि, मौद्रिक नीति का रुख आक्रामक हो सकता है।'' डॉयचे बैंक रिसर्च के अनुसार, आरबीआई 2023-24 के लिए सकल घरेलू उत्पाद के पूर्वानुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर सकता है जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान को 5.4 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखे जाने की संभावना है। उसने कहा, ''आरबीआई संभवत: रेपो दर और रुख को अपरिवर्तित रखेगा। साथ ही नकदी की स्थिति को सख्त बनाये रख सकता है। आरबीआई यह सुनिश्चित करेगा कि अल्पकालिक दर 6.85-6.90 प्रतिशत के आसपास बनी रहे।'' विनिर्माण, खनन और सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के साथ देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 7.6 प्रतिशत रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत थी। इसके साथ भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना हुआ है। एसकेए ग्रुप के निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि कुछ समय से आरबीआई लगातार नीतिगत दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखे हुए है। यह आर्थिक परिदृश्य को लेकर आरबीआई के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा, ''मुद्रास्फीति में नरमी को देखते हुए इस बार भी उम्मीद है कि? आरबीआई रेपो दर को स्थिर रखेगा, इससे संभावित घर खरीदारों को लाभ होगा।'' उल्लेखनीय है कि मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में घटकर 4.87 प्रतिशत रही। एमपीसी ने अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में खुदरा मुद्रास्फीति 2023-24 में 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।

## रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची वाहनों की खुदरा बिक्री, फाडा ने जारी किए आंकड़े



*__नई दिल्ली।__ भारत में मोटर वाहन की खुदरा बिक्री नवंबर में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस दौरान यात्री वाहन और दोपहिया खंडों की बिक्री सबसे अधिक रही। वाहन डीलर के निकाय फाडा ने मंगलवार को यह बात कही। कुल खुदरा बिक्री नवंबर में 18 प्रतिशत बढ़कर 28,54,242 इकाई रही, जो नवंबर 2022 में 24,09,535 इकाई थी। यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 3,60,431 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 3,07,550 इकाई थी।*

इसी तरह दोपहिया वाहनों का पंजीकरण पिछले महीने 21 प्रतिशत बढ़कर 22,47,366 इकाई हो गया, जो पिछले साल नवंबर में 18,56,108 इकाई था। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, '' नवंबर 2023 में भारतीय मोटर वाहन खुदरा उद्योग के लिए एक ऐतिहासिक महीना बन गया है। इस महीने 28.54 लाख वाहन बेचे गए। इससे पहले मार्च 2020 में सर्वाधिक 25.69 लाख वाहन बेचे गए थे।'' उन्होंने कहा कि दोपहिया और यात्री वाहन खंड ने पिछले महीने नए रिकॉर्ड बनाए। सिंघानिया ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में 22.47 लाख वाहनों की बिक्री देखी गई। यह मार्च 2020 के पिछले उच्च स्तर से 1.77 लाख अधिक है। यात्री वाहन श्रेणी में 3.6 लाख इकाइयां बेची गईं, जो अक्टूबर 2022 के पिछले उच्च स्तर से 4,000 इकाइयां अधिक है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने पीवी की बिक्री दीपावली और नए और आकर्षक मॉडल जारी होने से बढ़ी। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने बढ़कर 99,890 इकाई हो गई।

## टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यूइंट्रा वी70 पिकअप, इंट्रा वी20 गोल्ड पिकअप और ऐसएचटी+ लॉन्च किया

*__मुंबई।__ भारत में कमर्शल वाहनों के सबसे बड़े निर्माता टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यूइंट्रा वी70, इंट्रा वी20 गोल्डऔर ऐसएचटी+को लॉन्च किया है। कंपनी ने माल या सामान को प्रभावी ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह गाड़ियां पेश की हैं। इन नए वाहनों को भारी सामान कम लागत में लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है।*

इन वाहनों में अपनी श्रेणी के बेहतरीन फीचर्स हैं। इन गाड़ियों का प्रयोग कई कामों के लिए किया जाता है। यह शहरों और गांवों में ट्रांसपोर्टर्स को बेहतर मुनाफा और उत्पादकता मुहैया कराती है। टाटा मोटर्स ने लोकप्रिय इंट्रावी50 और ऐस डीजल व्हीकल्स का नया वर्जन लॉन्च किया। इसे स्वामित्व की कम लागत के साथ ईंधन की कम खपत करने के लिए फिर से बनाया गया है। नई गाड़ियों के लॉन्चि के साथ टाटा मोटर्स ने नए कमर्शल वाहन और पिकअप की बड़ी रेंज पेश की है। इससे उपभोक्ता अपनी जरूरतों के हिसाब से आदर्श वाहन पसंद कर सकते हैं। अब देश भर में इन वाहनों की बुकिंग टाटा मोटर्स सीवी डीलरशिप पर खुल गई है। टाटा मोटर्स के एक्जींक्यू टिव डायरेक्टसर गिरीश वाघने इन वाहनों को लॉन्च करते हुए कहा, तरह-तरह का सामान इधर से उधर ले जाने के लिए ये वाहन आदर्श समाधान मुहैया कराते हैं। हमारे



छोटे कमर्शल वाहन और पिकअपउपभोक्ताओं को उनकी कमाई कासाधन मुहैया कराते हैं। इन वाहनों को अपने उपभोक्ताओं की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। आज लॉन्च की गई गाड़ियों में प्रमुख फीचर्स जोड़े गए हैं। जिन लोगों को अपने सामान को काफी प्रभावी ढंग से इधर से उधर पहुंचाने की जरूरत होती है, उनकी तरफ से इस तरह के व्हीकल्स की काफी डिमांड है। ईंधन की खपत को कम से कम रखने के लिए इन गाड़ियों को डिजाइन किया गया है। इससे लंबी दूरी तक ज्यादा माल पहुंचाया जा सकता है। तेजी से बढ़ते शहरीकरण, फलती- फूलती ई-कॉमर्स की व्यवस्था, खपत में बढ़ोतरी, एक हब पर केंद्रित माल के वितरण का मॉडल विकसित हुआ है, लेकिन अब तक माल को बेहतरीन ढंग से एक जगह तक पहुंचाने में सक्षम और प्रभावी ट्रांसपोर्टेशन को उतना महत्व नहीं दिया गया है।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62700 चांदी रिफाइन - 75900

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62700 चांदी रिफाइन - 75900


### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 32 |
| एक यूरो | 89. 84 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104 .90 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54·81 |
| एक जापानी येन | 00· 56 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 80 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 120 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5880, 10 एम एम 5760,12 एम एम, 5700 एवं 16 एम 5700 रु.। तार- 76 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

मुंबई की फार्मा कंपनी को जबलपुर ब्रांच हेतु
**आवश्यकता है**
उम्र 18 से 27, योग्यता- 12वीं, ग्रेजुएट
Posts-Computer Operator Accountant, Office Ass., HR, Advisor, Health Advisor, Admin.
MO: - 7880251021
8767693588


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# तूफान मिचौंग का असर, प्रदेश के कई जिलों में हो रही बारिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** बंगाल की खाड़ी से उठे तूफान मिचौंग का असर मप्र में देखने को मिल रहा है। जबलपुर में दोपहर में हल्की बारिश का दौर शुरु हो गया, वहीं भोपाल, रीवा, चंबल संभाग के साथ-साथ छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में कोहरा छाया रहा, सर्द हवाएं चलती रही। मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर में बुधवार को अधिकतम तापमान 21.7 जो सामान्य से 5 डिग्री कम है। इससे कहा जा सकता है कि रूक रूककर होने वाली बूंदाबांदी से मौसम में ठंडक घुल गई है। लोग ठंड से बचने के लिये अंगीठी का सहारा ले रहे हैं। पिछले 24 घंटों में 0.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अगले 24 घंटे में जिले में कहीं कहीं पर वर्षा की संभावना जताई गई है। अभी उत्तर से पूर्व की ओर चलने वाली हवाएं 3 से 4 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही हैं।

मौसम विशेषज्ञों की माने तो तूफान मिचौंग का ज्यादा असर जबलपुर व शहडोल संभाग में है, बुधवार दोपहर में जबलपुर सहित बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी, शहडोल, उमरिया, डिडौंरी व अनूपपुर जिले में हल्की बारिश का दौर शुरु हो गया है। इसके पहले मंगलवार को प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बादल छाए रहे। जबलपुर में घना कोहरा छाया रहा, इसके बाद धूप निकली और आज से बारिश का दौर शुरु हो गया। मौसम विज्ञानिकों ने बताया कि मप्र में सात दिन से पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन व ट्रफ लाइन के कारण बारिश हुई है। ऐसा भी कहा जा रहा है कि 11-12 दिसम्बर से एक बार फिर बारिश का दौर शुरु होगा।

## सर्द हवाओं से कांपा प्रदेश

**इंदौर में 10 साल में पहली बार दिन में इतनी ठंड**

मौसम में परिवर्तन ने शहरवासियों को ठंड से कंपकंपा दिया है। दिन और रात के तापमान में सिर्फ 2.5 डिग्री का अंतर बचा है। इंदौर में ठंड का जोर कायम है। शहरवासी गर्म कपड़ों के बिना घर से बाहर भी नहीं निकल पा रहे हैं। मंगलवार को दिन का तापमान 20 डिग्री रहा। यह सामान्य से 9 डिग्री कम है। वहीं सोमवार रात का तापमान 17.5 डिग्री रहा। इस तरह दिन और रात के तापमान में सिर्फ 2.5 डिग्री का अंतर बचा। इंदौर में मंगलवार को दिनभर सर्द हवाएं चलती रही। लोग ठंड से ठिठुरते रहे।

स्कूलों में भी छोटी कक्षाओं के बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। ठंड की वजह से बाजारों में भी असर दिखा और लोग खरीदारी के लिए कम निकले। राजबाड़ा, सराफा जैसे बाजारों में शाम और रात के समय कम भीड़ दिखी।

# दूषित भोजन से बीमार पड़ी चार छात्राएं, छिंदवाड़ा में कराया गया भर्ती, तीन की हालत गंभीर



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के चौरई के अनुसूचित जाति छात्रावास में चार छात्राएं फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि इसमें 3 छात्राओं की हालत नाजुक बनी हुई है। इधर, बीएमओ ने छात्राओं की गंभीर हालत को देखते हुए छिंदवाड़ा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। छात्रावास में इस घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ है। बीती रात बीएमओ को घटना की जानकारी लगते ही वह छात्रावास पहुंचे और तत्काल पीड़ित छात्राओं को छिंदवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। बीएमओ ने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया है।

बताया जा रहा है कि अभी 3 छात्राओं की हालत नाजुक बनी हुई है। खाना खाने के बाद छात्राओं को उल्टियां होने लगी, तब सबसे पहले उन्हें अपने साथ रहने वाली साथी छात्राएं उन्हें प्राइवेट क्लिनिक लेकर पहुंची, जहां से उन्हें शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा अस्पताल में भर्ती फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुई छात्राओं की हालत रात में भोजन करने के बाद बिगड़ने लगी थी। जिसके बाद हड़कंप मच गया।

बिगड़ती हालत को देखते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से अस्पताल पहुंचाया गया। जिले प्रशासन ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिये हैं।

# तेंदूए-बाघ का शिकार करने वाले को डिण्डौरी वन विभाग ने पकड़ा

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी वन परिक्षेत्र की टीम ने बुधवार को आदतन शिकारी को गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपी 6 माह से फरार था। उसे टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर के हवाले किया गया है।



शिकारी को मंडला जिले के वन ग्राम दादर घुघरी से गिरफ्तार किया गया है। शिकारी पर तेंदुए, बाघ सहित अन्य वन्य प्राणियों के शिकार का आरोप है। जानकारी के अनुसार डिंडौरी वन परिक्षेत्र अधिकारी अतुल सिंह ने बताया कि आरोपी शिकारी राधे सिंह पर कई जगहों पर वन्य प्राणियों के शिकार के अपराध दर्ज हैं। वन विभाग और टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर को कई महीन से इसकी तलाश थी। जिसके लिये वन विभाग ने अपने सूचना तंत्र को अलर्ट किया था। सूचना मिलने के बाद आरोपी शिकारी को पकड़ने के लिए टीम ने उसे मंडला, बालाघाट में भी खोजा। इसके बाद टीम को जानकारी मिली कि मंडला के वन ग्राम दादर घुघरी से राधे सिंह को डिंडौरी लाया गया है, आरोपी शिकारी से शिकार की सामग्री बरामद कर उसे टाइगर स्ट्राइक फोर्स जबलपुर के हवाले कर दिया गया है। शिकारी को पकड़ने में शिव भजन गोप, शोभित राम वनवासी, पुन्नू लाल धुर्वे, अमृत सिंह मसराम, मान सिंह मरावी, राजेश कुमार परते की भूमिका रही।

# महाप्रबंधक जबलपुर-सागर का विंडो निरीक्षण करेंगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय आज गुरूवार को जबलपुर-कटनी-सागर का विंडो निरीक्षण करेंगी। जीएम स्पेशल ट्रेल से सुबह 8 बजे जबलपुर से रवाना होंगी। न्यू कटनी जंक्शन में वह और उनकी तकनीकी टीम भी साथ में रहेगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार न्यू कटनी जंक्शन और सागर के बीच तीसरी लाइन को स्थापित किया जा रहा है। उसमें अभीतक कितना कार्य हुआ है और कितना कार्य शेष बच हुआ है, उन सभी पर अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। महाप्रबंधक के साथ प्रमुख परिचालन प्रबंधक सीके वेणुगोपाल, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश मंडल रेल प्रबंधक विवेकशील के साथ ही साथ तकनीकी अधिकारियों की टीम के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों की टीम भी साथ में रहेगी।



प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश, सीसीएम रवीन्द्र श्रीवास्तव ने वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, विश्व रजंन को निर्देशित किया है कि स्टेशन परिसर और कटनी, दमोह, सागर में सभी स्टेशनों में कर्मचारियों द्वारा निर्धारित मापदंड का पालन किया जाए और सभी संबंधित कर्मचारी निर्धारित यूनीफॉर्म में विभागीय कार्यों को संपादित करें।

मुख्य स्टेशन जबलपुर, कटनी, दमोह, सागर में वैसे तो साफ-सफाई नियमित करायी जाती है परंतु जीएम के निरीक्षण को लेकर इस कार्य के अलावा प्लेटफॉर्मों में बेचे जाने वाली खाद्य पदार्थ पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 76

मीडियम ब्रॉयलर - रु.96

छोटा ब्रॉयलर - रु. 106

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 110

मुर्गा मीडियम - रु. 100

मुर्गा बड़ा - रु. 80

मुर्गा जम्बो - रु. 66

मो.-9039925000, 9425800409

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या का कटनी में विरोध प्रदर्शन

**कटनी, देशबन्धु।** जयपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की बीते दिनों घर में घुसकर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के बाद देश के संपूर्ण राजपूत समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया है। इसके विरोध में कई प्रदेशों में धरना व विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। जिससे इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। विरोध प्रदर्शन मप्र में भी दिखने लगा, जहां राजपूत समाज के लोगों ने जबलपुर व कटनी में भी विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। कटनी जिले में राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या करने के विरोध में राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने रोष जताया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कचहरी चौराहे में बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह ने बनाया 210 मेगावाट बिजली बनाने का रिकार्ड

## वित्तीय वर्ष में दूसरी बार बनी शतक वीर



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट ने 5 दिसंबर को 100 दिन सतत् उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यह यूनिट इस वर्ष 27 अगस्त से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है।

इस यूनिट ने इससे पूर्व इस वर्ष10 मई को भी 100 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने की उपलब्धि हासिल की थी। एक कैलेण्डर व वित्तीय वर्ष में 210 मेगावाट की यूनिट ने दूसरी बार 100 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है।

विभिन्न मापदंडों में भी मिली उपलब्धि-210 मेगावाट की यूनिट ने जब 5 दिसंबर को दूसरी बार 100 सतत् विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विभिन्न मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। यूनिट ने 100.7 फीसदी पीएएफ, 99.14 फीसदी पीएलएफ व 9.14 फीसदी ऑक्जलरी खपत की उपलब्धि हासिल की। यह यूनिट वर्तमान में भी सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है।

**प्रमुख सचिव व एमडी ने दी बधाई**

मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों को 100 दिन सतत् विद्युत उत्पादन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के कीर्तिमान अर्जित करने के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की, कि भविष्य में भी 210 मेगावाट की यूनिट विद्युत उत्पादन के नए कीर्तिमानों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि कम्पनी के थर्मल पॉवर प्लांट की वर्तमान में संचालित 12 इकाइयों में से यह ऐसी 9 वीं यूनिट है जिसे वर्तमान वित्तीय वर्ष में 100 से अधिक दिनों से सतत् संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि है।

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888,89

FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)

16 seater Recliner Theatre Available for Private Screening for Families and Groups

BOOK NOW. 6232124487

ANIMAL

08:10 AM 09:30 AM

11:00 AM 12:00 PM

01:30 PM 02:45 PM

03:45 PM 05:30 PM

06:30 PM 07:30 PM

09:30 PM 09:30 PM

10:30 PM 11:30 PM









12TH FAIL 05:45 PM

TIGER-3 12:00 PM

SAMबहादुर

08:10 AM 09:15 AM

03:00 PM 08:30 PM

11:25 PM

**आसान किस्तों में उपलब्ध**

**मिश्रा इन्टरप्राइजेज**

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।

441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर

मो. 9200000162 फोन- 2626496







आज़ादी का अमृत महोत्सव

**"जो लौट के घर न आये"**

**अपनी सशस्त्र सेनाओं के शहीदों, विधवाओं, भूतपूर्व सैनिक एवं आश्रितों के कल्याण हेतु दान दें**

**सशस्त्र सेना झण्डा दिवस**

**07 दिसम्बर**



राज्यपाल, मध्यप्रदेश
GOVERNOR OF MADHYA PRADESH

राज भवन
भोपाल-462052
RAJ BHAVAN
BHOPAL-462052

**संदेश**

हर्ष का विषय है कि संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश 7 दिसम्बर 2023 को सशस्त्र सेना दिवस मना रहा है। झंडा दिवस सशस्त्र सेनाओं की प्रतिबद्ध सेवाओं के प्रति सम्मान प्रदर्शन की सराहनीय पहल है। सभी शहीद परिजन, पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की ढेर सारी मंगल कामनाएं और बधाई।

शहीदों के परिजन और उनके आश्रित राष्ट्र समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। झंडा दिवस सशस्त्र सेनाओं के त्याग और बलिदान के प्रति आत्मीय अभिवादन का पुनीत अवसर है। विपरीत परिस्थितियों में सीमाओं की प्रतिरक्षा करने वाले सैनिकों का कल्याण देश समाज का परम कर्तव्य है। सरकार द्वारा सशस्त्र सेना के शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए अनेक योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए हैं। इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। झंडा दिवस पर एकत्रित राशि शहीदों के परिजन, पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं के सुचारु और प्रभावी क्रियान्वयन में मददगार होगी।

मेरा सभी प्रदेशवासियों से विनम्र अनुरोध है कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस आयोजन में सहभागी बनें। इस पावन प्रसंग पर पवित्र भावना के साथ आगे बढ़कर अधिक से अधिक राशि का अंशदान दें।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(मंगुभाई पटेल)

Contribute to Armed Forces Flag Day Fund MP

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें

यह राशि आयकर की धारा 80(G)VI के अंतर्गत कर मुक्त होगी।

संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश, भोपाल

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023

D-11152/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी